संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



गुजरात से विशेष रथ से 500 किलो का विशाल नगाड़ा बुधवार को रामनगरी पहुंचा।

राष्ट्रीय दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 12 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group






फास्ट न्यूज

## राष्ट्रपति ने प्रदान किए 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2023' पुरस्कार

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को भारत मंडपम में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 पुरस्कार प्रदान किए। इंदौर और सूरत संयुक्त रूप से देश के सबसे स्वच्छ शहर घोषित किये गये। यहां 13 पुरस्कार विजेताओं को स्वच्छ शहर, सबसे स्वच्छ छावनी, सफाई मित्र सुरक्षा, गंगा टाउन और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य की श्रेणियों के अंतर्गत सम्मानित किया गया। इस वर्ष सबसे स्वच्छ शहर पुरस्कार की श्रेणी में दो शहरों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। बंदरगाहों के शहर सूरत ने भी इस बार इंदौर के साथ शीर्ष सम्मान हासिल किया। इससे पहले इंदौर ने लगातार 6 वर्षों तक अकेले शीर्ष स्थान हासिल किया था। एक लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में सासवड़, पाटन और लोनावला ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। मध्य प्रदेश के महू छावनी बोर्ड को सबसे स्वच्छ छावनी बोर्ड घोषित किया गया। वाराणसी और प्रयागराज ने सबसे स्वच्छ गंगा टाउन्स में शीर्ष दो पुरस्कार जीते। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य की श्रेणी में शीर्ष तीन पुरस्कार जीते। साथ ही चंडीगढ़ को सर्वश्रेष्ठ सफाईमित्र सुरक्षित शहर का पुरस्कार मिला। मध्यम और छोटे शहरों को 20 क्षेत्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

## देश का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19 फीसदी बढ़कर 14.70 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली:** वित्त वर्ष 2023-24 में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सलाना आधार पर 19.41 फीसदी की बढ़त के साथ 14.70 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 81 फीसदी है। इस दौरान

# 'कश्मीर में घुसपैठ की कोशिशें जारी'

= भूटान और चीन के बीच जिस सीमा को लेकर विवाद है, उसमें डोकलाम भी शामिल है: सेना प्रमुख

**तनावपूर्ण**

**8 'अग्निवीरों के पहले दो बैच फील्ड यूनिट में तैनाती के लिए पूरी तरह तैयार हैं: थल सेना अध्यक्ष**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आर्मी चीफ** ने कहा कि भूटान और चीन के बीच जारी सीमा वार्ता पर हमारी करीबी नजर है। दरअसल भूटान और चीन के बीच सीमा को लेकर बातचीत हो रही है। भूटान और चीन के बीच जिस सीमा को लेकर विवाद है, उसमें डोकलाम भी शामिल है। डोकलाम एक ट्राई-जंक्शन है, जहां भारत, चीन और भूटान की सीमा है। भारत और चीन के बीच साल 2017 में डोकलाम को लेकर विवाद भी हो चुका है। दरअसल डोकलाम का इलाका भारत के चिकन नेक कहे जाने वाले उत्तर पूर्वी इलाके के नजदीक पड़ता है। इसलिए भारत के लिए डोकलाम का इलाका बेहद अहम हो जाता है।

**अग्निवीरों के दो बैच तैनाती के लिए तैयार:** थलसेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को बताया कि 'अग्निवीरों के पहले दो



### शांति और सद्भाव बनाए रखने की दिशा में काम करने का आग्रह किया

**सेना** कमांडर ने शांति और स्थिरता बनाए रखने की दिशा में उनके अथक प्रयासों के लिए सभी रैंकों की सराहना की। सेना कमांडर ने सभी समुदायों के नेताओं और सीएसओ के साथ भी बातचीत की और उनसे शांति और सद्भाव बनाए रखने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए भारतीय सेना और असम राइफल्स को सीएसओ द्वारा प्रदान किए गए समर्थन की सराहना की।

### पूर्वी कमान प्रमुख पहुंचे मणिपुर, सुरक्षा का लिया जायजा

**सेना** के पूर्वी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा किया। इस दौरान वे कई जिलों में गए और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वे सुरक्षाबलों के वरिष्ठ अधिकारियों से मिले स्थिति की जानकारी ली। यात्रा के दौरान तिवारी ने स्थानीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की और समस्याओं को जाना। जानकारी के मुताबिक, जीओसी-इन-सी पूर्वी कमान लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने वर्तमान सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए मणिपुर में कांगपोकपी, सेनापति, ज्वालामुखी और चुराचांदपुर में असम राइफल्स की संरचनाओं और इकाइयों का दौरा किया।

### जम्मू कश्मीर में राजौरी और पुंछ में बढ़ी आतंकी घटनाएं

**जम्मू कश्मीर** के हालात पर थलसेना अध्यक्ष ने कहा जहां तक जम्मू कश्मीर की बात है, एलओसी पर सीजफायर जारी है, लेकिन घुसपैठ की कोशिशें हो रही हैं, जिन्हें हमने नाकाम किया है। हमने मजबूत एंटी ड्रोन सिस्टम बनाया है, जिससे ड्रोन के जरिए सीमा पार से हथियारों और ड्रग्स की तस्करी ना हो पाए। राजौरी और पुंछ के इलाकों में आतंकी गतिविधियां बढ़ी।

### 'पूर्वोत्तर में बेहतर हुए हालात'

**जनरल** मनोज पांडे ने कहा कि उत्तर पूर्व में बीते साल हालात बेहतर हुए हैं और इसकी जिम्मेदार सरकार द्वारा बनाई गई नीतियां हैं। हिंसा की घटनाएं कम हुई हैं। मणिपुर में बीते साल मई में हिंसा हुई थी लेकिन राज्य सरकार, सेना और असम राइफल्स के संयुक्त प्रयासों से हालात अभी स्थिर हैं और हम हालात को सामान्य करने के लिए काम कर रहे हैं।

## टीएमसी-कांग्रेस में फंस रहा सीटों का मामला



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

तृणमूल कांग्रेस 28 विपक्षी दलों के गठबंधन- इंडिया के सबसे अहम घटकों में एक माना जा रहा है। गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर मंथन का दौर भी जारी है। कांग्रेस पार्टी की आंतरिक गठबंधन समिति भी सीटों के बंटवारे पर चर्चा कर रही है। कांग्रेस इंडिया में शामिल सबसे बड़ी पार्टी है। टीएमसी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को पेचीदा माना जा रहा है। इसी बीच सूत्रों ने कहा है कि कांग्रेस के साथ गठबंधन के मुद्दे पर चर्चा के लिए

**मिशन 2024**

**8 सीट शेयरिंग पर टीएमसी ने कांग्रेस को बताई राय, गठबंधन समिति की बैठक में नहीं आने का फैसला**

तृणमूल कांग्रेस ने बैठक में शामिल न होने का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने सीट शेयरिंग के मामले में अपनी राय कांग्रेस को बता दी है।

## एनआईए ने 32 जगहों पर की छापामारी

### एनआईए ने कुछ दस्तावेज और डिजिटल डिवाइज जब्त की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी आतंकवादी और गैंगस्टर के गुर्गों के खिलाफ एक्शन के मोड में है। एनआईए की कई टीमों ने गुरुवार को पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और चंडीगढ़ समेत 32 जगहों पर छापेमारी की। एनआईए की टीम ने छापेमारी के दौरान दो पिस्टल, दो मैगजीन, गोलाबारूद और 4.60 लाख रुपये की नगदी बरामद की है। इसके अलावा कुछ दस्तावेज और डिजिटल डिवाइज जब्त की है। एनआईए की टीम ने तीन मामलों में यह छापेमारी की है। पंजाब में गैंगस्टर हैरी मौड़ के घर




**एक्शन**

**8 छापेमारी के दौरान दो पिस्टल, दो मैगजीन, गोलाबारूद और 4.60 लाख रुपये की नगदी बरामद की**

रेड पंजाब के बठिंडा में गैंगस्टर हैरी मौड़ के घर पर एनआईए ने छापा मारा। गैंगस्टर हैरी ने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव लहरा मोहब्बत में डबल मर्डर किया था। करीब एक माह पहले गैंगस्टर को दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया था। इसके बाद एनआईए की टीम गांव माडी में पहुंची। जहां पर टीम ने गैंगस्टर गोबिंद सिंह के घर पर जांच की। हालांकि अब वह फरीदकोट में रहता है। हाल ही में दिल्ली पुलिस द्वारा पकड़े गए गैंगस्टर हैरी मौड़ के घर पर गुरुवार सुबह एनआईए की टीम पहुंची। इस घर में कोई नहीं रहता, जिस कारण पिछले लंबे समय से घर खाली पड़ा हुआ था।

## पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की कार दुर्घटनाग्रस्त

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर में गुरुवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी यानी पीडीपी की प्रमुख की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि हादसा अनंतनाग जाते हुए बीच रास्ते में हुआ। पीडीपी मीडिया सेल के मुताबिक, हादसे में महबूबा मुफ्ती पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

हादसे में उनके सुरक्षाकर्मी भी सुरक्षित हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, संगम के नजदीक उनकी कार एक अन्य कार से जा टकराई। वह बीती रात हुई आग हादसे में पीड़ित परिवारों से मिलने खानबल जा रही थीं।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर अयोध्या से अहमदाबाद इंडिगो फ्लाइट का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुए।

## 'कनाडा ने हमारी राजनीति में किया हस्तक्षेप'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कनाडा** और अमेरिका के साथ संबंधों को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खुलकर बात की है। अंग्रेजी मीडिया को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों में अंतर को बताते हुए कहा कि कनाडा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवाद और चरमपंथी गतिविधियों को सही ठहराता है, जबकि अमेरिका ऐसा नहीं करता है। अमेरिका ने हमारे साथ अपनी चिंताओं को साझा किया, जबकि कनाडा ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने खुलेआम हम पर आरोप लगाए हैं। अंग्रेजी मीडिया को दिए इंटरव्यू के हवाले से जयशंकर ने कहा कि कनाडा ने कई बार हमारी राजनीति में हस्तक्षेप किया। दुनिया में पंजाब की घटना पर केवल कनाडा के प्रधानमंत्री ने ही टिप्पणी दी थी। गौरतलब है कि खालिस्तानी आतंकी निज्जर की मौत के बाद से कनाडा-भारत के राजनयिक रिश्तों में खटास पैदा हुई थी। जिसके बाद से दोनों देशों के बीच इसको लेकर जुबानी जंग शुरू हो गई थी।

### कनाडाई राजनीति ने खालिस्तानी को दी पनाह: जयशंकर

**जयशंकर** ने कहा कि कनाडाई राजनीति ने खालिस्तानी ताकतों को हमेशा से संरक्षण दिया है। इन्ही कारणों की वजह से हमारे संबंधों में खटास आई हैं। जयशंकर ने कहा कि लेकिन दुर्भाग्य से कनाडा की राजनीति के हालात ऐसे ही हैं। दरअसल, खालिस्तानी आतंकी निज्जर की मौत के बाद से कनाडा के साथ भारत के रिश्तों में दरार आई है। कनाडाई पीएम ट्रूडो ने अपनी संसद में भारत की जांच एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था निज्जर की मौत के पीछे भारतीय एजेंसियों का हाथ है।

## बुलेट ट्रेन: समुद्री सुरंगें बनाने का काम शुरू: अश्विनी

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**

**केंद्रीय रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर नई जानकारियां साझा की हैं। उन्होंने मुंबई-अहमदाबाद रूट पर प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर कहा कि अब तक 508 किलोमीटर में से 270 किलोमीटर के मार्ग पर तारों के लिए डक्ट बिछाने का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट का काम समय पर है। मुंबई-ठाणे के बीच समुद्र के नीचे बन रही सुरंग का काम भी शुरू हो चुका है। वैष्णव ने बताया कि इस रूट पर पड़ने वाली आठ नदियों पर पुल निर्माण का काम भी तेजी से जारी है। दो पुलों का काम पूरा भी हो चुका है। साबरमती टर्मिनल स्टेशन का काम पूरा होने की कगार पर ही है। रेल मंत्री ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर अयोध्या धाम स्टेशन की क्षमता बढ़ाने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में पांच स्टेशन हैं और इन सभी को क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार किया जा रहा है। यहां लखनऊ से आने वाली रेल लाइनों के दोहरीकरण का काम जारी है। इसके साथ ही वाराणसी जाने वाली लाइनों को भी डबल किया जा रहा है। प्रयागराज-गोरखपुर से आने वाली लाइनों को भी बढ़ाया जा रहा है। हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बताया कि उसने मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर के लिए गुजरात, महाराष्ट्र और दादर और नगर हवेली में भूमि अधिग्रहण का काम 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है।



## बीटिंग रिट्रीट: अब संगीत की धुनें पूरी तरह स्वदेशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** के गणतंत्र बनने का जश्न इस बार 75वें साल भी धूमधाम से मनाया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मुख्य राजकीय समारोह के दौरान बजने वाला संगीत इस बार के गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का मुख्य आकर्षण होगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि बीटिंग रिट्रीट समारोह 26 जनवरी की परेड से तीन दिन बाद होता है। सरकार के मुताबिक इस साल के बीटिंग रिट्रीट



समारोह में संगीत की धुनें रोमांचिक करेंगी। खास बात ये कि सभी धुनें स्वदेशी ही होंगी। यानी भारत में कंपोज म्यूजिक और सैनिकों की देशभक्ति का रंग सिर चढ़कर बोलेगा।

## शिमला डेवलपमेंट प्लान को सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने शिमला में निर्माण गतिविधियों को रेगुलेट करने के लिए लाए गए हिमाचल प्रदेश सरकार के शिमला डेवलपमेंट प्लान 2041 को मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने इस प्लान के अमल पर रोक लगाने वाले मई 2022 में दिए गए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि जहां तक हमने इस प्लान को देखा है, इस प्लान को विभिन्न एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। राज्य की विकास की जरूरतों के साथ पर्यावरण और पारिस्थितिकीय चिंताओं के बीच संतुलन का ध्यान भी इसमें रखा गया है।

**अध्यक्षता** प्रदेश में 73 प्रतिशत डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड तैयार, 35 आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में 6-6 विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात

# 'प्रदेश के 56 अस्पतालों में शुरू की जाएगी स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन प्रणाली'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को स्वास्थ्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य सूचना प्रबन्धन प्रणाली समयबद्ध शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरम्भिक स्तर पर यह प्रणाली प्रदेश के 56 अस्पतालों में शुरू की जाएगीए जिससे चिकित्सकों को क्लाउड आधारित सर्वर से रोगियों के सम्पूर्ण चिकित्सा विवरण उपलब्ध हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को घर-द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत स्वास्थ्य संस्थानों में नवीनतम प्रौद्योगिकी का समावेश कर रही है।



उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सूचना प्रबन्धन प्रणाली इस दिशा में एक मील पत्थर साबित होगी। इससे रोगियों को पर्ची तथा अन्य मेडिकल टेस्ट से संबंधित दस्तावेज या उनकी छायाप्रतियां साथ ले जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी और उन्हें निर्बाध चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सक भी एक क्लिक पर रोगी का मोबाइल नम्बर अंकित करते ही उसके स्वास्थ्य के बारे में आवश्यक सूचना प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड बनाने का

**समीक्षा**

**8 टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी सुविधा शुरू करने के लिए जारी प्रक्रिया की भी समीक्षा की**

लक्ष्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा और अभी तक 73 प्रतिशत कार्ड बनाए जा चुके हैं। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की भी गुणात्मक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित किए जा रहे हैं और अभी तक ऐसे 35 आदर्श स्वास्थ्य संस्थान राज्य में स्थापित हो चुके हैं जहां 6 विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए गए हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आईजीएमसी शिमला, अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियेलिटी चमियाणा (शिमला) और टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी सुविधा शुरू करने के लिए जारी प्रक्रिया की भी समीक्षा की।

# सीएम ने एनआरआई को निवेश के लिए किया आमंत्रित

## वाइब्रेंट गुजरात समिट-2024: मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम के साथ की राउंड-टेबल कॉन्फ्रेंस

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

वैश्विक मंच पर हरियाणा को निवेशकों की पहली पसंद बनाने के लिए मनोहर सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से गुजरात के गांधीनगर में चल रहे वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 गेटवे टू दि फ्यूचर में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल विदेशी निवेशकों के साथ बैठक कर राज्य में निवेश करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को मुख्यमंत्री ने यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के साथ राउंड-टेबल कॉन्फ्रेंस की और अप्रवासी भारतीयों को हरियाणा में पूरा सहयोग देने का आश्वासन देते हुए कहा कि हमारे यहां निवेश की अपार संभावनाएं हैं, यहां उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाएं और राज्य में निवेश करें। श्री मनोहर लाल ने कहा कि ईज ऑफ



डुइंग बिजनेस के मामले में हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में हैं। हमने उद्योगों पर पड़ने वाले कम्पलाइंस बर्डन को भी खत्म किया है। हरियाणा में निवेश की अपार संभावनाएं हैं, इसलिए अप्रवासी भारतीय यहां निवेश अवश्य करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति-2020 बनाई है, जिसके तहत निवेशकों को विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन दिए जाते हैं। इतना ही नहीं, निवेशकों को यहां उद्योग लगाने के लिए सभी प्रकार के अनुमोदन एक ही छत के नीचे प्रदान किए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा दिल्ली के साथ तीन ओर से लगता है और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का भी हमें पूरा लाभ मिलता है। इतना ही नहीं, यहां लॉजिस्टिक सुविधाएं लगातार सुदृढ् की जा रही हैं और हर जिला नेशनल हाईवे से जुड़ गया है। हरियाणा सरकार हिसार में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट भी स्थापित कर रही है, जिसका उद्योगों को भी बहुत लाभ होगा। इस प्रकार से हरियाणा निवेश के लिए उत्तम गंतव्य है, जहां सड़क, रेल और हवाई नेटवर्क मजबूत है।

मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वपन वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का है, जिसमें हरियाणा अपनी महत्ती भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार अलग-अलग जोन के अनुसार निवेशकों को वित्तीय तथा अन्य कई प्रकार के प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। हम बिजनेस टू बिजनेस (बी टू बी), बिजनेस टू सिटिजन (बी टू सी) के साथ-साथ हार्ट टू हार्ट (एच टू एच) कनेक्शन में विश्वास रखते हैं। इसलिए निवेशक हरियाणा में आएं और निवेश करें, उन्हें सरकार की ओर से पूरा सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष मुकेश ने मुख्यमंत्री को भारत-अमेरिका के 75 वर्षों के पारस्परिक संबंधों पर आधारित पुस्तक भी भेंट की।

बैठक में हरियाणा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक यश गर्ग सहित 20 से अधिक एनआरआई उपस्थित थे।

### गुजरात समिट: बड़े निवेश का बना प्लेटफॉर्म

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुजरात के एक दिवसीय दौरे पर हैं। गुजरात के गांधीनगर में चल रहे 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 में वीरवार को मुख्यमंत्री ने जापान और अमेरिका की लगभग 10 बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बातचीत की और उन्हें हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। कंपनियों ने भी हरियाणा में निवेश करने के लिए गहरी रुचि दिखाई।

### जापानी कंपनियों के लिए बनेगा कोलेबोरेशन सेल

**बैठक** के दौरान प्रतिनिधियों ने कहा कि जापानी कंपनियों के लिए हरियाणा एक मदर स्टेट रहा है। वर्ष 1980 में पहली बार मारुति सुजुकी ने गुरुग्राम में अपनी पहली इकाई स्थापित की थी। उसके बाद कई जापानी कंपनियां हरियाणा में आई। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जापानी कंपनियों की सुविधा के लिए एक ज्वाइंट कोलेबोरेशन सेल स्थापित किया जाए, जो जापानी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ लगातार बात करेगा ताकि प्लग एंड प्ले मॉडल को तेजी से शुरू किया जा सके।

# सीएम निःस्वार्थ भाव से जनता के लिए कर रहे कार्य'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत गत 15 नवंबर को की थी, जोकि 25 जनवरी,2024 तक पूरे देश में चलेगी। इस रथ यात्रा का उद्देश्य लोगों में केंद्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों की जागरूकता पैदा करना और उनका शत प्रतिशत लाभ लाभार्थी तक पहुंचाना है।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय पलवल के डा. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में नगर परिषद क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंचाने के मकसद से आयोजित किए गए संकल्प यात्रा के जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने सभी को लोहड़ी व मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई देते हुए आपसी भाईचारे को कायम रखते हुए प्रेम पूर्वक रहने का संदेश दिया। उन्होंने इस मौके पर उपस्थिति को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की शपथ भी दिलवाई। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल



निःस्वार्थ भाव से जनता के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके सार्थक प्रयासों से आज हरियाणा प्रदेश की देश में अलग छाप बनी है। इस अवसर पर उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर स्टॉलों पर मौजूद अधिकारियों से योजनाओं का फीडबैक लिया और निरंतर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जनता को योजनाओं का लाभ एक की मंच पर देने के लिए बनाए गए परिवार पहचान पत्र को सराहनीय कदम बताया।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री 12 जनवरी को कुरुक्षेत्र में युवा महोत्सव को करेंगे संबोधित

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 12 जनवरी को कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सुबह 11 बजे विवेकानंद युवा महोत्सव को संबोधित करेंगे। इस समारोह का आयोजन संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार-प्रसार योजना के तहत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से युवा शिरकत करेंगे।

### देश को विकसित बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़े युवा पीढ़ी: कंवरपाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**स्कूल** शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अमृत काल की पीढ़ी है। युवा पीढ़ी देश को विकसित बनाने का संकल्प लेते हुए अपना योगदान दे। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल वीरवार को जगाधरी के गांव चूहड़पुरकला, गुलाबगढ़, बक्करवाला, मांडखेड़ी में आयोजित विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि वे विकसित भारत का सपना देखते हुए संकल्प लें और उसे सिद्धि में बदलने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ वर्ष पहले पूर्व की सरकारों के समय गैस कनेक्शन के लिए लाइनें लगती थी, आज घरों तक गैस कब पहुंचती है किसी को पता नहीं चलता है, यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह मोदी जी की व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकारी अधिकारी गांव-गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के भरपूर अवसर देने के लिए मेरा युवा भारत पोर्टल शुरू किया है। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को माई भारत पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना चाहिए। इस पोर्टल के माध्यम से मेरा भारत संगठन युवाओं को ऐसा अवसर देगा, जिसमें वह अपनी कौशल क्षमताओं को निखारने और उसका उपयोग करने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। इससे युवाओं को दोहरा फायदा होगा, राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनेंगे और स्वयं के विकास में भी मदद होगी। स्कूल शिक्षा मंत्री ने पीएम मोदी की गारंटी यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार से जुड़े कार्य के लिए हम दफ्तरों में जाते हैं,और अपना काम कराने की कोशिश करते हैं, मगर आज सभी कार्यालय आपके गांव में आए हैं। पीएम मोदी की पहल पर सरकार योजनाओं का लाभ देने के लिए आपके दरवाजे पर आ रही है। मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जा रहा है। विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि ह्यभारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे।

### करनाल के पड़वाला पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**चंडीगढ़:** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज हरियाणा के जिला करनाल के गांव पड़वाला पहुंची। मुख्य अतिथि विधायक धर्मपाल गोंदर ने इस मौके पर ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने घर के बच्चों का ध्यान नशों से हटाकर शिक्षा एवं खेलों की ओर लगाने के लिए उन्हें प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी को इससे बचाना जरूरी है। खिलाडियों के लिए सरकार ने अनेक सुविधाएं मुहैया कराई हैं। गांव में स्टेडियम और व्यायामशालाएं स्थापित की गई हैं। बी.पी.एल. परिवारों की छात्राओं के लिए सरकारी व प्राइवेट कॉलेज में मुफ्त उच्च शिक्षा का प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि नीलोखेड़ी हलके में सर्वाधिक विकास कार्य करवाए गए हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। विधायक ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने इससे पूर्व स्टॉल्स का अवलोकन किया। उन्होंने सरकार की आयुष्मान भारत चिरायु योजना, निरोगी हरियाणा योजना, उज्ज्वला योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना आदि के बारे में जानकारी दी तथा यात्रा के उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों के विकास की कुंजी है। अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। सरकार ने प्रदेश में 77 नए सरकारी कॉलेज प्रारम्भ किए हैं जिनमें महिलाओं के लिए भी कॉलेज शामिल हैं।

# शीत लहर से पशुओं के बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

पशुपालन विभाग हरियाणा द्वारा प्रदेश सहित पूरे उत्तर भारत में शीतलहर का प्रकोप जारी है। केवल इंसान ही नहीं बल्कि पशु भी इससे परेशान है, जिसको देखते हुए विभाग द्वारा प्रदेश में शीतलहर से पशुओं के बचाव हेतु सभी जिलों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसके अलावा, विभाग ने पशु चिकित्सकों को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी पशुपालकों से आग्रह किया है कि वे शीतलहर से पशुओं के बचाव के लिए पशुपालन विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी की पालना करें और अपने पशुधन को शीतलहर से बचाकर रखे। उन्होंने बताया कि शीतलहर में पशुओं का तापमान कम हो जाता है व सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। इसके अतिरिक्त, खांसी व निमोनिया जैसी बीमारियां होने लगती है जिसके कारण पशु खाना पीना छोड़ देते हैं व दूध उत्पादन भी कम हो जाता है। शीत लहर से बचाव कर-के इन बीमारियों से पशुओं को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कमजोर व नवजात पशुओं पर शीत लहर का प्रभाव ज्यादा पड़ता है। इसलिए पशुओं को उचित खुराक, गुड़ व मिनरल मिश्रण अवश्य देना चाहिए।

## उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार जिला के कई गांवों में जनसमस्याएं सुनी

# 'सरकार हर वर्ग के हितों के लिए कर रही है काम'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के हितों के लिए काम कर रही है , ग्रामीणों की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वे आज हिसार जिले के गांव फरीदपुर एवं कन्नौह में जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि उन्होंने प्रदेश सरकार में भागीदारी करते हुए हर वर्ग के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और जनहित में समाधान भी करवाया है। उन्होंने कहा कि पहले गांवों का विकास सिर्फ नाली व



गलियों तक ही सीमित था। अब कम्युनिटी सेंटर से लेकर लाइब्रेरी आदि स्थापित की जा रही हैं। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गांव कन्नौह में डिजिटल लाइब्रेरी, कम्युनिटी सेंटर तथा व्यायामशाला बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि लाइब्रेरी की स्थापना होने से गांव के युवाओं को सरकारी नौकरियों से लेकर यूपीएससी की तैयारी करने के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि गांव कन्नौह एवं आस-पास के गांवों को पानी की किसी प्रकार की समस्या नहीं रहने दी जाएगी। प्रदेश के किसानों और गरीबों को ताकतवर बनाने के लिए वर्तमान सरकार नीतियां और योजनाएं लागू कर रही है।

### डिप्टी सीएम का जताया आभार

**गांव** फरीदपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का नए रजवाहे के निर्माण के लिए आभार जताया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने गांव में अगले सीजन से फसल पर्चेज सेंटर तथा कम्युनिटी सेंटर बनाने की भी घोषणा की। इसके अलावा गांव में बैंक शाखा खोलने को लेकर उन्होंने अधिकारियों को सर्वे करवाने को लेकर निर्देश दिए।

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस में लापरवाही पर एक्शन

## 10 अधिकारी और 14 कर्मचारी चार्जशीट, -19 कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा सहकारिता विभाग ने आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) के प्रयोग में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर बड़ा एक्शन लिया है। विभाग के रजिस्ट्रार राजेश जोगपाल ने बताया कि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का 15 अप्रैल से लेकर जनवरी 2024 तक अध्ययन करवाकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच करवाई। जांच के उपरांत पता लगा कि कई अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी उपस्थिति बायोमेट्रिक से नहीं लगा रहे थे। जांच के आधार पर 69 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया। इनमे से 10 अधिकारियों को नियम 4 (बी) के तहत कड़ी सजा, 14 कर्मचारियों को नियम 4 (ए) के तहत चार्जशीट और 19 संविदा कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और 26 कर्मचारियों को चेतावनी दी गई। ज्ञात रहे कि प्रदेश में सभी सरकारी कार्यालयों में आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू की गई थी। कोविड-19 महामारी के कारण इसे रोक दिया गया था। हालांकि 15 अप्रैल,2023 को फिर से बायोमेट्रिक उपस्थिति शुरू की गई थी। परन्तु देखने में आ रहा था कि कई कर्मचारी कार्यालय में देर से आ रहे थे और समय के पाबंद नहीं थे। जोगपाल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**सख्ती**

8 15 अप्रैल से लेकर जनवरी 2024 तक अध्ययन करवाकर कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच करवाई

# 'अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में खड़ा करना सरकार का लक्ष्य'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना सरकार का लक्ष्य है। इसके अलावा सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाकर उनका लाभ देना सबसे पहली प्राथमिकता है। विधायक रामकुमार कश्यप ने यह बात इंद्री हल्का के गांव पंजोखरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कही।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ ग्रामीणों ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी ली।

# गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा: ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**

- हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने कहा कि देशभर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा पात्र परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। यात्रा के माध्यम से पात्र लोगों व परिवारों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध करवाया जा रहा है। राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा जिला कैथल के गांव सिसला और सिसमोर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का निरीक्षण किया और पात्र वंचितों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सरकार का दायित्व समाज के हर वर्ग का कल्याण करना है। सरकार भी इसी दिशा में कार्य कर रही है। बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी व्यक्ति को कोई परेशानी आ रही है तो उसे तुरंत दूर किया जा रहा है और पात्र लोगों का परिवारों को हाथों-हाथ लाभ प्रदान किया जा रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान में रखते हुए अलग-अलग योजनाओं को लागू किया है। इस संदर्भ में उन्होंने सरकार की विभिन्न पेंशन योजनाओं, आयुष्मान भारत, उज्जवला व किसान सम्मान निधि योजना का विशेष रूप से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जहां भी पहुंचती है वहां सरकारी विभागों के स्टॉल लगाए जाते हैं, जहां लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाता है। पात्र लोगों को हाथों-हाथ योजनाओं का हकदार बनाया जाता है। राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश उन्नति और विकास के रास्ते पर अग्रसर है।

**लाभार्थी**

8 पात्र लोगों व परिवारों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध करवाया जा रहा

# 'राम मंदिर नही राजनीतिक कार्यक्रम का विरोध कर रही कांग्रेस'

## राहुल गांधी की यात्रा दस बड़े मुद्दों को लेकर शुरू की जा रही: राजीव शुक्ला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

अखिल भारतीय कांग्रेस के चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला ने गुरुवार को यहां स्पष्ट किया कि कांग्रेस राम मंदिर का विरोध नहीं कर रही बल्कि राजनीतिक आधार पर आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का विरोध कर रही हैं।उन्होंने कहा कि राम तो हम सभी के है।कांग्रेस नेता राम मंदिर दर्शन करने जायेंगे। राजीव शुक्ला के साथ मोजूद हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि शंकराचार्यों ने भी कहा है कि अधूरे निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शास्त्र




सम्मत नही है। राजीव शुक्ला राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देने हरियाणा कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे थे। राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी से शुरू होने जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के लिए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस द्वारा गुरुवार को यात्रा का बुकलेट जारी किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के हिमाचल प्रदेश-चंडीगढ़ प्रभारी एवम राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान और एआईसीसी प्रवक्ता एवम कम्युनिकेशन कोआर्डिनेशन प्रभारी हरियाणा प्रो. अजय उपाध्याय शामिल हुए। शुक्ला ने कहा कि राहुल गांधी पूर्व से पश्चिम तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14जनवरी से शुरू कर रहे है। राजीव शुक्ला ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा 10 वर्षों के गंभीर अन्याय ने हमारे लोगों, हमारे लोकतंत्र और हमारे संविधान को गंभीर चोट पहुंचाई है।

# बेटियों की तरह बेटों को दे अच्छे संस्कार: महिला आयोग की चेयरपर्सन

## महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में उपलक्ष्य में दो दिवसीय समागम का हुआ आगाज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में उपलक्ष्य में आज दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित राजहंस होटल में शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उदघाटन राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा ने किया। प्रथम सेशन में महिला सशक्तिकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान कैसे करें महिलाएं रहा। इस दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनना है और इसके लिए महिलाओं में जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबर के अधिकार दिए हैं। किसी भी देश में सुख, समृद्धि महिला सशक्तिकरण से ही आती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं देश की रक्षा करने में भी अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। हरियाणा महिला आयोग की वजह से आज हरियाणा का स्वरूप बदल गया है। उन्होंने कहा कि महिला आयोग का काम उस दिन खत्म होगा जब किसी बच्ची को गर्भ में ना मरने दिया जाए। बच्ची के पैदा होने पर उसे किसी रंग या कपड़े के लिए नहीं टोका जाए। जितनी आजादी बेटों को दी जाती है उतनी ही आजादी बेटियों को भी दी जाए। इसकी शुरूआत हमें अपने परिवारों से ही करनी होगी, क्योंकि परिवार में ही हम अपने बच्चों में जेंडरो का भेदभाव करते आ रहे हैं। जैसे संस्कार हम अपनी बेटियों को देते हैं उतने ही संस्कार हमें अपने बेटों को भी देने की जरूरत है। हम अपनी बच्चियों को सिखाएं कि वह अपनी चुप्पी को तोड़े न कि उन्हें चुप रहने को कहें और बेटों की तरह ही बेटियों को अपना जीवन साथी चुनने का पूरा हक दिया जाए।

# प्रदेश में मनचलों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान

## महिलाओं के साथ छेड़छाड़ वाले क्षेत्रों में साधारण वेशभूषा में हरियाणा पुलिस रख रही है मनचलो पर नजर, महिला सुरक्षा को लेकर ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की भी की गई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा पुलिस द्वारा महिलाओं में सुरक्षा की भावना को बल देने के लिए अलग-अलग स्थानों पर अभियान चलाते हुए मनचले लोगों को सबक सिखाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में छेड़छाड़ वाले हॉटस्पॉट क्षेत्रों में तैनात रहती है और मनचलो के खिलाफ कार्रवाई करती है। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के दिशा निदेर्शानुसार तथा मार्गदर्शन में महिला विरुद्ध अपराधों को नियंत्रित करने के लिए प्रदेश भर में यह अभियान चलाया गया है, जिसके तहत प्रत्येक जिला में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ वाले क्षेत्रों को सूचीबद्ध करते हुए वहां पुलिस की टीमें तैनात



की गई है। ये टीमें सिविल ड्रेस में हॉटस्पॉट क्षेत्रो पर तैनात रहती है और असामाजिक तत्वों द्वारा महिलाओं पर किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी करने वालों को सबक सिखाती है। महिला पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रो जैसे-स्कूलों, कॉलेजो, शिक्षण संस्थाओं, बस स्टैंड, कॉरपोरेट सेक्टर के बाहर, बाजारों आदि में तैनात रहती है और महिलाओं तथा लड़कियों पर फब्तियां कसने, छेड़छाड़ और बदतमीजी जैसी हरकतें करने वाले लोगो पर कार्रवाई की जाती है। इस दौरान युवकों से पूछताछ करते हुए उन्हें चेतावनी दी जाती है । इसके अलावा, उनके माता-पिता से संपर्क कर उनके बच्चों के बारे में सूचना दी जाती है ताकि वे भविष्य में ऐसा ना करें। कपूर ने बताया कि प्रदेश में महिला सुरक्षा हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। महिलाओं में सुरक्षा की भावना को बल देने के लिए गुरुग्राम जिला में स्वयंसेवी संस्था के विशेषज्ञों द्वारा प्रदेश भर में तैनात महिला पुलिसकर्मियों की टीमों को प्रशिक्षित किया गया है। इस दौरान टीमों को विशेष रूप से महिला विरुद्ध अपराध रोकने तथा महिलाओं से संपर्क कर उनसे फीडबैक लेने संबंधी स्किलस विकसित करने को लेकर प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा, प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की भी शुरूआत की गई है। अकेले में सफर करने वाली महिलाएं हरियाणा 112 पर खुद को पंजीकृत करते हुए हरियाणा पुलिस द्वारा शुरू की गई इस सेवा का लाभ उठा सकती हैं। खुद को पंजीकृत करने के बाद महिलाएं अपने सफर को सुरक्षित बना सकती है। सफर के दौरान हरियाणा पुलिस की टीम द्वारा महिला को तब तक ट्रैक किया जाता रहेगा जब तक महिला अपने गंतव्य तक सुरक्षित नहीं पहुंच जाती। उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने आप को पंजीकृत करते हुए इसका लाभ उठाएं।

# विज ने पड़ाव थाना एसएचओ को लगाई फटकार, किसी को गुंडागर्दी करने नहीं दूंगा

## जमीनी पर कब्जे को लेकर परिवार ने गृह मंत्री अनिल विज से लगाई थी गुहार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी के मच्छौंडा में जमीनी कब्जे के मामले में आज पड़ाव थाना एसएचओ को फटकार लगाते हुए कहा कि मैं किसी को गुंडागर्दी करने नहीं दूंगा, जमीन को तुरंत कब्जामुक्त करवाओ और कड़ी कार्रवाई करो। विज अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे।
मच्छौंडा में जमीन पर कब्जे को लेकर परिवार ने गृह मंत्री अनिल विज से शिकायत की। उनका आरोप था कि गुंडा प्रवृत्ति के लोगों द्वारा जबरन उनकी जमीन पर कब्जा कर अपना हक जताया जा रहा है जबकि सभी कागजात उनके पक्ष में



हैं। मामले को लेकर खफा हुए गृह मंत्री ने पड़ाव एसएचओ को फोन पर फटकार लगाते हुए मामले में तत्पर कार्रवाई के निर्देश दिए। बल्लभगढ़ से आए दंपत्ति से गृह मंत्री अनिल विज को बेटी के साथ दुराचार मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी जिसपर मंत्री विज ने फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर को

**जनसुनवाई**

> 8 अनिल विज ने अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुना

मामले में पुनः जांच के निर्देश दिए। इसी तरह भिवानी के रोहनात गांव से आई महिला ने अपनी मासियों पर उनकी मां की खेती की जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया। महिला ने कहा कि गत दिनों वह जबरन उनके खेतों से फसल भी आरोपियों द्वारा काट ली गई, इस मामले में पुलिस को शिकायत दी गई थी, मगर अब तक कार्रवाई नहीं हुई। गृह मंत्री ने एसपी भिवानी को मामले में पुनः जांच के निर्देश दिए। पलवल से आए फरियादी ने बेटे की हत्या मामले में सही जांच नहीं होने का आरोप लगाया जिसपर गृह मंत्री ने डीएसपी रैंक के अधिकारी से मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। नारायणगढ़ से आए दंपत्ति ने गृह मंत्री को बताया कि गांव की महिला द्वारा उनके खिलाफ झूठा मारपीट का केस दर्ज कराया गया है और महिला उनके अलावा ग्रामवासियों को भी तंग करती है। मंत्री विज ने एसपी अम्बाला को मामले में जांच के निर्देश दिए। साहा से महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया जिसपर गृह मंत्री ने डीएसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए। कुरुक्षेत्र निवासी महिला फरियादी ने 15 लाख रुपए के लोन के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप लगाया।

# डी.ए.वी. स्कूल में 'सात दिवसीय एन.एस.एस कैंप का हुआ समापन

**आत्मनिर्भर**

> 8 विद्यालय प्राचार्य ने भाग लेने वाले सभी 50 विद्यार्थियों को उनकी कर्तव्य निष्ठा के लिए बधाई दी



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**घोर** कड़ाके की सर्दी के बीच आत्मनिर्भर भारत पर मुरलीधर डीएवी के विद्यार्थियों द्वारा बहुत सुंदर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जा रहा था, देखकर बच्चों से बात करने की जिज्ञासा हुई, जो इतनी भयंकर सर्दी में इस सुंदर मैसेज देने के लिए सर्दी की छुट्टियों में घरों के आराम को त्याग कर सबके बीच में आए हुए थे। मेरे पूछने पर एक विद्यार्थी ने बहुत ही सुंदर उत्तर दिया। विद्यार्थियों से बात करने पर पता चला कि मुरलीधर डीएवी के प्रांगण में एक 2 जनवरी से 8 जनवरी तक एन एस एस के अंतर्गत सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन ए आर ओ एवं विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राधा रमन सूरी के करकमलों द्वारा किया गया। विद्यालय प्राचार्य ने भाग लेने वाले सभी 50 विद्यार्थियों को उनकी कर्तव्य निष्ठा के लिए बधाई देते हुए प्रत्येक सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सात दिवसीय इस शिविर में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें वाद विवाद, भाषण ,कविता व स्लोगन राइटिंग प्रमुख रहे। विजेता विद्यार्थियों को ?100 की प्रोत्साहन राशि व पेन भेंट कर-के प्रोत्साहित किया गया। एन.एस.एस अधिकारी श्रीमती अलका सैनी ने बताया की शिविर के दौरान बौद्धिक गतिविधियों का भी विशेष प्रबंध किया गया जिसके लिए प्रत्येक दिन एक वक्ता विद्यार्थियों को शैक्षिक व सामाजिक कार्यों में आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन देते थे।

# मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गरीबों तक पहुंच रही: संजय



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिह)** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य संजय छौक्कर ने वीरवार को गांव अधमी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में बतौर मुख्यअतिथि लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार अंतिम और गरीब व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐतिहासिक फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज किया है इसके माध्यम से गरीब और पिछड़े लाभार्थी केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर समाज की मुख्य धारा में शामिल हो रहें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारण्टी वाली गाड़ी गरीब और वंचित लोगों तक पहुंच रही है। संजय छौक्कर ने कहा कि अंतिम पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का

**लक्ष्य**

> 8 अंतिम पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का लक्ष्य

लक्ष्य है। सभी ने मिलकर 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का सपना पूरा करना है। संजय छौक्कर ने कहा कि यह यात्रा वंचित वर्ग तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। इस मौके पर उन्होंने उज्जवला योजना के तहत गैस क्नैक्शन भी निःशुल्क वितरित किए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिलाते हुए विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन भी किया। इस मौके पर बीडीपीओ शक्ति सिंह व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 'सरकार ने बेबस दुकानदारों पर लटकवाई कंप्लीशन की तलवार'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
हजारों करोड़ का यूडीलैंड घोटाला करने वाले अंसल एपीआई को दिवालिया घोषित कर सरकार ने बेबस दुकानदारों पर लटकवाई कंप्लीशन की तलवार यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद एवं प्रधान जन आवाज सोसाइटी ने अंसल एपीआई गैलेक्सी कोर्ट में दुकानदारों को समर्थन करते हुए लगाए। उन्होंने कहा कि गैलेक्सी कोर्ट का एरिया 2.99 एकड़ है इसका लाइसेंस नंबर 17-28 दिनांक 25-7- 2005 को मिला था लगभग 12 साल पहले सभी दुकानें बन चुकी अब लगभग



308 दुकान मार्केट में बनी हुई है 18 -20 साल डीटीपी विभाग सोता रहा अंसल का दिवालिया घोषित होते ही विभाग की गाज भी इन पर गिरनी शुरू हो गई उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ है। जहां आम आदमी के लिए दी जाने वाली सहायता पूंजीपति और भ्रष्ट अधिकारी अपनी तिजोरिया में बंद कर लेते हैं और आखिरी पायदान पर बैठा इंसान अपना हक गवा चुका होता है यही हाल यहां पर गैलेक्सी कोर्ट के दुकानदारों के साथ हो रहा है।अंसल मालिक और मैनेजर ने डीटीपी अधिकारियों के साथ मिली भगत करके बिना प्लानिंग ही यूडीलैंड बेचकर सरकार के साथ हजारों करोड़ का घोटाला

**आरोप**

> 8 आवाज सोसाइटी ने अंसल एपीआई गैलेक्सी कोर्ट में दुकानदारों को समर्थन करते हुए लगाए

किया। इसको लेकर हमने आंदोलन चलाया तो उसमें असल मालिक और भूमाफियाओं पर मुकदमे दर्ज हुए हमारे आंदोलन का आकार बढ़ता हुआ देखकर डीटीपी अधिकारियों ने जेल में जाने के डर से असल को दिवालिया घोषित करवा दिया।

# 17 से मसाला पाउडर बनाने का प्रशिक्षण होगा शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान नसीबपुर में आगामी 17 जनवरी से अचार पापड़, मसाला पाउडर मुरब्बे बनाना, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, जूट बैग बनाना व आर्टिफिशियल ज्वेलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें कोई भी बेरोजगार महिला जिसकी आयु 18 से 45 साल के बीच है वह प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती है। यह जानकारी देते हुए संस्थान की निदेशक श्वेता गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रार्थी आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र की छायाप्रति एवं 4 पासपोर्ट साईज फोटो साथ लेकर आएं।

# रजिस्ट्रेशन काउंटर पर एक खिड़की बंद होने के कारण मरीज परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नागरिक** अस्पताल सोनीपत में उपचार के लिए आने वालें मरीजों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड में मरीजों को रजिस्ट्रेशन काउंटर लाइनों में घंटों खड़े होने के बाद रजिस्ट्रेशन करवाने में सफल हो रहे है। वहीं नागरिक अस्पताल में विभाग की तरफ से समय पर बजट न जारी होने के चलते लैब में जरूरी सामान खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। ज्यादातार सामग्री खत्म हो चुकी है। अस्पताल के लैब में हाल के दिनों में सीबीसी, और बी की सामग्री के

**मरीज हलकान**

> 8 घंटों लाइन में लगने के बाद हो पा रहा रजिस्ट्रेशन, आपाताकालीन कक्ष में छत से टपका रहता है पानी

साथ अब हेपेटाइटिस बी एवं हेपेटाइटिस सी की सामग्री भी खत्म हो चुकी है। नागरिक अस्पताल प्रबंधन की तरफ से समय-समय पर सामग्री की डिमांड भेजी जा रही है,लेकिन बजट जारी न होने के चलते परेशानी बढ़ती जा रही है। जिसके चलते मरीजों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें कि पूरा उत्तर भारत ठंड की चपेट में आ चुका है। ठंड बढ़ने के चलते अस्पतालों मे मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है। नागरिक अस्पताल में रोज करीब 1500 मरीजों की ओपीडी संख्या है। रजिस्ट्रेशन कांउटर पर लंबी लाइनें देखने को मिल रहा है। प्रबंधन की तरफ से मरीजों को सुविधा देने के लिए तीन कांउटरों पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की थी। गत तीन दिनों से एक नंबर काउंटर बंद पड़ा है। वहीं हर रोज 250 मरीजों के अलग-अलग तरहों के टेस्ट चिकित्सक द्वारा लिखे जाते है। मरीज घंटों लैब की लाइनों में लगकर अपने नंबर का इंतजार करता है, लेकिन गत 15 दिनों से अस्पताल के लैब में जरूरी टेस्ट करने की सामग्री खत्म होती जा रही है। प्रबंधन की तरफ से डिमांड भेजने के बाद भी सामग्री की खरीद पूरी नहीं हो पा रही है। लैब में सीबीसी और बी की सामग्री काफी दिनों से खत्म है।
इसके साथ अब हेपेटाइटिस बी एवं हेपेटाइटिस सी की भी सामग्री खत्म हो गई है। जिसके कारण मरीज को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# कृष्ण छौक्कर ने जनसमूह को संकल्प शपथ दिलाई



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिह )**
भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने वीरवार को तामशाबाद में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिलाई और विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया। कृष्ण छौक्कर ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में ऐसी व्यवस्था लागू हुई है जिससे नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नही काटने पड़ रहे बल्कि ऑनलाईन व्यवस्था से उन्हें घर बैठे ही सभी योजनाओं का लाभ अच्छी तरह से मिल रहा है। छौक्कर ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को धूएं से निजात दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र

**संवाद**

> 8 आज हर घर में नल से जल पंहुच रहा है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही

मोदी ने सराहनीय पहल की है। केन्द्र व प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई व्यक्ति भूखा ना रहे और सभी गरीबों को पकका मकान मिले। कृष्ण छौक्कर ने कहा कि सरकार लोगों के घर द्वार पर पहुंचकर योजनाओं का लाभ दे रही है ताकि गरीब व्यक्तियों का जीवन सुधर सके। आज हर घर में नल से जल पंहुच रहा है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। इस मौके पर सीटीएम राजेश सोनी, बीडीपीओ शक्ति सिंह व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# गांव रोपड़ सराय में कुश्ती दंगल 13 को

**टीम एक्शन इंडिया / लालचंद नांगल चौधरी ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय हवलदार राम अवतार की पुण्यतिथि पर पर 13 जनवरी को गांव रोपड़ सराय में विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा मेला कमेटी सदस्य पहलवान रामकिशन ने बताया कि स्वर्गीय हवलदार रामावतार की पुण्यतिथि पर हर वर्ष कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाता है। जिसमें क्षेत्र के नामी पहलवान भाग लेते हैं इस वर्ष 13 जनवरी को गांव रोपड़ सराय में मेले का आयोजन किया जा रहा है मेले में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी प्रवेश सांगवान व वार्ड नंबर 18 से पार्षद श्याम चंदेला व महाराज राजेश नाथ होंगे।

# 40 लाख की अत्याधुनिक मशीनरी दी

**उपकरण**

> 8 ट्रैक्टर माउंटेड जेटिंग कम सैक्शन मशीन और शिविर क्लीनिंग के सुरक्षा उपकरण है

**पानीपत/कमाल हुसैन**
इंडियन ऑयल के संयुक्त उपक्रम इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत नगर निगम पानीपत को 40 लाख रुपए की अत्याधुनिक मशीनरी और अन्य सुरक्षा उपकरण दिए हैं। जिसको नगर निगम कमिश्नर



राहुल नरवाल ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर निगम कमिश्नर राहुल नरवाल ने इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज सुरक्षा से लैस जो उपकरण दिए गए हैं, उनका प्रयोग पानीपत में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए किया जाएगा। जिनसे सफाई कर्मचारी भी सुरक्षित रहेंगे।
इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड के एम.डी. के.जयपाल ने बताया कि आज हमारे संस्थान द्वारा नगर निगम पानीपत को लगभग 40 लाख रुपए के उपकरण दिए गए हैं। जिनमें ट्रैक्टर माउंटेड जेटिंग कम सैक्शन मशीन और शिविर क्लीनिंग के सुरक्षा उपकरण है।

# विधायक प्रमोद विज ने किया निर्माणाधीन 4 अंडर पास का निरीक्षण

**पानीपत/कमाल हुसैन**
पानीपत शहरी विधानसभा में 26 करोड़ की लागत से बन रहे 04 अंडर पासो के निर्माण कार्य का शहरी विधायक प्रमोद विज ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया क विधायक ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के आदेश दिए एवं अंडर पास से शहर के विभिन्न हिस्सों से जोड़ने के लिए कनेक्टिविटी करने के आदेश दिए। बता दे कि विधायक विज का शहर मे अंडर पास का निर्माण करा कर शहर मे ट्रैफिक की समस्या कम करना उद्देश्य रहा है क अंडर पास के निर्माण से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी एवं यातायात में राहगीरों के समय की बचत होगी
इन अंडर पास का होगा निमार्णः- 1. असंध रोड अंडर पास
2. गोहाना रोड अंडरपास
3. बिशन स्वरूप अंडरपास
4. इनकम टैक्स ऑफिस के सामने अंडरपास
मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जताया आभारः- विधायक प्रमोद विज ने बातचीत में बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं सांसद संजय भाटिया के प्रयासो से शहर मे चार अंडर पासो का निर्माण हो रहा है क मुख्यमंत्री मनोहर लाल की विशेष कृपा है कि राज्य सरकार ने 26 करोड़ की राशि रेल्वे को देकर अंडर पास का निर्माण करवा रही है।

# भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु के रूप में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि अग्निवीर योजना के तहत भारतीय वायु सेना ने अग्निवीर वायु प्रवेश 01/2025 हेतू चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 17 जनवरी से 6 फरवरी तक किया जाएगा, जिसके लिए ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च से आयोजित होगी। पात्र उम्मीदवार पंजीकरण के लिए वेब पोर्टल ड ब्ल्यू ड ब्ल्यू ड ब्ल्यू ड ॉ ट अग्निपथवायुडॉटसीडैकडॉटआईएन पर लॉगिन कर सकते हैं। उम्मीदवारों

**आवेदन**

> 8 अविवाहित भारतीय पुरुष व महिला उम्मीदवार 17 जनवरी से 6 फरवरी तक कर सकते हैं आवेदन

का जन्म 2 जनवरी, 2004 से 2 जुलाई, 2007 के बीच (दोनों तिथियां सम्मिलित) होना चाहिए। उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने शैक्षणिक योग्यता की जानकारी देते हुए बताया कि विज्ञान विषय के उम्मीदवारों के लिए केंद्रीय/राज्य/सरकार द्वारा अनुमोदित शिक्षा बोर्डों से गणित, भौतिकी और अंग्रेजी के साथ इंटरमीडिएट/10+2 समकक्ष परीक्षा कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उतीर्ण हो या केंद्रीय/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्थान से इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रोनिक्स/ऑटोमोबाइल/कंप्यूटर साइंस/इंस्ट्रमेंटेशटेक्नोलॉजी/इंफॉर्मेशन/टेक्नोलॉजी) कुल 50 प्रतिशत अंकों के साथ और डिप्लोमा कोर्स (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन) में अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के उतीर्ण, यदि अंग्रेजी कोर्स में विषय नहीं है।या गैर-

# शहर बस स्टैंड पर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से ईचार्ज पुलिस चैंकी न.-2 उ.नि. राजेन्द्र कुमार ने अपनी टीम के साथ मुख्य बस स्टैंड अम्बाला शहर पर पुलिस की पाठशाला के माध्याम से छात्र/छात्राओं व युवाओ को साईबर अपराध से बचाव बारे, नशे के दुष्परिणाम/नशे से दुर रहने, महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा,, व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया व महिला सुरक्षा के सम्बन्ध मे डायल 112 एप्प बारे छात्र/छात्राओ को विस्तृत जानकारी दी गई ।



ह्यह्यहरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्लह्ल के दौरान उपस्थित छात्र/छात्राओं, युवाओ व आमजन को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, अपराधिक गतिविधियों/नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने, किसी भी अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति व नशा तस्कर की सूचना तुरन्त पुलिस को देने बारे जागरूक किया जा रहा है। ईचार्ज पुलिस चैंकी न.-2 ने युवाओं को सम्बोधित किया कि युवा पढ़ाई में मन लगाकर अपने राष्ट्र व परिवार का नाम रोशन करें। कुसंगति से बचे क्योंकि बुरी संगत में पड़कर युवा बुरी आदतों का शिकार हो जाता है और अपना भविष्य अन्धकारमय बना लेते है।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि वह ह्यह्यहरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्लह्ल, खेलकूद प्रतियोगिता व सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से थानाधिकार क्षेत्रों में नशे की रोकथाम,नशे से युवाओं को दुर रखने के लिये, डायल 112 एप्प की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें और महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों व अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि पुलिस की पाठशालाह्लह्लखेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रखना व उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक कर उन्हें खेलकूद प्रतियोगिता बारे प्रेरित करना व महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए डायल 112 एप्प की जानकारी देना हैं। जिससे गांव ,कस्बों व समाज को नशा मुक्त , अपराध मुक्त बनाया जा सके और महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।
पुलिस की पाठशाला के माध्याम से छात्र/छात्राओं व युवाओ को जागरूक करने के लिये मुख्य बस स्टैंड अम्बाला शहर को चिन्हित किया गया क्योंकि काफी संख्या में छात्र/छात्राएं, युवा व आमजन बसों के माध्यम से गांव व कस्बों से पढाई करने व अन्य कार्यों के लिये अम्बाला शहर में आते है ।

न्यूज फ्लैश

# व्यापारी को गोली मारकर कार और रुपए लूटने के मामले में एक आरोपी काबू



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** सीआईए वन की टीम ने लिफ्ट लेकर व्यापारी को गोली मारकर कार और सवा दो लाख रुपए लूटने वाले मामले में विश्वसनीय सूचना पर एक आरोपी रविंद्र कुमार उर्फ मुंदर पुत्र जयपाल वासी बुढनपुर थाना समालखा, पानीपत को रक्सेडा पानीपत से गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर एक दिन का रिमांड हासिल किया गया था। रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से लूटी हुई कार एचआर12वाई-1150 मार्का टाटा डस्ट और एक लाख, दो हजार पांच सौ रुपए नकद बरामद किए गए।

आरोपी रविंद्र से पूछताछ में पाया गया कि वह व्यापारी संजय के नौकर अमित पुत्र सुरेश वासी धोलगढ का दोस्त है। पूरे मामले में नौकर अमित ने आरोपी रविंद्र के साथ मिलकर और अन्य दो आरोपियों ने योजना बनाकर इस वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी रविंद्र ने बताया कि इस वारदात में उसका चाचा देवेंद्र वासी बुढनपुर और एक अन्य आरोपी भी शामिल है, जो कि वारदात को अंजाम देकर लूटे हुए कुछ रुपए और लूटी गई कार आरोपी रविंद्र के पास छोडकर फरार हो गए थे। आरोपी रविंद्र को रिमांड के पश्चात न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस संबंध में शिकायतकर्ता संजय वासी चौधरी कॉलोनी नजदीक खालसा कॉलेज ने शिकायत दी थी कि वह 3 जनवरी की सुबह अपने नौकर अमित के साथ करनाल से स्पेयर पार्ट्स का सामान लेने के लिए सवा दो लाख रुपए लेकर दिल्ली के लिए अपनी गाड़ी में रवाना हुए थे। तभी जाते हुए आईटीआई चौक करनाल पर उन्होंने दिल्ली जाने वाले दो अज्ञात व्यक्तियों को लिफ्ट दी। मधुबन में नीलकंठ ढाबा के सामने पहुंचने पर दोनों व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता संजय के साथ मारपीट शुरू कर दी और शिकायतकर्ता के पैर में देशी पिस्तौल से गोली मारकर उसे और नौकर अमित को गाड़ी से बाहर धक्का दे दिया और 2 लाख 25 हजार रुपए व उसकी गाड़ी एचआर 12वाई 1150 मार्का टाटा डस्ट लेकर पानीपत की तरफ फरार हो गए।

शिकायत के आधार पर थाना मधुबन में 3 जनवरी को आईपीसी की धारा 307, 379, 34 और शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में तुरंत कार्यवाही करते हुए सीआईए वन करनाल की टीम ने संदेह होने पर शिकायतकर्ता संजय के नौकर अमित पुत्र सुरेश कुमार वासी धोलगढ़ को हिरासत में लिया और पूछताछ में नौकर अमित ने बताया था कि उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया था। मामले की आगामी कार्यवाही में मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर शेष बरामदगी भी की जाएगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री : हरविंद्र कल्याण

## दुनिया के दूसरे देशों में प्रधानमंत्री का रुतबा और देश की इज्जत, मान-सम्मान बढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा वीरवार को घरौंडा खंड के गांव चौरा खालसा पहुंची। कार्यक्रम में विधायक हरविंद्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विधायक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद को खत्म कर विकास की परिभाषा को बदला है, इससे दुनिया के दूसरे देशों में प्रधानमंत्री का रुतबा और देश की इज्जत, मान-



सम्मान बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री हैं। हिंदुस्तान को 2047 में विकसित करने का जो सपना प्रधानमंत्री ने देखा है, उस सपने को आमजन के सहयोग के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि यह यात्रा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को लोगों को बताने के लिए चलाई गई है। भाजपा के शासनकाल में सरकारी नौकरियों में जिस तरह से पारदर्शिता आई है उससे नौकरियों में सबका हक हुआ है। यह बदलाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच के कारण ही संभव हो पाया है।

बतौर वरिष्ठ अतिथि चेयरमैन हरियाणा सरकार निर्मला बैरागी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित जन समूह को संकल्प शपथ दिलाते हुए कहा कि आने वाले कल में विकसित भारत किस तरह से बने यही मोदी जी का सपना है और इसको हम सब ने मिलकर साकार बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमजन के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान भारत योजना शुरू की थी, जिसका विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री ने चिरायु हरियाणा के नाम से योजना चला कर प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी को आयुष्मान भारत चिरायु हरियाणा के तहत लाभ प्रदान किया है। इस योजना में परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए 5 लाख तक के इलाज का प्रावधान किया गया है। बीडीपीओ अशोक कुमार, एससीपीओ राजेश कुमार, सरपंच प्रमोद कुमार, बड़सत मंडल अध्यक्ष नरेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# छोटी साली को लेकर जीजा फरार

## गर्भवती पत्नी की देखभाल के लिए लेकर आया था

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**घरौंडा** थाना के अंतर्गत आने वाले एक गांव में जीजा अपनी शादीशुदा छोटी साली को लेकर फरार हो गया। आरोपी अपनी साली को घर में अपनी प्रेग्नेंट पत्नी की देखभाल के बहाने से लेकर आया था। 5 दिन से दोनों का कोई सुराग नहीं है। पति ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं लगा। साली के पति ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता की शादी करीब 10 साल पहले हुई थी। उसके पांच बच्चे हैं। पांच दिन पहले उसका साढ़ू उसके घर पर आया था। वह भी चार बच्चों का पिता है और उसकी पत्नी प्रेग्नेंट है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि उसका साढ़ू उसकी पत्नी को अपने साथ अपने गांव ले जाना चाहता था, क्योंकि उसकी पत्नी गर्भवती है और देखभाल करने वाला कोई नहीं था। हालांकि शिकायतकर्ता ने मना भी किया, क्योंकि उसके भी पांच बच्चे हैं और उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं था। लेकिन, साढ़ू ने काफी रिक्वेस्ट की तो शिकायतकर्ता मान गया और उसने अपनी पत्नी को उसके साथ भेज दिया, लेकिन वह उसे अपने घर लेकर पहुंचा ही नहीं। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पास किसी व्यक्ति का फोन आया था, जिसने उसे बताया कि तुम्हारा साढ़ू तुम्हारी पत्नी को लेकर 5 दिन से फरार है। इसके बाद उसने अपने स्तर पर भी अपनी पत्नी की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका साढ़ू मुजफ्फरनगर के एक गांव का रहने वाला है और बाद में वह पानीपत रहने लग गया था।

# अब पेटीएम एप से भी कर सकते हैं ट्रैफिक चालान का भुगतान: सोनू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**पुलिस उप अधीक्षक** यातायात सोनू नरवाल ने बताया कि आज के दौर में ऑनलाइन पैसे का लेनदेन प्रचलन में है, इसी सुविधा को ध्यान में रखते हुए हरियाणा पुलिस द्वारा आमजन को यह सुविधा देते हुए पेटीएम एप्प की मार्फत ट्रैफिक चालान का भुगतान करने की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने बताया कि पहले ट्रैफिक चालान केवल कैश राशि में भुगतान होता था। अब चालान का भुगतान करना आसान हो गया है। ट्रैफिक पुलिस ने पहली बार जुमार्ने की राशि के लिए ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करना शुरू कर दिया है। यह भुगतान ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पेटीएम एप्प के माध्यम से कर सकते हैं। सोनू नरवाल ने बताया कि जब उल्लंघनकर्ता यातायात नियमों की अवहेलना करते हैं तो विवादों से बचने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह पहल की गई है। इस पहल के पीछे यह सोच है कि ट्रैफिक चालानों को चुकाने का सबसे आसान तरीका डिजिटल भुगतान है। आजकल आमजन किसी भी लेनदेन के लिए कैश पेमेंट की तुलना में डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता ज्यादा देते हैं। उन्होंने भुगतान के बारे में कहा कि अपने स्मार्टफोन पर पेटीएम ऐप के माध्यम से अपने ट्रैफिक चालान का भुगतान करने के लिए, एप्लिकेशन खोलकर शुरूआत करें। रिचार्ज और बिल भुगतान अनुभाग का चयन करें और चालान का पता लगाने और चयन करने के लिए नीचे स्क्रॉल करें। दिखाई देने वाले विकल्पों में से, प्रासंगिक यातायात प्राधिकरण के रूप में हरियाणा ट्रैफिक पुलिस चुनें। आवश्यक विवरण दर्ज करें, जैसे आपका चालान नंबर, वाहन पंजीकरण नंबर या ड्राइविंग लाइसेंस नंबर। जुमार्ना राशि के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ें पर क्लिक करें तथा भुगतान करें।

# छात्राओं को महिला अपराधों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**डीएसपी** महिला सुरक्षा नायाब सिंह के निर्देशन में महिला निरीक्षक राजेश लता, महिला एसआई बबिता और टीम द्वारा शहर में अलग-अलग जगह पर महिला सुरक्षा को लेकर उनको जागरूक किया जा रहा है। महिला निरीक्षक राजेश लता ने महिला कॉलेज बस्ताडा में जाकर छात्राओं को महिला के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं को पोक्सो एक्ट, भादंस की धारा 354, 509 के बारे भी समझाया। सभी छात्राओं को विश्वास में लेकर उनकी समस्याएं जो कि उनको गांव से कॉलेज में बस में आते जाते समय होती हैं, को जानकर तुरंत उनका समाधान किया।

# शहरवासी 4 पार्किंग स्थलों पर वाहन कर सकते हैं खड़ा : अदिति

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। नगर निगम** ने शहर के चार पार्किंग स्थलों को एक वर्ष के लिए ठेके पर दे दिया है। यह पार्किंग स्थल विभिन्न ठेकेदारों को बीते दिनो हुई खुली बोली के माध्यम से दिए गए हैं। यह पार्किंग पुरानी सब्जी मण्डी क्षेत्र, नजदीक विर्क अस्पताल, जरनैली कॉलोनी व घण्टाघर चौक स्थित पुराना नगर निगम कार्यालय स्थल हैं।

नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति ने शहर वासियों से कहा है कि वह शॉपिंग इत्यादि के लिए मार्किट क्षेत्र में आएं, तो वाहन खड़ा करने के लिए उपरोक्त चारों पार्किंग स्थलों का उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए दुपहिया व



चार पहिया वाहन के हिसाब से बहुत ही जायज शुल्क निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक बाजार, सडक या नो-पार्किंग जोन में अपने वाहन को खड़ा न करें। ऐसे वाहनों को उठाने के लिए शहर में टो-वेन भी घूमती रहती है और ट्रैफिक पुलिस द्वारा उनका चालन भी किया जाता है। यह शुल्क किए निर्धारित- उन्होंने बताया कि दुपहिया व चार पहिया वाहन के हिसाब से पार्किंग के शुल्क निर्धारित किए गए हैं। यह शुल्क 2 घण्टे, 6 घण्टे, 24 घण्टे व मासिक पास के हिसाब से तय हैं। उन्होंने बताया कि स्कूटर, मोटरसाईकिल व ऑटोरिक्शा के लिए 2 घण्टे के 10 रुपये, 6 घण्टे के 20 रुपये, 24 घण्टे के 50 रुपये तथा मासिक पास के 500 रुपये तय किए गए हैं।

# मेरा भारत-विकसित भारत, 2047 थीम पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। युवा** कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के स्वायतशासी संगठन नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग के दिशा निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री द्वारा तय लक्ष्य मेरा भारत-विकसित भारत, 2047 पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में उन्होंने युवाओं को प्रभावशाली उद्बोधन देते हुए भाषण प्रतियोगिता की विषयवस्तु रखी।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के पंच प्रण एवं मेरा भारत विकसित भारत विषय पर आधारित यह



भाषण प्रतियोगिता देशभर के सभी जिलों मे आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रथम विजेता को राज्य और राज्य स्तर के विजेता को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। राष्ट्रीय स्तर के प्रथम विजेता को पुरस्कार राशि एक लाख रुपए, द्वितीय विजेता को पचास हजार रुपए, तृतीय व चतुर्थ विजेता को पच्चीस हजार रुपए दी जाएगी।

कार्यक्रम में युवाओं ने मेरा भारत विकसित भारत विषय पर अपने विचार

**प्रतियोगिता**

**8 प्राचार्य तथा स्टाफ एवं युवाओं का कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया**

व्यक्त किये और विकसित भारत बनाने में युवाओं की क्या भूमिका हो सकती है। युवाओं ने संबोधन में विकसित भारत अतुल्य भारत के पंच प्रण के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित करना, और गुलामी से आजादी, विरासत पर गर्व, एकता और एक जुटता पर जोर, नागरिकों का कर्तव्य पालन करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है।

कार्यक्रम में डॉ. दीप्ति शर्मा, प्रोफेसर, डॉ.अनुराधा नागिया, प्रोफेसर एवं मेहर सिंह, पत्रकार ने निर्णायक मंडली की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में स्वाति नैन ने प्रथम स्थान, नितिन ने द्वितीय स्थान एवं ऋषिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 35 युवाओं ने भाग लिया था। इसके साथ उन्होंने कार्यक्रम के समापन पर पधारे हुए सभी निर्णायकों, विशेष सहयोग हेतु बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य तथा स्टाफ एवं युवाओं का कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया।

# संस्कृत पीजीटी की दो बार, बाकी की एक बार भी नहीं: कृष्ण कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। शिक्षक तबादला** करवाओ संघर्ष समिति ने कहा है कि संस्कृत पीजीटी की दो बार एडजस्टमेंट कर दी गई है तो क्या बाकी प्रमोशन पाए टीचर, दूर दराज गए टीचर, एनिवेहर गए शिक्षक, क्या एक बार भी एडजस्टमेंट के हकदार नहीं है। समिति ने सरकार से मांग की कि जब पीजीटी संस्कृत की दो बार एडजस्टमेंट हो सकती है तो फिर बाकी प्रमोशन पाए, दूर दराज गए, एनिवेहर गए शिक्षकों को भी एक बार यह एडजस्टमेंट का अवसर दिया जाए।

यह मांग समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण, राज्य सचिव रामनिवास संगोही और प्रवक्ता ऋषिराज नरवाल ने की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार बाकी के शिक्षकों को यह मौका नहीं देती तो एक तरह से यह भेदभाव माना जाएगा और हिंदी के पीजीटी प्रमोशन पाए गए शिक्षकों के साथ तो पूर्णतया भेदभाव साबित होगा, क्योंकि जो पीजीटी हिंदी दूर-दराज के एरिया में या एनिवेहर गए हैं, उनके पूर्व के जिलों में भी पीजीटी हिंदी के पद खाली हैं, फिर उनकी एडजस्टमेंट सरकार और शिक्षा विभाग क्यों नहीं कर रही है।

राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने मांग की कि वैसे तो कायदे से अब ट्रांसफर ड्राइव शुरू कर दिया जाना चाहिए, ताकि नए सत्र तक तबादले हो जाएं। उन्होंने शिक्षा मंत्री के उस बयान पर सहमति व्यक्त की कि जेबीटी के ट्रांसफर अभी कर देंगे, मगर उसे प्रभावी मार्च से माना जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सुझाव प्रदेश में सबसे पहले संघर्ष समिति ने ही दिया था, जो कि सोलह दिसम्बर के पत्र में मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को वाया मेल भेजा गया था। उन्होंने कहा कि सरकार और विभाग ट्रांसफर ड्राइव शुरू करें और विधिवत रूप से तबादले कर दे।

# मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चरित्र से बहुत कुछ सीखने को मिलता है: कुंज बिहारी

## श्रीधाम वृंदावन के कुंज बिहारी दास जी भक्तमाली कर रहे हैं कथा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) भगवान श्री कृष्ण** के मुखारविंद से उत्पन्न पावन गीता की जन्मस्थली, तीर्थों की संगम स्थली एवं धर्मनगरी में पौष माह में चल रही श्री मद भागवत कथा के अवसर पर व्यासपीठ से विख्यात कथा वाचक कुंज बिहारी दास जी भक्तमाली ने समुद्र मंथन, श्री बलि वामन प्रसंग, भगवान श्री राम जन्म व श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंगों की चर्चा की। यह कथा सीता (सहचरी दासी) एवं वैष्णव परिवार द्वारा श्री गीता धाम में श्रद्धा से आयोजित की गई है। कथा प्रारम्भ से पूर्व श्री गीता धाम से माता श्री एवं अन्य श्रद्धालुओं ने व्यासपीठ पूजन किया। रसमयी वाणी में कथावाचक कुंज बिहारी दास जी भक्तमाली ने कथा बताया कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के चरित्र से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आज का इंसान भगवान राम का एक चरित्र भी अपने जीवन में उतार ले तो उसकी जिदगी सफल हो सकती है। भगवान राम के जीवन में अनेक दुख आने पर भी उन्होंने न तो कभी धैर्य छोड़ा और न ही कभी मयार्दा का उल्लंघन किया। इसीलिए प्रभु श्रीराम को मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। इसके साथ ही उन्होंने श्री बलि, भगवान वामन तथा श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई।

# सीजेएम ने किया एमडीडी बाल भवन का दौरा, बच्चों से की बातचीत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**मुख्य न्यायिक** दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर ने वीरवार को एमडीडी बाल भवन का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ टेऊनिंग सिविल जज (जूनियर डिवीजन) रितिज अरोड़ा, सुश्री रितिका शर्मा, उदित अग्रवाल, सुश्री नितिका बंसल, सुश्री अनमोल कक्कड़, सुश्री रूहेला व सुश्री अवंतिका मौजूद रहे।

इस अवसर पर सीजेएम ने एमडीडी बाल भवन में रह रहे बच्चों से बातचीत की व उनकी दैनिक गतिविधियों बारे जानकारी प्राप्त की। मौका पर श्री



कैलाश सत्यार्थी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में केक काटा गया व बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। गौरतलब है कि श्री कैलाश सत्यार्थी जी प्रसिद्ध कवि व लेखक थे, जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से बच्चों के अधिकारों की बात रखी व अपनी कविताओं के माध्यम से उनके शोषण को रोकने का प्रयास किया। इन्हें बच्चों और युवाओं के दमन के खिलाफ उनके संघर्ष और बच्चों के अधिकारों के लिए किए प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीजेएम ने बताया कि जिला करनाल के विभिन्न स्थानों पर नेशनल हयूमन टैऊफिकिंग अवयेरनेस डे के उपलक्ष्य में गांव फूसगढ में कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन पैनल अधिवक्ता सोनू द्वारा आंगनवाड़ी वर्करस व महिलाओं के लिए किया गया व एजिंग विद डिगनिटी के अंतर्गत सुभद्रा वरिष्ट नागरिक सदन, करनाल में सुश्री मोनिका, पैनल अधिवक्ता व हिमांशू ढिंगड़ा, पैरा लिगल वालंटियर द्वारा शिविर लगााकर वरिष्ट नागरिकों को उनके अधिकारों बारे अवगत करवाया, उन्हें लोहड़ी पर्व की बधाई दी। मौके पर एक वालंटियर द्वारा वरिष्ट नागरिकों को रिफ्रेशमेंट व राशन किट प्रदान की गई।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में करनाल को मिला 115वां रैंक

## पांच साल पहले स्मार्ट सिटी का सेहरा बांधने वाला करनाल स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार 115वां रैंक हासिल कर शर्मसार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**पांच** साल पहले स्मार्ट सिटी का सेहरा बांधने वाला करनाल स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार 115वां रैंक हासिल कर शर्मसार है। ऐसे में अब राजनीतिक गलियारों में भी सवाल उठना लाजिमी है, क्योंकि सिटी को सुंदर बनाने के लिए लगभग एक हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। राजनीतिक पटरी से चहेतों को लाभ पहुंचाने की कवायद ने शहर की स्वच्छता का सर झुकाया है। कर्ण स्टेडियम का सुदृढ़ीकरण, कैलाश स्टेडियम, कुटेल मेडिकल यूनिवर्सिटी, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, स्वच्छता, सफाई के लिए अलग-अलग ठेके और



अधिकारियों की प्रयोगात्मक कार्यप्रणाली कुछ के लिए बेशक काफी लाभदायक रही, लेकिन शहर की स्वच्छता रैंकिंग पिछले वर्ष के मुकाबले 30 फीसदी नीचे गिर गई।

बीते वर्ष की स्वच्छता रैंकिंग पर नजर डालें तो 2020 में करनाल का 17वां रैंक था, 2021 में 86वां रैक, 2022 में करनाल ने 85वां रैक हासिल किया, लेकिन इस बार 115वां रैंक मिलने का सीधा कारण 100 से अधिक स्मार्ट प्रोजेक्ट की अनदेखी बनी है। सीधे तौर पर कहें तो विकास किसी काम का नहीं, अगर काम का होता तो कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में खास सुविधाएं मिलतीं और सडकें अतिक्रमण मुक्त होतीं। शहर को गांव तक पहुंचाने का नतीजा यह रहा कि सिटी सुंदर ही नहीं बन पाई।

शहर की हर गली में लटकती बिजली की तारें, टूटी सडकें, गंदगी के ढेर, अवरुद्ध यातायात, अस्वच्छता व लोगों में जागरूकता का अभाव ऐसे बहुत से कारण हैं, जिन पर फोकस नहीं किया गया। वहीं शहर में सफाई व्यवस्था के हालात ऐसे रहे कि गुरुवार को जारी हुई स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की रैंकिंग से टॉप 10 शहरों में शुमार होने का ख्वाब मुंगेरीलाल के हसीन सपने की तरह टूट गया।

उल्लेखनीय है कि साफ. सफाई को लेकर साल 2020 में करनाल पूरे देश में 17वें स्थान पर था। 2021 में 86वें रैंक पर आ गया। 2022 में 85वें रैंक पर आया। इस बार तो 30 पॉइंट और नीचे गिरकर 115वें रैंक पर पहुंच गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का विधानसभा क्षेत्र होते हुए भी शहर की सुंदरता के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सीएम की इमेज का ख्याल भी नहीं किया।

स्वच्छता सर्वेक्षण में करनाल नगर निगम का प्रदर्शन 2020 तक ठीक रहा था।

# 34वें अखिल भारतीय पोस्टल बास्केटबॉल टूर्नामेंट का विधिवत रुप से हुआ समापन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के मल्टी पर्पस हॉल में हरियाणा पोस्टल सर्कल द्वारा आयोजित किए जा रहे 34वें अखिल भारतीय पोस्टल बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2023-24 का समापन वीरवार को हुआ। इस समापन कार्यक्रम में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। इस दौरान विशेष अतिथि के रुप में मुख्य पोस्टमास्टर जनरल हरियाणा कर्नल एसएफएच रिजवी, निदेशक डाक सेवा (मुख्यालय)

**काबू**

**8 विभिन्न डाक सर्किलों की छह टीमों ने भाग लिया व सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना का अनुसरण किया**

राधिका धीर, निदेशक (लेखा) डाक अम्बाला सतीश मिर्धा भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत प्लांट पॉट देकर किया गया। निदेशक लेखा (डाक) अंबाला सतीश मिर्धा ने मुख्य अतिथि सहित अन्य सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और मीडिया व प्रेस के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस अवसर पर गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमीन रोड कुरूक्षेत्र की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और मनमोहक पंजाबी गिद्दा प्रस्तुत किया गया। इस टूनार्मेंट में विभिन्न डाक सर्किलों की छह टीमों ने भाग लिया व सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना का अनुसरण किया। टूनार्मेंट में हरियाणा पोस्टल सर्कल की टीम को पहला, ओडिशा पोस्टल सर्कल की टीम को दूसरा व गुजरात पोस्टल सर्कल की टीम को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

## संपादकीय

# न्याय यात्रा और वाइब्रेंट गुजरात

**राहुल** गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होने में महज तीन दिन रह गए हैं। 14 जनवरी को मणिपुर से राहुल गांधी फिर देश को जोड़ने वाली यात्रा पर निकलने वाले हैं। मणिपुर के जिस मैदान से यह यात्रा शुरू होनी है, उसके लिए राज्य सरकार ने मंजूरी नहीं दी है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल के मुताबिक एक हफ्ते पहले ही कार्यक्रम की अनुमति के लिए आवेदन दे दिया गया था, लेकिन अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। राहुल गांधी की प्रस्तावित न्याय यात्रा मणिपुर से निकालने का एक खास मकसद है। पिछले साल के मई महीने से मणिपुर अशांत है। विपक्ष के कई नेता मणिपुर जाकर हालात देख चुके हैं। खुद राहुल गांधी भी वहां एक बार जाकर पीड़ितों से मिलकर आए हैं। उन्होंने संसद में बताया भी था कि किस तरह मणिपुर में अत्याचार हो रहा है। वहां महिलाओं, बच्चों और हिंसा से पीड़ित लोगों के कितने बुरे हाल हैं। मणिपुर पर अपनी पीड़ा व्यक्त करने के लिए राहुल गांधी ने संसद में भारत माता की हत्या वाला बयान भी दिया था। जिस पर उन्हें लोकसभा अध्यक्ष ने टोका था और आगे से ऐसा न करने की नसीहत दी थी। हालांकि राहुल गांधी जिस संदर्भ में यह उदाहरण दे रहे थे, वह गलत नहीं था। नेहरूजी ने भी यही बताया है कि भारत माता का मतलब भारत के लोग, यहां की नदियां, जंगल, खेत और पहाड़ हैं। इनमें से किसी का भी शोषण हो, किसी का भी हक मारा जाए, तो वह सीधे भारत की आत्मा पर, भारत मां पर प्रहार होता है। भारत मां की मूर्ति बनाकर उसकी पूजा करने से देश मजबूत नहीं होगा, बल्कि यहां के लोगों को सशक्त करने से देश मजबूत होगा। हालांकि मौजूदा केंद्र सरकार के विचार इस बारे में शायद अलग हैं। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी मुश्किल से संसद में मणिपुर पर दो-तीन पंक्तियों का बयान दिया था, लेकिन उसके अलावा न वे मणिपुर खुद गए न कोई ऐसा कदम उठाया, जिससे यह संदेश जाए कि सरकार को मणिपुर के लोगों की भी उतनी ही फिक्र है, जितनी राम मंदिर की है या वाइब्रेंट गुजरात के आयोजन की। मणिपुर की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री एम बीरेन सिंह ने राहुल गांधी की यात्रा के कार्यक्रम को मंजूरी नहीं देने के विषय में कहा कि मामले पर 'विचार' हो रहा है और सुरक्षा एजेंसियों से रिपोर्ट मिलने के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा। वहीं पत्रकारों से बीरेन सिंह ने यह भी कहा कि मणिपुर में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति 'बहुत गंभीर' है। मणिपुर में कानून व्यवस्था या सुरक्षा के नाम पर अगर कांग्रेस के कार्यक्रम को मंजूरी नहीं मिल रही है, तो इसका साफ मतलब है कि मणिपुर में भाजपा सरकार हालात सामान्य करने में नाकाम रही है। विपक्ष इसी तर्क के आधार पर बार-बार मुख्यमंत्री की बर्खास्तगी की मांग करता रहा है। लेकिन भाजपा न विपक्ष की मांग सुन रही है, न मणिपुर के लोगों की गुहार। भाजपा सरकार जब खुद विपक्ष के एक कार्यक्रम को सुरक्षा कारणों से अनुमति नहीं दे पा रही, तो यह समझा जा सकता है कि राज्य में अब हालात उसके काबू में नहीं हैं। राहुल गांधी मणिपुर से इस यात्रा को शुरू करना चाहते हैं ताकि न्याय का संदेश उस धरती से निकले, जहां इस वक्त देश सबसे अधिक नाइंसाफी देख रहा है। अफसोस की बात है कि मणिपुर सरकार के इस कदम को भाजपा की विफलता की जगह कांग्रेस को झटके की तरह मीडिया में पेश किया जा रहा है।

# राम मंदिर: सियासी मंच या आस्था का उत्सव

प्रियंका सौरभ

> विपक्षी राजनीतिक दलों के नेता राममंदिर को सियासी इसलिए बना रहे है ताकि महोत्सव में किसी न किसी प्रकार का विवाद खड़ा हो जाये। इन्हे सुनकर ये कहा जा सकता है कि सियासी लोग अभी तक राम मंदिर के निर्माण के राष्ट्रीय कार्य को मन से स्वीकार नहीं कर पाए है। कहा तो ये भी जा रहा है कि राम मंदिर 2024 के सियासी 'दंगल' में अहम रोल निभाएगा. लेकिन ये एक अलग विषय है इसे छोड़ दीजिये ये सोचकर कि आखिर रामजी किसका करेंगे बेड़ा पार? धर्म में आस्था सर्वोपरि होती है, इसका सियासत से क्या रिश्ता? वक्त बताएगा। फिलहाल नव वर्ष में नई अयोध्या 21वीं सदी के सबसे बड़े सामाजिक-सांस्कृतिक और धार्मिक उत्कर्ष का गवाह बनने जा रही है। लाखों रामभक्तों और श्रद्धालुओं के मन की मुराद भी पूरी करने जा रही है

**राजनीति** अपनी जगह है लेकिन राम मंदिर करोडों भारतीयों के लिए आस्था का विषय है। राजनीति कैसे साधारण विषयों को भी उलझाकर मुद्दे में तब्दील कर देती है, रामजन्मभूमि का विवाद इसका उदाहरण है। आज के भारत का मिजाज, अयोध्या में स्पष्ट दिखता है। आज यहां प्रगति का उत्सव है, तो कुछ दिन बाद यहां परंपरा का उत्सव भी होगा। आज यहां विकास की भव्यता दिख रही है, तो कुछ दिनों बाद यहां विरासत की भव्यता और दिव्यता दिखने वाली है। अयोध्या में राममंदिर का निर्माण तथा भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हमारी गौरवशाली आस्था के क्षण है और वर्तमान पीढ़ी बेहद भाग्यशाली है, जो इन ऐतिहासिक क्षणों की साक्षी बनने जा रही है। सोचे तो राममंदिर सबका है क्योंकि राम किसी के साथ भेदभाव नहीं करते है, राम सबके है। लेकिन यह बात बार-बार इसलिए दोहराई जा रही है ताकि राम मंदिर आंदोलन से लेकर निर्माण तक भाजपा को जो श्रेय मिल रहा है उसे कम किया जा सके। विपक्षी राजनितिक दलों के नेता राममंदिर को सियासी इसलिए बना रहे है ताकि महोत्सव में किसी न किसी प्रकार का विवाद खड़ा हो जाये। इन्हे सुनकर ये कहा जा सकता है कि सियासी लोग अभी तक राम मंदिर के निर्माण के राष्ट्रीय कार्य को मन से स्वीकार नहीं कर पाए है। अयोध्या में राम मंदिर अटूट आस्था का विषय है। एक ऐसी आस्था जिसे श्रद्धालु सदियों तक कायम रखते रहे, तब भी जब मंदिर खड़ा नहीं था। आज राम मंदिर का भव्य निर्माण हो रहा है। राम मंदिर का निर्माण एक अनथक संघर्ष का प्रतीक है। यह भारत के लोकतंत्र, उसके न्यायिक-सामाजिक मूल्यों की स्थापना का समय भी है। यह सिर्फ मंदिर नहीं है जन्मभूमि है, हमें इसे कभी नहीं भूलना चाहिए। लोकजीवन में, साहित्य में, इतिहास में, भूगोल में, हमारी प्रदर्शनकलाओं में उनकी उपस्थिति बताती है राम किस तरह इस देश का जीवन हैं। राम का होना मयार्दाओं का होना है, रिश्तों का होना है, संवेदना का होना है, सामाजिक न्याय का होना है, करुणा का होना है। वे सही मायनों में भारतीयता के उच्चादर्शों को स्थापित



करने वाले नायक हैं। लोकमन में व्याप्त इस नायक को सबने अपना आदर्श माना। राम सबके हैं। वे कबीर के भी हैं, रहीम के भी हैं, वे गांधी के भी हैं, लोहिया के भी हैं। राम का चरित्र सबको बांधता है।

अनेक रामायण और रामचरित पर लिखे गए महाकाव्य इसके उदाहरण हैं। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त स्वयं लिखते हैं- राम तुम्हारा चरित स्वयं ही काव्य है, कोई कवि बन जाए, सहज संभाव्य है। भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति के ऐसे वटवृक्ष हैं, जिनकी पावन छाया में मानव युग-युग तक जीवन की प्रेरणा और उपदेश लेता रहेगा। जब तक श्रीराम जन-जन के हृदय में जीवित हैं, तब तक भारतीय संस्कृति के मूल तत्व अजर-अमर रहेंगे। श्रीराम भारतीय जन-जीवन में धर्म भावना के प्रतीक हैं, श्रीराम धर्म के साक्षात स्वरूप हैं, धर्म के किसी अंग को देखना है, तो राम का जीवन देखिये, आपको धर्म की असली पहचान हो जायेगी। आज के भारत का मिजाज, अयोध्या में स्पष्ट दिखता है। आज यहां प्रगति का उत्सव है, तो कुछ दिन बाद यहां परंपरा का उत्सव भी होगा। आज यहां विकास की भव्यता दिख रही है, तो कुछ दिनों बाद यहां विरासत की भव्यता और दिव्यता दिखने वाली है। अयोध्या में राममंदिर का निर्माण तथा भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हमारी गौरवशाली आस्था के क्षण है और वर्तमान पीढ़ी बेहद भाग्यशाली है, जो इन ऐतिहासिक क्षणों की साक्षी बनने जा रही है। आज देखने में आ रहा है कि मंदिरों में दर्शन करने वालों की संख्या में आशातीत बढ़ोतरी हुई है। लोग मन कि शांति के लिए प्राणयाम, ध्यान धार्मिक अनुष्ठान और सेवा कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग ले रहें है। यह भारत का आध्यात्मिक जागरण और आस्था के प्रति समर्पण मनुष्य को नैतिकता की और ले जा रहा है। श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ ही भारत में वैसा दृश्य निर्मित हो रहा है, जैसे रामराज्य आ रहा है। राजनीति अपनी जगह है लेकिन राम मंदिर करोड़ों भारतीयों के लिए आस्था का विषय है। राजनीति कैसे साधारण विषयों को भी उलझाकर मुद्दे में तब्दील कर देती है, रामजन्मभूमि का विवाद इसका उदाहरण है। आजादी मिलने के समय सोमनाथ मंदिर के साथ ही यह विषय हल हो जाता तो कितना अच्छा होता। आक्रमणकारियों द्वारा भारत के मंदिरों के साथ क्या किया गया, यह छिपा हुआ तथ्य नहीं है। अच्छा होता कि इस कार्य को सांझी समझ से हल कर लिया जाता। किंतु राजनीतिक आग्रहों ने ऐसा होने नहीं दिया। कई बार जिद्द कुछ देकर नहीं जाती, भरोसा, सद्भाव और भाईचारे पर ग्रहण जरुर लगा देती हैं। अतीत में राम मंदिर के नष्ट होने से लेकर राम जन्मभूमि भूमि को पुनः प्राप्त करने के आंदोलन तक राममंदिर पर सियासी मंच हावी रहा है। जैसे-जैसे मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह की तारीख नजदीक आ रही है, राजनीतिक नेताओं को भेजे गए निमंत्रणों ने कबूतरों के बीच बिल्ली को खड़ा कर दिया है। विपक्ष का गुट गंभीर राजनीतिक बंधन में फंस गया है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर विपक्षी दल सत्ताधारी पार्टी पर हमलावर है। विपक्षी दल कह रहे हैं कि सत्तासीन पार्टी लोकसभा चुनाव को देखते हुए समारोह का इस्तेमाल कर रही है। मंदिर का उद्घाटन चुनावी लाभ के लिए किया जा रहा है। सोचे तो राममंदिर सबका है क्योंकि राम किसी के साथ भेदभाव नहीं करते है, राम सबके है। लेकिन यह बात बार-बार इसलिए दोहराई जा रही है ताकि राम मंदिर आंदोलन से लेकर निर्माण तक विशेष कार्य करने वाली पार्टी को जो श्रेय मिल रहा है उसे कम किया जा सके।

विपक्षी राजनितिक दलों के नेता राममंदिर को सियासी इसलिए बना रहे है ताकि महोत्सव में किसी न किसी प्रकार का विवाद खड़ा हो जाये। इन्हे सुनकर ये कहा जा सकता है कि सियासी लोग अभी तक राम मंदिर के निर्माण के राष्ट्रीय कार्य को मन से स्वीकार नहीं कर पाए है। कहा तो ये भी जा रहा है कि राम मंदिर 2024 के सियासी 'दंगल' में अहम रोल निभाएगा. लेकिन ये एक अलग विषय है इसे छोड़ दीजिये ये सोचकर कि आखिर रामजी किसका करेंगे बेड़ा पार? धर्म में आस्था सर्वोपरि होती है, इसका सियासत से क्या रिश्ता? वक्त बताएगा। फिलहाल नव वर्ष में नई अयोध्या 21वीं सदी के सबसे बड़े सामाजिक-सांस्कृतिक और धार्मिक उत्कर्ष का गवाह बनने जा रही है। लाखों रामभक्तों और श्रद्धालुओं के मन की मुराद भी पूरी करने जा रही है, जो सैकड़ों वर्षों से रामलला को दिव्य-भव्य नए मंदिर में विराजने का इंतजार कर रहे हैं। अयोध्या दिन-रात संवर रही है, सज रही है। यह अवसर न सिर्फ इस धार्मिक नगरी के लिए आध्यात्मिक दृष्टि से उत्कर्ष का होगा, बल्कि अवध की अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार बन जाएगा।

## कविता

### रक्षक बनो भक्षक नहीं

शेर का चिन्ह है मस्तक पर
तुम शेर बनो गिदड नहीं।

वर्दी को शेर की खाल जानो
तुम समझो इसे वस्त्र नहीं।

सेवा के लिए तुम्हें चुना गया
सदुपयोग करो दुरुपयोग नहीं।

जनता की सुरक्षा है तुम्हारे कंधों पर
तुम रक्षक बनो भक्षक नहीं।

सहयोग हो जितना तुम कर सको
निस्वार्थ हो कोई स्वार्थ नहीं।

साहस वीरता का दो परिचय
तुम सक्षम हो अक्षम नहीं।

अतुलित शक्ति का संगम हो
भुजाओं से निर्बल नहीं।

डॉ. अशोक कुमार

## वॉट्स एप कौ दौर

**पंकज शर्मा "तरुण "**

**वर्तमान युग** में जब से एंड्रॉयड मोबाइल, डिवाइस और इंटरनेट घर -घर पहुंचा है, हमारी दिन चर्या अति व्यस्त और आसान हो गई है, इंसान का इंसान से जुड़ाव नाम मात्र का रह गया है,हमेशा वह ऑन लाइन रहता है !या यूं कहें तो बेमानी नहीं होगा कि आदमी इस डिवाइस का गुलाम बन गया है !सोते ,जागते उसका ध्यान इसी में रहता है।कहीं जरा सा भी यह आंखों से ओझल हो जाए तो आदमी का व्यवहार ऐसा हो जाता है, जैसे उसकी कोई प्रिय वस्तु या साजन /सजनी दूर हो गया हो !उद्विग्नता की यह स्थिति भयावह तो तब हो जाती है जब मोबाइल की बैटरी बैठ रही हो !मोबाइल में जो प्रमुख प्लेटफार्म हैं ,वे फेसबुक,व्हाट्स ऐप, इंस्टाग्राम, यू ट्यूब, गूगल आदि अन्य सोशल मीडिया के ऐप होते हैं मगर अधिकांश लोग फेसबुक और वाट्स ऐप पर ज्यादा सक्रिय रहते हैं।इसमें भी व्हाट्स ऐप का उपयोग अत्यधिक पसंदीदा होता है।इसमें जो सुविधाएं हमें मिलती हैं वे कही दूसरे ऐप में उपलब्ध नहीं होती।फोटो वीडियो शेयर से ले कर सूचना के आदान प्रदान का सबसे सुलभ माध्यम है।साथ ही ग्रुप चैटिंग का आनंद लेना हो तो इस एप पर लिया जा सकता है ! किसी भी बात को तेजी से फैलाना हो तो लोग आजकल इसी का सहारा लेते हैं।चाहे सत्य घटना हो या झूठ इसी से वायरल या बहू प्रसारित होती है।इसके सकारात्म परिणाम और नकारात्मक दुष्परिणाम भी देखने को मिले हैं।जिसमें सामाजिक विद्वेष से लेकर दंगे हिंसा भड़कते हुए भी कई बार देखे गए हैं। इसीलिए जब ऐसी विपरीत परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं ,तब आप ने देखा होगा कि सरकार इस क्षेत्र में इंटरनेट सेवा को कुछ समय के लिए बाधित कर देती है जिससे कि नकारात्मक सूचनाओं पर रोक लगाई जा सके और स्थिति सामान्य हो सके।आजकल व्हाट्स ऐप पर ज्ञान बहुत मिलता है !आपने देखा होगा किसी जमाने में चुटकुले बाजी से मनोरंजन होता था।लोग बाग बसों ट्रेनों में आपस में घुल मिल जाते थे और दोस्ती, रिश्तेदारी हो जाती थी।मगर जब से व्हाट्स ऐप आया है ,रील ने अकेले हंसने की शुरूआत कर दी है साथ ही घर -घर में रील के माध्यम से कलाकार पैदा हो गए हैं जो एक्टर बनने के सपने देखा करते थे ! वे यहां अपनी खुजली मिटा सकते हैं !सामाजिक ढांचा जो आपसी प्रेम सद्भावना से मजबूत था वह इससे कमजोर होता जा रहा है ,जो हमारे लिए कहीं न कहीं शुभ संकेत नहीं।स्वार्थपरता का विकास होता जा रहा है।

आदमी, आदमी से भौतिक रूप से दूर होता जा रहा है उसके प्रेम प्रदर्शित करने की क्षमता या गुण प्रभावित हो रहे हैं सामाजिकता के गुण लुप्त होते जा रहे हैं।आदमी स्मार्ट नहीं मोबाइल स्मार्ट हो गया है जिससे हर उम्र का व्यक्ति प्रभावित हो रहा है। बड़ों में तो मानसिक विकास हो जाता है, मगर बच्चो की स्थिति हर घर में इतनी बदतर हो चली है कि बच्चे इसके बिना खाना भी नहीं खाते।दो साल का बच्चा मोबाइल को ऐसे चलाता है ,जैसे वह गर्भावस्था में ही सारे फंक्शन सीख कर ही पैदा हुआ है। अश्लील वीडियो,संदेशों ने पूरे सामाजिक ढांचे को तहस नहस करने की पूरी तैयारी कर ली है।

## विचार

# दुनिया देखेगी 22 जनवरी 2024 की भव्यता

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर आज ऐसी स्थिति बन गई है कि भारत जब बोलता है या यहां कुछ यादगार पल होते हैं तो दुनियां बहुत गंभीरता से देखती सुनती है। इसी कड़ी में 22 जनवरी 2024 को एक ऐतिहासिक यादगार पल होगा जब 500 वर्षों से अधिक समय की तूफानी सामाजिक न्यायिक धार्मिक सहित अनेको लड़ाइयां लड़कर वह पल आया है जो प्रभु श्री राम को स्थाई घर में विराजमान करने की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस पल को एक भारत श्रेष्ठ भारत एक ऐसा यादगार पल बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत की जा रहा है कि, भारत साहित पूरी दुनियां की पीढ़ियां तक याद रखेगी। वैसे तो वर्षों से अयोध्या धाम में तैयारीयां चल रही है, परंतु अभी जो तात्कालिक अध्याय जुड़ते जा रहे हैं,जैसे यूपी एमपी साहित कुछ राज्यों ने ड्राय डे घोषित किया गया है तो, यूपी में 22 जनवरी 2024 को सार्वजनिक छुट्टी घोषित कर दी गई है। मेरा मानना है कि यह अध्याय सभी राज्यों ने प्रभु श्री राम की आराधना में जोड़ने की जरूरत है जिससे पूरा देश एकजुट होकर यह प्राणप्रतिष्ठा वर्चुअल लाइव देख सके।मेरा व्यापार व्यवसाय जगत से भी विशेष अनुरोध है के संभव हो तो सभी संगठन उस दिन छुट्टी का अनुरोध अपने सदस्यों से करें। यानेँ शासकीय अशासकीय सामाजिक रूप से एक भारत श्रेष्ठ भारत के सम्मान में व्यापार व्यवसाय सेवा बंद कर इस प्राण प्रतिष्ठा रूपी हवन में आहूति रूपी योगदान दें। आज 10 जनवरी 2024 को देश की बड़ी विपक्षी पार्टी सहित अनेक पार्टियों के मुख्य नेताओं और पार्टियों ने प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण को सम्मानजनक रूप से अस्वीकार कर दिया है, उनका कहना है कि यह एक पार्टी और उनके मातृहित का निजीकार्यक्रम है। तैयारी की कड़ी में 2100 किलो का घंटा आज जलसर आगरा से अयोध्या पहुंच गया है। देश-विदेश से 108 संत महंत प्राण प्रतिष्ठा के पहले अलग अलग धार्मिक अनुष्ठान करेंगे। कुल मिलाकर कल और आज के अयोध्या में बहुत बड़ा कायाकल्प हो चुका है। चूंकि पूरा देश राम सियाराम सिया राम जय जय राम के सराबोर चुका है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे दुनियां देखेगी 22 जनवरी 2024 का दिन व्यापार व्यवसाय रेहड़ी पटरी, शासकीय शासकीय हर क्षेत्र को स्वतंत्र संज्ञान लेकर लाइव शामिल होने का संकल्प लेना होगा।

साथियों बात अगर अयोध्या से अयोध्या धाम तक के कायाकल्प की करें तो, अयोध्या वैसे तो एक छोटा जिला है, लेकिन इसका इतिहास वृहद है। हिन्दू धार्मिक स्थलों में रामनगरी अयोध्या हमेशा से अहम रही है, लेकिन अब इसका भव्य और दिव्य रूप दुनिया के सामने आने वाला है.

अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर का उद्घाटन होना है. रामलला टेंट से गर्भगृह में विराजेंगे।पिछले कुछ महीनों में अयोध्या और उसके आसपास के इलाकों का तेजी से कायाकल्प हुआ है।शहर की सभी गलियां भगवान राम के स्वागत में सजकर तैयार हैं।आर्थिक तौर पर भी अब अयोध्या देश के पटल पर तेजी से उभरा है. अयोध्या में राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के इर्द-गिर्द ही 50, हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है।दरअसल, हिन्दू धार्मिक स्थलों का विकसित होना, उसके आसपास कारोबार होना, स्थानीय अर्थव्यवस्था का आगे बढ़ना.. ये सभी सरकार के सहयोग से अयोध्या में संभव हो रहा है अयोध्या में अब चौमुखी विकास ये दशार्ता है कि भारत में आध्यात्मिक पर्यटन का अर्थव्यवस्था में अहम स्थान रहने वाला है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने 11 करोड़ लोगों से नव सव करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन लगभग चार गुना रकम दान में मिल गई। करीब 32सव करोड़ रुपये समर्पण निधि के रूप में आए और उसके ब्याज से ही प्रथम तल अब बनकर तैयार है, जिसका 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे।करीब 18 करोड़ लोगों ने पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते में करीब 32सव करोड़ रुपये (समर्पण निधि) जमा किए हैं. ट्रस्ट ने इन बैंकों में पैसे की फिक्स्ड डिपॉजिट करा दी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बिलकिस की तरह हर नागरिक को मिले इंसाफ

**रोहित माहेश्वरी**

**सुप्रीम कोर्ट ने** बिलकिस बानो के साथ बलात्कार और उनके परिवार वालों की हत्या करने के मामले में सजा पाए 11 दोषियों की सजा में छूट देकर रिहा करने के फैसले को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने ये फैसला सुनाया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद इन 11 अपराधियों को दो हफ़्ते के अंदर जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करना होगा। गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान इन 11 लोगों ने बिलकिस बानो जो कि उस वक्त गर्भवती थी, का सामूहिक बलात्कार किया था। इसके साथ ही 14 लोगों की हत्या भी की गई थी, जिनमें बिलकिस बानो की तीन वर्षीय बेटी भी शामिल थीं। बिलकिस बानो केस में सर्वोच्च अदालत के फैसले ने साबित कर दिया कि इंसाफ और कानून अभी जिंदा हैं। अपराधियों को मुक्त नहीं किया जा सकता। अपराधी और उनके सत्ताई आका कानून के सामने बौने हैं। अंततः उन्हें कानून के सामने आत्म-समर्पण करना ही पड़ेगा। गुजरात पुलिस ने साल 2002 में कहा था कि इस केस को बंद कर देना चाहिए क्योंकि वह अपराधियों को ढूंढ़ नहीं पाई है। इसके बाद बिलकिस बानो ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि इस केस की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। इसके बाद ये मामला गुजरात से महाराष्ट्र भेजा गया। साल 2008 में सीबीआई की विशेष अदालत ने इन 11 लोगों को आजीवन कारावास की सजा दी। आजीवन कारावास की सजा पूरे जीवन के लिए होती है लेकिन सरकार के पास ये अधिकार होता है कि वो अपराधी का अच्छा आचरण देखकर 14 साल बाद उसे रिहा कर दे। सरकार इस मामले में दूसरी शर्तें भी लागू कर सकती है, जैसे संबंधित कैदी को कब रिहा किया जाए। इसके बाद अप्रैल 2022 में राधेश्याम भगवान शाह नामक अपराधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली कि गुजरात सरकार को साल 1992 की एक नीति के तहत उनकी सजा माफी पर निर्णय लेना चाहिए। गुजरात सरकार ने इसका विरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ के मुताबिक इसका फैसला महाराष्ट्र सरकार को करना होगा। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने राधेश्याम भगवान शाह की याचिका को मंजूरी दे दी।

## फोकटगिरी का शौक पालिए

**सुनील कुमार महला**

फोकटगिरी आखिर किसको पसंद नहीं है ? मतलब सबको पसंद है। फोकट में किसी को भी कोई चीज मिल जाए तो धर्म-ईमान की ऐसी की तैसी। आजकल बाजार फोकटगिरी के आधार पर ही तो दिन-प्रतिदिन फल-फूल रहा है। हर कहीं फोकटगिरी बिछी पड़ी है। बाय वन गेट वन फ्री, बाय थ्री गेट टू फ्री, ट्वेंटी फाइव परसेंट फ्री,सिक्सटी फाइव परसेंट फ्री। जी हां फ्री,फ्री फ्री। सड़क से लेकर माल्स तक, शहर-शहर, दुकान - दुकान, डी-मार्ट,सी-मार्ट, के-मार्ट, बिग बाजार जित देखो तित फोकटगिरी हवा में तैर रही है। आइए आइए और फ्री में ले जाइए। सबकुछ फ्री है। दस हजार के आइटम खरीदो, दो हजार के कूपन फ्री ले जाओ। फ्री की बहार है। फ्री से प्यार है। राजनीति हो या व्यापार सबजगह फ्री का बोलबाला है। राजनीति में फ्री की रेवड़ियां बंटती हैं और व्यापारी हर आइटम बेचने के लिए फ्री का जाल बिछाते हैं। फ्री का सम्मोहक राग है। फ्री में दिखता सबको फाग है। ग्राहकों को पता नहीं कि ये तो भयंकर आग है। लेकिन आज फ्री की भागम भाग है। फ्री का माल बटोरिये और बन जाइए चटोरिये। ग्राहकों को फ्री का चारा डालो और सबकुछ लूट डालो। हींग लगे न फिटकरी, धंधा चोखा चलता। व्यापारी और राजनीतिज्ञों के मौज है, दोनों का धंधा खूब फलता। फ्री का शाट है, फ्री में ही नोट हैं। फ्री का जादू चलाओ और सब गल्ल-गप (हड़प) कर जाओ। धोती के साथ रूमाल फ्री,आटे के साथ चावल, पिज्जा के साथ बर्गर फ्री, दिल सभी का मचलावत। फ्री का शोर है, फ्री का जोर है। ये दिल मांगे मोर है। फ्री में घपला है। फ्री वाले चपला(चंचल) है। फ्री सब अपना है और फ्री का नाम जपना है। कुर्सी पूजक जीव फ्री का धंधा चलाते और वोट पर वोट हासिल कर जाते। फ्री वाले व्यापारी फ्री की धुन बजाते। बैठ दुकान में मौज उड़ाते। फ्री का माडल जब बाजार में चलता अच्छा। आदमी के पास रहता नहीं तब बनियान और कच्छा। हर गली गली, सड़क सड़क आज फ्री का संगीत बज रहा। वो देखो फ्री की दुकान चलाने वाला पल पल हंस रहा। आइए आइए आप भी फ्री के चक्कर में फंस जाइए। फ्री मिल रहा है सबकुछ ईश्वर -अल्लाह का शुक्र मनाइए।

## न्यूज फ्लैश

### पटवारीयों की हड़ताल के चलते नहीं हो रहे जरूरी काम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर में डीसी कार्यालय के नजदीक स्थित पटवार कार्यालय के बाहर पटवारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। दी रिवेन्यू पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन अंबाला के बैनर तले इस हड़ताल में विभिन्न स्थान से आए पटवारियों ने भाग लिया और सरकार को जमकर कोसा।

पटवारियों की हड़ताल के चलते अम्बाला में भी लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पटवारखानों में विभिन्न कार्यों के लिए आए लोगो को निराश होकर लौटना पड़ा। लोगो का कहना था कि पटवारियों की हड़ताल के कारण आर्थिक हानि का भी सामना करना पड़ा।

गौरतलब है कि पटवारी और कानूनगो हड़ताल पर हैं। दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा ने हड़ताल का आह्वान किया है। पटवारी-कानूनगो इन दिनों में भूमि रिकॉर्ड से जुड़ा कोई काम नहीं करेंगे। बल्कि धरने पर बैठकर मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। हड़ताल के कारण जमीन पैमाइश, भूमि रिकार्ड, फसलों की वैरिफिकेशन आदि कार्य भी नहीं हो पाएंगे। वहीं डोमिशयल, जाति, रिहायशी प्रमाण पत्रों से संबंधित काम नहीं होंगे। क्योंकि ये प्रमाण पत्र बनने से पहले पटवारियों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं। लोगों को इससे परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल के चलते आज कोर्ट परिसर में लोगो की भीड़ लगी रही। लेकिन लोगो को मायूस होकर घर वापिस लौटना पड़ा। कोर्ट में बैठे टाइपिस्टों ने जब लोगो को बताया कि आज पटवारी हड़ताल पर है। उनके सबंधित काम होना काफी मुश्किल है तो लोग मायूस होकर वापिस लौट गए। कुछ लोगो का कहना था कि वे बड़ी दूर अपने डोमिसेल व जाति प्रमाण पत्र व अन्य कार्यों के लिए तहसील में पहुंचे है। लेकिन यहां पर हड़ताल का पता चलते ही वे भी खाली हाथ लौट गए। अम्बाला शहर की रहने वाली सुनीता ने बताया कि वह अपने बेटे का डोमीसेल बनवाने के लिए आई थी। लेकिन हड़ताल के कारण उसका काम नहीं हो सका।

### 29 फरवरी तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करवाया तो होगी सख्त कार्रवाई: राजेश

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) नगर** परिषद द्वारा इन दिनों प्रॉपर्टी टैक्स लेने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। सरकार द्वारा ब्याजमाफी की तारीख भी बढ़ा दी गई है। अब 29 फरवरी तक इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है। नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि अंबाला छावनी में प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर हम लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोगों द्वारा दिया गया यह टैक्स क्षेत्र के विकास में काम आता है।

उन्होंने कहा कि अंबाला में 15 करोड़ रुपए टैक्स एकत्रित किया जाना है जबकि अभी तक लोगों द्वारा 2 करोड़ 35 लाख के लगभग ही टैक्स एकत्रित हुआ है। लोगों को चाहिए कि वह सरकारी योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बढ़ाई गई छूट के अनुसार 29 फरवरी तक टैक्स जमा करवाने पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि वह इस सुनहरी अवसर का लाभ उठाएं तथा प्रॉपर्टी टैक्स को अपडेट भी करें। लोग ऑनलाइन भी टैक्स जमा कर सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को कोई समस्या आती है तो वह कार्यालय में आकर भी इसे जमा करवा सकता है।

उन्होंने बताया कि लोगों को चाहिए कि वह आने वाली समस्याओं से बचें और समय पर प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं। उन्होंने यह भी कहा कि लोग सेल्फ सर्टिफाइड भी करें। जिससे कोई अन्य व्यक्ति उनकी संपत्ति पर किसी प्रकार की छेड़छाड़ न कर सके। उनकी संपत्ति सर्टिफाइड होते ही पूरी तरह से सुरक्षित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे आने वाले समय में लोग नगर परिषद कार्यालय में चक्कर लगाने से भी बचेंगे। उन्होंने बताया कि हम लोगों की मदद के लिए कार्य कर रहे हैं। ऐसे में लोगों को भी चाहिए कि वह सरकार की मदद करें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं तथा इस योजना का भी फायदा उठाएं। इसके साथ ही सचिव ने यह भी बताया कि जो लोग समय पर टैक्स जमा नहीं करवाएंगे। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को नोटिस दिए जाएंगे और यदि तय समय के भीतर टैक्स जमा नहीं करते तो सीलिंग की कार्रवाई भी हो सकती है। ऐसे में लोगों को चाहिए कि वह इस समस्या से बचें और समय पर टैक्स जमा करवाएं।

# घर-घर लहराएंगे पार्टी का झंडा, खुलेंगे विकास के दरवाजे: अजय चौटाला

## संगठन को मजबूत कर गांव-गांव जाकर कर रहे जनसंपर्क, भविष्य में पार्टी दिखाएगी दमदार दमखम

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल। जननायक जनता** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने अपने दो दिवसीय दौरे की शुरूआत वीरवार को गांव बलाहा खुर्द से की। इसके बाद गांव दौचाना, नौलाजा, बिहारीपुर, खातोली जाट व गांव नंगली में ग्रामीण जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान जनसभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने की। जनसभाओं को संबोधित करते हुए डा. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि वह आज आप लोगों से रूबरू होने आए हैं। स्थानीय यूनिट के वह आभारी हैं, जो यहां कार्यक्रम रखा। मिशन-2024 शुरू हो चुका है। इसका मतलब है कि साल 2024 में हरियाणा में लोकसभा व



विधानसभा दोनों चुनाव होने हैं। जिस तरह के हालात व परिस्थितियां है, उसके चलते ये भी हो सकता है दोनों चुनाव एकसाथ हो जाए। इसको लेकर सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। हमने भी निर्णय लिया था कि हरियाणा प्रदेश के सभी 10 के 10 लोकसभा क्षेत्रों में बड़ी रैलियां आयोजित करके और गांव-गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों के बीच जाएंगे और उनकी समस्या सुनेंगे व समझेंगे। फिर सरकार के स्तर पर जो समाधान हो सकता है, वह करवाएंगे। उन्होंने कहा कि आज से छह वर्ष पहले जब जींद की पांडू पिंडारा की पावन धरा पर लाखों की तादाद में पहुंचकर आपने जननायक जनता पार्टी का गठन किया और एक होनहार युवा की पीठ पर हाथ रखकर उसकी हौंसला अफजाई की तो उसने ना केवल नौ महीने में पार्टी का नया राजनैतिक संगठन खड़ा किया बल्कि विपरित परिस्थितियों में आपके आशीर्वाद से तीन-तीन चुनाव भी झेले। आपके आशीर्वाद व पार्टी के सहयोग से 10 विधायक अपने साथ चुनकर प्रदेश की विधानसभा में लेकर जाने का काम किया। उन 10 विधायकों की बदौलत ही आपकी राज में हिस्सेदारी हुई। जैसे ही सत्ता परिवर्तन हुआ और सरकार बदली कोरोना जैसी विश्वव्यापी महामारी आ गई। कभी पहला फेस, कभी दूसरा कभी तीसरा। इस तरह लगातार दो साल यहीं चलता रहा। जब तक जनप्रतिनिधि लोगों के बीच जाएंगे नहीं, उनकी बातों को समझेंगे नहीं, जानेंगे नहीं तब तक उनका समाधान भी नहीं होता।

### राइजिंग स्टार क्रिकेट एकेडमी ने बीके टाइगर पंजाब को 33 रनों से हराया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । शेखपुरा रोड** स्थित यूनिक क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में राइजिंग स्टार क्रिकेट एकेडमी गन्नौर की टीम ने बीके टाइगर पंजाब की टीम को शिकस्त देकर टूर्नामेंट अपने नाम की। राइजिंग स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 286 रन बनाए। कप्तान कुनाल शर्मा के नाबाद 108 रन बनाए। इसके जवाब में बीके 255 रन ही बना पाई। विजेता टीम के कप्तान कुनाल शर्मा मैन आफ द मैच और विभास यादव को मैन आफ सीरीज चुना गया। टूर्नामेंट में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, लायंस कल्ब के प्रधान विकास भगवती, नरेंद्र पतंजलि, अशोक शर्मा, मदन त्यागी व प्रमोद कुमार ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### 'ईवीएम मशीन को लेकर कोई भी ले सकता है जानकारी'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** शहर के निर्वाचन कार्यायल तथा एसडीएम कार्यालय परिसर में इन दिनों लोगों को ईवीएम की भरपूर जानकारी और उसके प्रयोग संबंधी डेमो दिया जा रहा है। यहां पर कोई भी आकर विभिन्न प्रकार की ईवीएम संबंधी जानकारी हासिल कर सकता है। इसके लिए विशेष तौर पर यहां कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। अंबाला शहर के तहसील कार्यालय में डयूटी पर तैनात कर्मचारी अजय ठाकुर व रघुबीर सिंह ने बताया कि वह मास्टर ट्रेनर हैं। चुनावों से पहले उनकी डयूटी लगाई गई है जिसमें वह लोगों को बता रहे हैं कि ईवीएम और वीवीपैट किस तरह से कार्य कर रही है।

## गांव पंजोखरा पंहुची विकसित भारत संकल्प यात्रा

### योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाकर उनका लाभ देना सबसे पहली प्राथमिकता

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। अंतिम** व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना सरकार का लक्ष्य है। इसके अलावा सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाकर उनका लाभ देना सबसे पहली प्राथमिकता है। यह बात विधायक रामकुमार कश्यप इन्द्री खंड के पंजोखरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के साथ ग्रामीणों ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी ली। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा



कि देश के प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से देश में सबसे बड़ा जनसम्पर्क कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ही पहली सरकार है, जिसने अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़े व्यक्ति का स्तर ऊंचा उठाने के लिए बेहतरीन कदम उठाएं हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को हमको मिलकर पूरा करना होगा, इस सपने को साकार करने करते हुए देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की सूचि में शामिल करने का काम करना है। उन्होंने कार्यक्रम में सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं से संबंधित स्टालों का निरीक्षण किया और बताया कि इन स्टालों के माध्यम से आमजन को केन्द्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। विधायक ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मकसद केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों को ग्रामीणों तक पहुंचाना है और विकसित भारत संकल्प यात्रा इस कार्य में कारगर सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम में सरकार की जनहितैषी एवं महत्वाकांक्षी आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थियों ने अपने विचार सांझा किए।

### संजीवनी का काम कर रही है प्रधानमंत्री आवास योजना: मीना

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित भारत** संकल्प यात्रा नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के गांव नडाना में पंहुची। जहां पर ग्रामीणों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। गांव नडाना में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर नीलोखेड़ी विधायक धर्मपाल गोंदर भी मौजूद रहे। मीना चैहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर वर्ग से जुड़े लोगों के जीवन को सुगम बनाने को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। यात्रा के माध्यम से योजनाओं से वंचित लोगों को मौके पर ही लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में 9 लाख 56 हजार के करीब एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। पूरे प्रदेश में 95 लाख से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि वर्ष 2047 तक हम पूरी तरह से विकसित होंगे, इसको लेकर पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का यह आयोजन किया जा रहा है। यात्रा का हर गांव में पहुंचने पर लोग गरम जोशी के साथ स्वागत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरे प्रयास कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों से बातचीत भी की व कुछ पात्र लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन किट भी उपलब्ध कराई।

## कार्यकर्ता अक्षत वितरण कर लोगों को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दे रहे

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**
**ज्यों ज्यों** 22 जनवरी नजदीक आ रही है, त्यों त्यों कर्ण नगरी राममय होती जा रही है। भगवान राम के जयकारों के बीच कार्यकर्ता घर-घर अक्षत वितरण कर लोगों को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दे रहे हैं। इस दिन सभी लोग शहर के मंदिरों में इके होकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखेंगे और रात्रि में दीपावली मनाएंगे। इसी कड़ी में शास्त्री नगर में आज घर घर अक्षत वितरण किए गए। बजरंग दल के कार्यकर्ता हरिओम ने भजनमंडली के लिए जलपान की व्यवस्था की। वीर सावरकर शाखा के शाखा कार्यवाह अशोक कुमार ने कहा कि असंख्य भारतीयों के जनमानस में स्थापित मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जी के भव्य मंदिर के निर्माण का संबंध भारत के पुनोत्थान की ओर बढ़ाया हुआ स्वर्णिम कदम है। श्री अयोध्या धाम हर भारतीय की आस्था का केंद्र है, साथ-साथ इस इतिहास को जन जन तक पहुंचा कर हम सभी राम जी को भारत की अस्मिता का परिचायक भी बनें। उन्होंने कहा कि आगामी 22 जनवरी को जब अयोध्या धाम में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हो, उस समय हर परिवार राम परिवार बने और हर गली और मोहल्ला अयोध्या बने, ऐसा प्रयास हम सब मिलकर करेंगे।

## अमावस्या पर सनपेड़ा गांव में लगाया गया भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। सनपेड़ा गांव** में साल पहली पौष अमावस्या पर भंडारा लगाया गया। भंडारे में सुनील ढाका, सोनू, सागर, मोंटी, महेश जिंदल, सुरेंद्र, लोकेश, कुलदीप, अरविंद ने अपनी सेवाएं दी। भंडारे में गांव के काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। महेश जिंदल व सुनील ढाका ने कहा कि गांव में हर साल की पहली अमावस्या पर भंडारा लगाया जाता है। इस प्रकार के कार्यक्रम से लोगों में धार्मिक



भावना बढ़ती है। इसलिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए।

# डिपो संचालकों की हड़ताल से लोग हुए परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) विभिन्न मांगो को** लेकर डिपो संचालकों की हड़ताल लगातार जारी है। डिपो संचालकों ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगो की ओर कोई कार्रवाई नहीं करती तब तक वे अपनी हड़ताल जारी रखेंगे। गौरतलब है कि जिले में 186277 राशन कार्ड धारक है। जिनमें से अधिकतर लोग प्रत्येक माह सरकारी दुकान से राशन लेते है। अम्बाला शहर की बात करें तो यहां पर 42 हजार राशन कार्ड बने हुए है। अधिकतर लाभपात्रों के घरों में सरकारी डिपू से ही राशन आता है। ऐसे में अब डिपो संचालकों की हड़ताल का सीधा असर गरीब परिवारों पर पड़ रहा है। जिसके कारण उन्हे भारी आर्थिक हानि भी उठानी पड़ रही है। लेकिन अभी तक हड़ताल समाप्त होने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। स्थानीय लोगो ने बताया कि प्रत्येक माह वह डिपो पर आकर गेहूं, चीनी, तेल, बाजरा व

**हड़ताल जारी**

**8 राशन भी देरी से पहुंचता है। जिसके कारण उन्हे राशन वितरण में भी देरी होती है। इसके साथ ही उन्हे दी गई मशीनें भी ठीक प्रकार से काम नहीं करती**

अन्य सामान ले जाते है। लेकिन इस बार हड़ताल के कारण उन्हे राशन अभी तक नहीं मिला जिसके कारण उन्हे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रधान गुरदेव सिंह ने बताया कि उन्होनें इससे पहले भी कई बार सरकार से अपनी मांगो को लेकर गुहार लगाई थी। लेकिन सरकार उनकी मांगो की अनदेखी कर रही है। प्रदेश भर में सभी राशन डिपो होल्डर अपनी विभिन्न मांगों के चलते 15 जनवरी तक हड़ताल पर चले गए हैं। यानी कि जिला के अंतर्गत आने वाले 249 डिपो होल्डर ने अपनी हड़ताल करने का निर्णय लिया हैं, जिससे अब सभी डिपो बंद रहेंगे। प्रधान गुरदेव सिंह ने कहा कि सरकार 300 राशन कार्ड पर ही एक डिपो बनाने जा रही है। जिसके कारण उन्हे नुक्सान होगा।

वहीं राशन भी देरी से पहुंचता है। जिसके कारण उन्हे राशन वितरण में भी देरी होती है। इसके साथ ही उन्हे दी गई मशीनें भी ठीक प्रकार से काम नहीं करती। ऐसी स्थिति में डिपो से राशन पाकर गुजारा करने वाले कार्ड धारकों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

क्योंकि हड़ताल के चलते वे ना तो राशन को प्राप्त करेंगे और ना ही बांटेंगे। इसके चलते सरकार के स्तर पर जिला में राशन को समय पर बंटवा पाना भी बड़ी चुनौती बनता हुआ प्रतीत हो रहा है।

# अशोक नगर में गलियों में लटक रहे बिजली की तारें, लोग परेशान

### वार्ड 15 अशोक नगर कालोनी में गलियों में काफी नीचे लटक रहे बिजली की तारों की बिजली निगम सुध नहीं ले रहा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । वार्ड 15 अशोक** नगर कालोनी में गलियों में काफी नीचे लटक रहे बिजली की तारों की बिजली निगम सुध नहीं ले रहा। कई बार गुहार लगाने के बावजूद निगम के अधिकारी इस समस्या का समाधान नहीं करवा रहे हैं। इस पर वार्ड के लोगों ने सीएम विंडो पर शिकायत देने का मन बना लिया है। स्थानीय निवासी सतपाल, रामभज, अशोक कुमार, सतेंद्र का कहना है कि विद्युत निगम से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। शायद निगम को किसी बड़े हादसे का इतंजार है। वार्ड में बिजली के तारें इतनी नीचे हैं कि



कोई भी व्यक्ति यदि ऊपर हाथ उठा ले तो उसके हाथों को बिजली के तार छू सकते है और कोई हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि बिजली के तार खुले व नीचे होने के कारण बच्चों का ध्यान रखना पड़ता है। बिजली निगम को प्राथमिकता के आधार पर इन जर्जर तारों को बदलना चाहिए। यदि जल्द ही अधिकारियों ने तारों को नहीं बदला तो वे इसकी शिकायत सीएम विंडो पर करेंगे।

इस बारे में गन्नौर सिटी एसडीएम

**जर्जर तारें**

**8 विद्युत निगम से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा**

सचिन दहिया ने बताया कि उनके पास वार्ड 15 में जर्जर तारों के संबंध में कोई शिकायत नहीं आई है। अब मामला उनके संज्ञान में आया है। अब जेई को मौके पर भेज कर इसकी जांच करवाएंगे। यदि तारें नीचे झूल रही हैं तो उसे तुरंत प्रभाव से ठीक करवा दिया जाएगा।

# नशाखोरी से हटा बच्चों को करें शिक्षा व खेलों के प्रति प्रेरित: धर्मपाल

### नशाखोरी से हटा बच्चों को करें शिक्षा व खेलों के प्रति प्रेरित : धर्मपाल गोंदर

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित भारत** संकल्प यात्रा नीलोखेड़ी क्षेत्र के गांव पड़वाला पहुंची। मुख्य अतिथि नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने इस मौके पर ग्रामीणों से अपील की कि वे बच्चों को नशाखोरी से हटाकर शिक्षा व खेलों के प्रति प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी को इससे बचाना जरूरी है। खिलाडि?ों के लिए सरकार ने अनेक सुविधाएं मुहैया कराई हैं। गांव में स्टेडियम और व्यायामशालाएं स्थापित की गई हैं। बी.पी.एल. परिवारों की छात्राओं के लिए सरकारी व प्राइवेट कालेज में मुफ्त उच्च शिक्षा का प्रबंध किया



गया है। उन्होंने कहा कि नीलोखेड़ी हलके में सर्वाधिक विकास कार्य कराये गये हैं।

इस मौके पर ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। विधायक ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने इससे पूर्व स्टॉल्स का अवलोकन किया। विधायक ने इस मौके पर सरकार की आयुष्मान भारत चिरायु योजना, निरोगी हरियाणा योजना, उज्ज्वला योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना आदि के बारे में जानकारी दी तथा

**जागरूक**

**8 कृषि विभाग के विकास अधिकारी ने पीएम किसान योजना, मेरा पानी मेरी विरासत योजना के बारे में किसानों को बताया**

यात्रा के उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों के विकास की कुंजी है। अभिभावकों को उन्होंने बच्चों की शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। सरकार ने प्रदेश में 77 नए सरकारी कॉलेज खोले हैं, जिनमें महिलाओं के लिए भी कॉलेज शामिल है। प्रदेश में 'बिना पर्ची-बिना खर्चीइ के योग्यता के आधार पर 1.10 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है तथा 60 हजार और नौकरियां शीघ्र दी जाएंगी।

विभिन्न विभागों ने लगाई स्टॉल-विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव पड़वाला में विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। पी.पी.पी., पेंशन आदि से संबंधित लोगों की समस्याओं का निवारण किया। स्वास्थ्य और आयुष विभाग की ओर से रोगियों की जांच कर दवा वितरित की। कृषि विभाग के विकास अधिकारी ने पीएम किसान योजना, मेरा पानी मेरी विरासत योजना के बारे में किसानों को बताया।

# स्वयंसेविकाओं को रजिस्ट्रेशन की क्रियाविधि एवं लाभों से अवगत कराया

**टीम एक्शन इंडिया/राई । मुरथल स्थित ताऊ** देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संगीता सपरा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । शिविर विशेष रूप से माय भारत पोर्टल पर युवाओं के रजिस्ट्रेशन से संबंधित रहा। कार्यक्रम अधिकारी अंकित ने स्वयंसेविकाओं को माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की क्रियाविधि एवं भविष्य में उससे होने वाले लाभों से अवगत कराया । शिविर के दौरान स्वयं सेविकाओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक की तैयारी




की गई एव सायंकालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं के द्वारा नशा मुक्ति विषय पर गांव मुरथल में एक रैली निकाली गई एवं गांव की चौपाल में नशा मुक्ति पर ही एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया , जिसमें गांव वालों को समझाया गया कि सभी तरह का नशा शराब,गुटका, तंबाकू एवं ड्रग्स समाज विशेष रूप से युवाओं के लिए के लिए कितना नुकसान दायक है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉक्टर संगीता सपरा ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि समाज में फैली कुरीतियां एवं कुप्रथाओं के विषय में लोगों को जागरूक करना एवं समाज में परिवर्तन लाना ही राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य है।

# आप-कांग्रेस के साथ आने से गफलत में कार्यकर्ता!

## यहां की सातों लोकसभा सीटों के परिणाम को लेकर भी तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, लेकिन सर्वाधिक परेशान पार्टी कार्यकर्ता

**कन्फ्यूजन!**

**8 कार्यकर्ता गफलत में हैं कि गठबंधन हो जाने पर वह एक दूसरे के लिए प्रचार कैसे कर पाएंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर हो रही बैठकों से दिल्ली की सियासत में इन दिनों खासी हलचल है। यहां की सातों लोकसभा सीटों के परिणाम को लेकर भी तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। लेकिन सर्वाधिक परेशान पार्टी कार्यकर्ता हैं। दोनों ही पार्टियों के कार्यकर्ता गफलत में हैं कि गठबंधन हो जाने पर वह एक दूसरे के लिए प्रचार कैसे कर पाएंगे और कैसे वोट मांग पाएंगे! जगजाहिर है कि आप ने कांग्रेस को "सियासी" तौर पर खत्म करके ही दिल्ली की सत्ता हासिल की थी। पहली बार आप ने कांग्रेस के साथ गठबंधन में सरकार बनाई तो वह भी 49 दिन से ज्यादा नहीं चल सकी। इसके बाद फिर कांग्रेस विधानसभा और लोकसभा में अपना खाता तक नहीं खोल पाई। यही नहीं, कांग्रेस के काफी नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने भी आप की झाड़ू थाम ली।






### फरवरी 2025 का विधानसभा चुनाव दोनों पार्टियों अलग लड़ना चाहती हैं..

**अब** एक बार फिर आप और कांग्रेस एकजुट होने में लगे हैं। दिलचस्प यह कि अभी भी दोनों की यह एकजुटता सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए है। फरवरी 2025 का विधानसभा चुनाव दोनों पार्टियों अलग लड़ना चाहती हैं। अहम सवाल यह है कि कार्यकर्ता और मतदाता दोनों ही कोई कठपुतली नहीं कि जब चाहें जो नाच नचवा लें। कल तक जो कांग्रेसी या आप कार्यकर्ता एक-दूसरे के खिलाफ सड़क पर उतरते रहे हैं, वही अब एक-दूसरे के लिए समर्थन और वोट भला कैसे मांगने लगें!

**कार्यकर्ताओं को जनता के बीच चेहरा दिखाना हो जाएगा मुश्किल:** नार्थ दिल्ली रेजीडेंट वेलफेयर फेडरेशन के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के साथ भागीदारी योजना में खासे सक्रिय रहे अशोक भसीन इस गठबंधन को कांग्रेस के लिए लाभकारी नहीं मानते। वह कहते हैं कि जो पार्टी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में आप उम्मीदवार के लिए वोट मांगेगा, वह आठ महीने बाद विधानसभा चुनाव में उसी पार्टी की खिलाफत कैसे कर पाएगा? कार्यकर्ता के लिए तो जनता के बीच अपना चेहरा दिखाना मुश्किल हो जाएगा। इस गठबंधन से पार्टी को विधानसभा चुनाव में भी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**कांग्रेस के लिए उलझन:** वहीं कांग्रेस से आप में आए और वर्तमान में पदाधिकारी के रूप में सत्तारूढ पार्टी के साथ जुड़े एक नेता-कार्यकर्ता ने कहा, समस्या तो है ही, खासतौर पर कांग्रेसियों के लिए।

### कांग्रेस के समक्ष उलझन...

**आप** कार्यकर्ता फिर भी अरविंद केजरीवाल के कार्यकर्ता हैं, जैसा वह कहेंगे, मान लेंगे। लेकिन कांग्रेस के समक्ष उलझन बनी रहेगी। जरूरी नहीं कि सभी कार्यकर्ता आप के समर्थन में आ ही जाएं। वहीं शीला दीक्षित सरकार में पहले शिक्षा मंत्री और बाद में विधानसभा अध्यक्ष रह चुके, वर्तमान में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. योगानंद शास्त्री भी कार्यकर्ताओं की इस उलझन से इत्तेफाक रखते हैं। वे कहते हैं सियासी नफा-नुकसान नेताओं की समझ में आता है, कार्यकर्ताओं को नहीं। वह तो कहीं ना कहीं विचारधारा से जुड़े रहते हैं। वर्तमान में पदाधिकारी के रूप में सत्तारूढ पार्टी के साथ जुड़े एक नेता-कार्यकर्ता ने कहा, समस्या तो है ही, खासतौर पर कांग्रेसियों के लिए।

# एक्सपायर्ड खाद्य उत्पादों को दोबारा पैकिंग कर बेचने के मामले में लिया संज्ञान




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने एक्पायर हो चुके खाद्य उत्पादों की दोबारा पैकिंग कर उन्हें बाजार में बेचने के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 8 फरवरी को होगी।

हाई कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार के अलावा फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और दिल्ली पुलिस को भी नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने इस मामले में कोर्ट की मदद करने के लिए वकील श्वेताश्री मजूमदार को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया है। दरअसल, जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच एक चॉकलेट कंपनी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें चॉकलेट कंपनी ने कहा था कि उसके उत्पाद की नकल कर उसी ब्रांड का कहकर दोबारा बेचा जा रहा है। यहां तक कि कई ऐसे नकली उत्पाद मिले जो एक्पायर हो चुके थे। सिंगल बेंच ने कहा था कि ये एक असाधारण परिस्थिति है और इसका लोगों के स्वास्थ्य और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर काफी बुरा असर पड़ता है।

सिंगल बेंच ने कहा कि एक्पायर हो चुके उत्पादों को बाजार में दोबारा उतारने और उनकी बिक्री लिए एक समन्वित मेकानिज्म बन चुकी है, जो रिब्रांडिंग कर उन्हें बेचती है। सिंगल बेंच ने दिल्ली पुलिस को इस पूरे मामले की जांच का आदेश दिया था।



दिल्ली में 26 जनवरी,2024 को कर्तव्यपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड अभ्यास के दौरान नौसेना और वायुसेना जवान के जवान।

# आम जनता के लिए 23 से 29 तक बंद रहेगा राष्ट्रपति भवन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को बताया कि गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी-2024 के कारण आम जनता के लिए राष्ट्रपति भवन (सर्किट-1) का दौरा 23 से 29 जनवरी तक बंद रहेगा। राष्ट्रपति भवन इससे पहले गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह की रिहर्सल के कारण 13 से 27 जनवरी के बीच प्रत्येक शनिवार को होने वाली रस्मी गार्डों की अदला-बदली (चेंज ऑफ गार्ड) समारोह को भी स्थगित करने की सूचना जारी कर चुका है। यह समारोह एक सैन्य परंपरा है, जिसमें राष्ट्रपति भवन के गार्ड समय-समय पर बदले जाते हैं।

# डीयू में 2670 पेड़ों के स्थानांतर-वनीकर ण को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**एलजी** वीके सक्सेना ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के उत्तरी परिसर में बनने वाले प्रस्तावित शैक्षणिक भवनों के लिए 252 पेड़ों के स्थानांतरण/प्रत्यारोपण और 15 पेड़ों को कटाई के लिए मंजूरी दे दी है। इन 267 पेड़ों के बदले में, स्थानांतरण के अलावा, 2670 पौधे (यानी पेड़ों की संख्या से 10 गुना) विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिपूरक वृक्षारोपण के लिए लिए जाएंगे। लगभग 1,57,89,000 रुपये की क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण लागत भी डीयू द्वारा अग्रिम रूप से जमा की जाएगी। 4.8834 हेक्टेयर के निर्धारित क्षेत्र का उपयोग डीएसई परिसर के अंदर प्रतिष्ठित अंतर-अनुशासनात्मक शैक्षणिक और अनुसंधान भवन, प्रौद्योगिकी संकाय के लिए शैक्षणिक भवन (एक संकाय जो डीयू के पास पूर्ववर्ती डीसीई और एनएसआईटी के स्वतंत्र विश्वविद्यालय बनने के बाद नहीं है) के निर्माण के लिए किया जाएगा।



पुस्तकालय भवन में केंद्रीय संदर्भ पुस्तकालय के साथ ही एक एकीकृत कंप्यूटर केंद्र भी बनेगा। इस परियोजना की पूरी लागत 900 करोड़ रुपये से अधिक है, केंद्र सरकार की ओर से वहन किया जाएगा।

**267 पेड़ों में से 252 पेड़ होंगे प्रत्यारोपित:** सक्सेना ने कहा कि निर्धारित मानदंडों के अनुसार, वन विभाग के अधिकारियों द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के संबंधित अधिकारियों के साथ परियोजना स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया गया था। यह भी बताया गया कि परियोजना क्षेत्र स्थल मोफोर्लाजिकल रिज क्षेत्र और डीम्ड फारेस्ट की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आ रहा है। कुल 267 पेड़ों में से 252 को प्रत्यारोपित किया जाएगा और 15 को काटा जाएगा। इसके अलावा 2670 पौधों का प्रतिपूरक रोपण किया जाएगा, यानी प्रत्यारोपण/काटने के लिए स्वीकृत पेड़ों की संख्या से दस गुना और अतिरिक्त 100 पौधे जिनमें नीम, अमलतास, पीपल, पिलखन, गूलर, बरगद, देसी किकर और अर्जुन की प्रजातियों के साथ-साथ अन्य देशी प्रजातियां शामिल होंगी।

**प्रत्यारोपित**

**8 252 को प्रत्यारोपित किया जाएगा और 15 को काटा जाएगा। 2670 पौधों का प्रतिपूरक रोपण होगा**

# बृजभूषण के खिलाफ पॉक्सो मामले में क्लोजर रिपोर्ट पर फैसला दो मार्च को



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने भार**तीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर दर्ज पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर फैसला टाल दिया है। एडिशनल सेशंस जज छवि कपूर ने 2 मार्च को फैसला सुनाने का आदेश दिया। इसके पहले 25 नवंबर, 2023 को कोर्ट ने आज फैसला सुनाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने 01 अगस्त, 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान पीड़ित नाबालिग पहलवान और उसके पिता ने पुलिस की जांच पर संतोष जताया था। नाबालिग पहलवान और उसके पिता दोनों ने इन-कैमरा बयान दर्ज कराया। इन कैमरा का मतलब सुनवाई के समय दोनों पक्षों के अलावा तीसरा कोई उपस्थित नहीं होता है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए 04 जुलाई, 2023 को शिकायतकर्ता नाबालिग पहलवान को नोटिस जारी किया था। 15 जून, 2023 को दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल कर बृजभूषण सिंह को क्लीन चिट दे दी थी। दिल्ली पुलिस ने नाबालिग पहलवान की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में बृजभूषण सिंह को क्लीन चिट देते हुए आरोप निरस्त करने की मांग की है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि पॉक्सो के मामले में बृजभूषण सिंह के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं। बृजभूषण के खिलाफ दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में भी महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में एक मामला चल रहा है।

**साक्ष्य नहीं**

**8 दिल्ली पुलिस ने कहा कि पॉक्सो के मामले में बृजभूषण सिंह के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं**

# सावधान! किरायेदार व कर्मचारियों का सत्यापन ना होने पर पुलिस कस रही शिकंजा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

गणतंत्र दिवस में कुछ ही दिन रह गए हैं। राष्ट्रीय पर्व नजदीक आते ही दिल्ली पुलिस अपनी सक्रियता दिखाते हुए किरायेदार व कर्मचारियों का सत्यापन न करवाने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस की जो सक्रियता अब दिखाई दे रही है, वह पिछले कई माह में दिखाई नहीं दी। इससे स्पष्ट है कि पुलिस सख्ती दिखाने के लिए किसी न किसी राष्ट्रीय पर्व का इंतजार करती है। वर्ष 2023 में पूर्वी, शाहदरा व उत्तर पूर्वी जिले में सत्यापन न करवाने वाले के खिलाफ करीब 300 केस दर्ज किए गए थे। नए साल के इन दस दिनों में पुलिस अब तक सौ एफआइआर दर्ज कर चुकी है। इसमें भी बीट कांस्टेबल घर-घर जाकर पता नहीं लगा रहे हैं किस घर में किरायेदार रह रहे हैं। सवाल यह भी है कि पुलिस सत्यापन न करवाने वालों पर आम दिनों में इस तरह की कार्रवाई पुलिस क्यों नहीं कर पाती है। वर्ष 2022 में गणतंत्र दिवस से कुछ दिनों पहले गाजीपुर फूल मंडी के बाहर एक बैग में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आइइडी) मिला था। पुलिस इस मामले को सुलझा भी नहीं पाई थी कि चंद दिनों बाद में सीमापुरी में जिस घर में आतंकी किराये पर रह रहे थे, वहां भी आइइडी मिला था। सुरक्षा एजेंसियों ने उस आइइडी को निष्क्रिय किया था। जिस घर में आतंकी रह रहे थे। उसने उनका पुलिस सत्यापन नहीं करवाया था। स्पेशल सेल इस मामले को दो वर्ष के बाद भी सुलझा नहीं पाई है। फिर से गणतंत्र दिवस करीब है और सत्यापन के लिए पुलिस हर घर दस्तक नहीं दे पा रही है।



**ऐसे होता है पुलिस सत्यापन:** पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि किरायेदार व कर्मचारी सत्यापन आफलाइन व आनलाइन दोनों तरह से होता है। दिल्ली पुलिस की वेबसाइट पर किरायेदार सत्यापन के आपशन पर जाना होगा, वहां एक फार्म मिलेगा जिसे भरकर किरायेदार के कागजात के साथ अपलोड करना होगा।

# जल्द 500 और इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतरेंगी

**मिलेगी राहत**

**8 500 इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतरेंगी। दिल्ली को डीटीसी की 500 और नई इलेक्ट्रिक बसें मिल गई**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली में** जल्द 500 और इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतरेंगी। दिल्ली को डीटीसी की 500 और नई इलेक्ट्रिक बसें मिल गई हैं, जिन्हें सड़कों पर उतारने की तैयारी चल रही है। इन 500 एसी लो फ्लोर बसों को मिलाकर राष्ट्रीय राजधानी में जल्द 1700 लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें हो जाएंगी। दिल्ली में अभी रोजाना करीब 40 लाख लोग बसों में सफर करते हैं। इन 1500 इलेक्ट्रिक बसों के लिए 12 बस डिपो में पार्किंग और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। दिल्ली सरकार ने 2025 तक बसों की तादाद बढ़ाकर 10 हजार से ज्यादा करने का लक्ष्य रखा गया है। सड़कों पर अभी सात हजार से अधिक बसें चल रही हैं, जिसमें से ज्यादातर बसें पुरानी हो चुकी हैं, जिन्हें बदलकर उनकी जगह नई इलेक्ट्रिक बसें लाई जा रही हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों के लिए रोहिणी-1, रोहिणी-2, मायापुरी, नेहरू प्लेस, सुभाष प्लेस, वजीरपुर, बीबीएम, हसनपुर, सुखदेव विहार, कालकाजी, नारायणा और सावदा घेवड़ा डिपो में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। दिल्ली की सड़कों पर अगले 2 वर्ष में कुल 10,480 बसें हो जाएंगी और उनमें से 8,180 यानी करीब 80 प्रतिशत बसें इलेक्ट्रिक होंगी।



# 35 ग्राम हिरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

द्वारका जिला के एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड की पुलिस टीम ने हेरोइन की तस्करी के आरोप में दो को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान मनोज कुमार और पंकज के रूप में हुई है। यह दोनों जेजे कॉलोनी, बिंदापुर और गोपाल विहार, रोहिणी के रहने वाले हैं। उनके पास से 35 ग्राम फाइन क्वालिटी की हीरोइन बरामद की गई है।

मनोज पहले से डाबड़ी के दो मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी ने बताया की पुलिस टीम को सूचना मिली कि जेजे कॉलोनी बिंदापुर में दो लोग हीरोइन की खेप लाकर आगे इलाके में बेचते हैं। पुलिस टीम ने सूचना को पुष्टि के बाद मौके पर जाकर दोनों आरोपियों को दबोच लिया।

उनके पास से पॉलिथीन बरामद की गई, जांच करने पर हेरोइन निकली। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत डाबड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

**शिकंजा**

**8 सूचना मिली कि जेजे कॉलोनी बिंदापुर में दो लोग हीरोइन की खेप लाकर आगे इलाके में बेचते हैं।**

# लूटपाट के दौरान पुलिसकर्मी को बदमाशों ने मारा चाकू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

खजूरी खास इलाके में बदमाशों ने लूटपाट के दौरान पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला कर दिया। जान बचाने के लिए पुलिसकर्मी इधर-उधर भागने लगा। बाद में उन्होंने खुद को पुलिसकर्मी बताकर अपनी जान बचाई। लेकिन तब तक आरोपित दो जगह उन्हें चाकू मार चुके थे। घायल हालत में पीड़ित जुगल मेघराज (29) को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने पीड़ित का बयान लेकर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से उनकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से राजस्थान के नागौर के रहने वाले जुगल मेघवाल दिल्ली पुलिस में सिपाही हैं। फिलहाल इनकी तैनाती पहली बटालियन में हैं।



वह अपने दोस्त से मिलने के लिए किंग्जवे कैंप स्थित पुलिस लाइन गए थे। वहां से शाम करीब 7.00 बजे वह बस से वापस लौटे। खजूरी चौक पर बस से उतरकर वह पैदल ही बटालियन जाने लगे। इस बीच अचानक झाड़ियों से निकले दो बदमाशों ने जुगल को घेर लिया।

एक बदमाश ने उनकी कमर पर चाकू लगाकर जेब से पर्स निकाल लिया। पर्स में कुछ पैसे और आईकार्ड था। आरोपितों ने अचानक पीड़ित पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू उनके कूल्हे और हथेली पर लगा। पीड़ित इधर-उधर भागने लगे। थककर पीड़ित ने चिल्लाकर कहा कि वह पुलिसकर्मी है। यह सुनकर बदमाश उनको छोड़कर झाड़ियों में कूदकर फरार हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने जुगल को अस्पताल ले गई, जहां उनका इलाज जारी है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

**तलाश**

**8 पीड़ित इधर-उधर भागने लगे। थककर पीड़ित ने चिल्लाकर कहा कि वह पुलिसकर्मी है**

# अग्निवीर भर्ती के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

अग्निवीर भर्ती के खिलाफ कांग्रेस ने युवाओं के साथ मिलकर गुरुवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्नल रोहित चौधरी ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी के वादे के मुताबिक युवाओं के हक की लड़ाई कांग्रेस पार्टी जारी रखी है। मोदी सरकार ने अग्निवीर की आड़ में सेना में चयनित 1.5 लाख से ज्यादा युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है लेकिन कांग्रेस युवाओं के साथ है। चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी ने इन युवाओं के डेलिगेशन से 26 दिसंबर को मुलाकात की थी व इनके न्याय के लिए सड़क से संसद तक का साथ देने का वादा किया था।

# मंदिर के पुजारी को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शाहदरा जिला** के कृष्णा नगर इलाके में मंदिर के पुजारी को आवारा कुत्तों को खाना खिलाना काफी महंगा पड़ गया। एरिया में ही रहने वाले चार आरोपितों ने पुजारी को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। वारदात के दौरान आरोपितों ने पीड़ित रमाकांत शर्मा (28) के कपड़े भी फाड़ दिया। किसी तरह भागकर पीड़ित ने अपनी जान बचाई। वारदात के बाद आरोपित पुजारी को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इनका कहना था कि यदि दोबारा आवारा कुत्तों को खाना खिलाया तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पुजारी रमाकांत का इलाज करवाया। बाद में उनकी शिकायत पर केस दर्ज किया।



**धमकी भी दी**

**8 खाना खिलाने की वजह से आसपास के काफी सारे कुत्तों ने एरिया में डेरा डाला हुआ है**

पुलिस ने जांच के बाद तीन आरोपित भानू राजोरिया, राहुल राजोरिया और मनीष अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया। हमला करने वाले चौथे आरोपित की तलाश की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पड़ताल कर रही है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपित पिछले काफी समय से उनको धमका रहे थे। पुलिस के मुताबिक रमाकांत शर्मा परिवार के साथ कृष्णा नगर इलाके में रहते हैं। वह कृष्णा नगर में ही श्रीश्याम मंदिर में पुजारी हैं। रमाकांत पशु प्रेमी हैं। वह अपने आसपास आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं। आरोपी इसका विरोध करते हैं। उनका कहना है कि खाना खिलाने की वजह से आसपास के काफी सारे कुत्तों ने एरिया में डेरा डाला हुआ है। सोमवार रात को एरिया में घूमकर वह कुत्तों को खाना खिला रहे थे।

# 'युवा शक्ति पर देश को नए शिखर पर ले जाने की जिम्मेदारी'

## विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी देश और समाज की रीढ की हड्डी होती है



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** **विधायक सुरेंद्र** पंवार ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी देश और समाज की रीढ की हड्डी होती है। युवा ही देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते है। हमारे राष्ट्र के लिए कई परिवर्तन, विकास, समृद्धि और सम्मान लाने में युवा सक्रिय रूप से शामिल हुए है। विधायक सुरेंद्र पंवार सेक्टर-15 स्थित अपने निवास स्थान पर उनके साथ जुड़ने के लिए पहुंचे सैकड़ों युवाओं को संबोधित कर रहे थे।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि इतिहास गवाह है कि आज तक दुनिया में जितने भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए है, चाहे वे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक रहे हो, उनका मुख्य आधार युवा ही रहे है। भारत में भी युवाओं का एक समृद्ध इतिहास है। प्राचीनकाल में भी युवा पीढ़ी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश की आजादी में अनेको युवाओं ने अपना योगदान दिया और कई युवाओं ने बलिदान तक दिया। इसलिए युवाओं को अपनी शक्ति से भलिभांति परिचित होना चाहिए। कांग्रेस सुशासन में युवाओं को अनेकों अवसर दिए गए, जिससे युवा पीढ़ी खुश थी, लेकिन आज स्थिति बदल गई है। अब पुनः वह समय आ गया है जब युवाओं को एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी का साथ देना है, ताकि खुशहाल भारत पुनः लौट सकें। विधायक सुरेंद्र पंवार ने उनके साथ जुड़े सभी युवाओं का हार्दिक आभार व धन्यवाद व्यक्त किया और उनका पूर्ण सम्मान करने का आश्वासन दिया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने विशेष रूप से युवा टीम का नेतृत्व कर रहे हेमंत नांदल का धन्यवाद व स्वागत किया। इस दौरान ललित पंवार, हेमंत नांदल, प्रतीक, अंश, विनित, जतिन, तुषार, अजय, अभिषेक, आशीष, अंकुश, जतिन, रितेश, प्रियांशु सहित बड़ी तादाद में युवा मौजूद रहे।

**योगदान**

8 भारत में भी युवाओं का एक समृद्ध इतिहास है। प्राचीनकाल में भी युवा पीढ़ी का महत्वपूर्ण योगदान रहा

# राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से वार्षिक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

## पुरस्कार के लिए 20 जनवरी तक किए जा सकते हैं आवेदन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**उपायुक्त शांतनु शर्मा** ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की योजना के अन्तर्गत राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए उत्तर प्रदेश के राज्यकर्मियों को देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली प्रदेश की भाषाओं व बोलियों में मौलिक एवं दीर्घकालीन साहित्यिक सेवा के लिए पुरस्कार हेतु 20 जनवरी 2024 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश की देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली भाषाओं, बोलियों, उर्दू भाषा (फारसी लिपि में) के साहित्य की समृद्धि, प्रचार एवं राज्य कर्मियों में साहित्यिक अभिरुचि उत्पन्न करना है। इन सभी पुरस्कारों की धनराशि, रुपये एक-एक लाख होगी।

हिन्दी व उर्दू, गद्य/पद्य में सृजनात्मक साहित्य के अतिरिक्त यात्रा वृत्तांत, आत्मकथा, जीवनी, संस्कृति, संस्मरण, विज्ञान, पर्यावरण, अद्यावधिक विषय, आलोचनात्मक साहित्य, भूगोल, इतिहास, दर्शन, पौराणिक, शिक्षा एवं वित्त से सम्बन्धित पुस्तकें या अन्य भाषा में लिखी गई उपयोगी पुस्तकों का हिन्दी/उर्दू में किये गये अनुवाद की पुस्तकें भी पुरस्कार हेतु विचारणीय होंगी।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के कर्मियों में इस बारे ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करें और एवं नोटिस बोर्ड पर लगवाने की व्यवस्था करें ताकि जिला के कर्मचारी साहित्यकार अधिक से अधिक संख्या में अपनी प्रविष्टि प्रेषित कर सकें। कर्मचारी साहित्यकारों को अपनी प्रविष्टि सचिव पुरस्कार समिति राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान कक्ष संख्या-119 ब, भूतल, निकट गेट संख्या-9, उत्तर प्रदेश सचिवालय, हजरतगंज, लखनऊ-226001, के पते पर भिजवानी है।

**अभिरुचि**

8 बोलियों, उर्दू भाषा (फारसी लिपि में) के साहित्य की कर्मियों में साहित्यिक अभिरुचि उत्पन्न करना है

## न्यूज फ्लैश

### गुरुवार को मौसम का तापमान इस सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। जिला** मुख्यालय नारनौल क्षेत्र में गुरुवार सुबह का तापमान इस सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। नारनौल में न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस रहा ।जिसके कारण लोगों को बाद में ठंड से कुछ राहत मिली। नारनौल क्षेत्र में इस सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज होने के साथ अधिकांश जगहों और पाला जमने के समाचार भी मिले हैं। पाला जमने पर किसानों का कहना है कि अब तापमान में कमी होने से उनकी फसलों को खतरा हो सकता है। चूंकि लगातार कई दिनों से सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए थे । इससे फैसले खराब होने लग गई थी।अब अचानक तापमान कम हो जाने की वजह से उनकी फसलों की पैदावार पर असर पड़ेगा। वहीं मौसम परिवर्तन के साथ बेशक क्षेत्र में न्यूनतम तापमान काम हो गया हो , लेकिन अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। बुधवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था । दो दिन से नारनौल में आसपास के क्षेत्र में धूप खिली रही है । अब दिन में लोग धूप का आनंद लेते सर्दी को भगा रहें हैं।

### कांग्रेस संदेश यात्रा अटेली कस्बे में 20 को, यात्रा में शैलजा, किरण व सुरजेवाला रहेंगे शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। कांग्रेस** संदेश यात्रा अटेली कस्बे के नया बस स्टैंड पर 20 जनवरी को सांय साढ़े 6 बजे पहुंचेगी। संदेश यात्रा में पूर्व सांसद व पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा, पूर्व मंत्री किरण चौधरी, पार्टी के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला में विशेष रूप से होंगे। जानकारी देते हुए हरमेश गढ़ी ने बताया कि पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के नेतृत्व में यात्रा संदेश यात्रा का अटेली में अभिनंदन किया जाएगा। संदेश यात्रा का मुख्य उद्देश्य पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचा कर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करना है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खडगे व पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी 2024 में सरकार बना कर संविधान की रक्षा करने के साथ-साथ किसान-मजदूर सहित सभी वर्गो के हितों के कानून बना कर देश का विकास करेगी।

### अतिक्रमण के खिलाफ पानीपत जिला पुलिस का अभियान लगातार जारी



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पुलिस अधीक्षक अजीत** सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में शहर को जाम मुक्त करने की दिशा में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए अभियान के तहत छठे दिन वीरवार को ट्रैफिक पुलिस टीम ने सनौली रोड से अतिक्रमण हटवाकर फुटपाथ को खाली करवाया। शहर यातायात वेस्ट जोन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रणबीर मान, ईस्ट जोन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामनिवास, थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर महाबीर सिंह, थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन व थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर कर्मवीर ने दुकानों के बाहर अवैध तरिके से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत देकर फुटपाथ पर रखे सामान को हटवाया गया। सभी दुकानदारों को हिदायत दी गई की वे अपनी दुकान की हद तक ही सामान रखे। इस दौरान फुटपाथ व सड़क पर अनाधिकृत रूप से बेतरतीब तरीके से खड़े 174 वाहनों के चालान भी किये गए व अतिक्रमण कर रखे फ्लेक्स बोर्ड इत्यादि सामान को जब्त किया गया। यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश सैनी ने बताया कि बाजार सहित विभिन्न मार्गो पर दुकानदारों द्वारा फुटपाथ से लेकर सड़क तक सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है। साथ ही ग्राहक भी रोड व फुटपाथ पर अनाधिकृत रूप से बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा कर देते है। ऐसे में जाम की स्थिति पैदा होने पर आमजन को परेशानियों को सामना करना पड़ता है। सड़कों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें और न ही सड़क को अवरूध करें। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटवाने के साथ ही दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत दी गई है कि वे फुटपाथ व सड़क पर अतिक्रमण न करें।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर डीसी ने ली बैठक

## स्कूली बच्चे पेश करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभाग प्रदर्शित करेंगे मनमोहक झांकियां



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल । स्थानीय आईटीआई** मैदान में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में उपायुक्त उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आज लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को इस समारोह की जिम्मेदारियां तय की।

डीसी ने निर्देश दिए कि समारोह में शामिल टुकड़ियों की रिहर्सल करवाई जाए। इस रिहर्सल पर विशेष फोकस दें। इसके बाद अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को होगी। रिहर्सल के समय भी एंबुलेंस व डाक्टर तथा बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था होनी चाहिए।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि एक कार्यक्रम 5 मिनट से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके लिए भी लगातार रिहर्सल करवाएं। इससे पहले कमेटी समय से पहले सांस्कृतिक टीमों का चयन कर लें। गाने के बोल पहले चेक करें।

झांकियों के संबंध में उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरकार की योजनाओं की जानकारी से संबंधित मनमोहक झांकियां तैयार करवाएं। इसके लिए अभी से एक प्लान बना लें। यह झांकियां आईटीआई में एक दिन पहले पहुंच जाएं।

उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आईटीआई मैदान में साफ-सफाई का कार्य शुरू करवा दें। लोक निर्माण विभाग सड़कों की मरम्मत का काम शुरू करें।

# जयराम कन्या महाविद्यालय में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) देशभर** में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में योग विभाग के तत्वावधान में चलने वाले तीन दिवसीय योगा ब्रेक इम्प्लीमेंटेशन फॉर प्रोफेशनल एवं योग कैम्प का समापन हुआ।

इस शिविर में प्रशिक्षिका अंजू शर्मा ने शैक्षिक स्टाफ को प्राणायाम, यौगिक क्रियाएं, आसन एवं मेडिटेशन करना सिखाया। कैम्प में अर्ध चक्रासन, पद हस्तआसन, बालासन, शवासन, ताड़ासन, भुजंगासन आदि आसन करने सिखाए गए। प्राणायाम में नाड़ी शोधन, भ्रामरी, अनुलोम विलोम आदि भी सिखाया। जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य दिन भर की थकावट एवं तनाव को कम करने के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाना था। इस शिविर में प्राध्यापिकाओं ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया और उसके महत्व को जाना। प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने कहा कि योग एवं मेडिटेशन एक ऐसा अभ्यास है जिससे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक संतुलन भी अच्छा होता है।

# समर्थ युवा सशक्त भारत से बनेंगे विश्वशक्तिः यतेंद्र राव

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल । भारत** सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निदेर्शानुसार व उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) के मार्गदर्शन में नेहरू युवा केंद्र की ओर से राजकीय पीजी महाविद्यालय में मेरा भारत विकसित भारत विषय पर जिला स्तरीय एकदिवसीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा से प्रदेश उपाध्यक्ष यतेंद्र राव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए युवाओं से कहा कि अपने अपने लक्ष्य निर्धारित कर उस पर पूरे फोकस के साथ काम करें। युवाओं को सरकार द्वारा आयोजित सभी गतिविधियों में हिस्सा लें ताकि लीडरशिप स्कील में सुधार आ सके। साथ ही सरकार की स्कीमों को युवा गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए एम्बेसडर के रूप में कार्य करें। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ चंद्रमोहन, डॉ मीना यादव व इंजीनियर सुदर्शन कुमार ने निभाई। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले भर से 15 से 29 आयु वर्ग के 26 युवाओं ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान तृप्ति सैनी ने प्राप्त किया। तृप्ति सैनी अब राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया हैः मंत्री ओम प्रकाश यादव

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा बृहस्पतिवार को सतनाली खंड के गांव बारडा व डिगरोता, अटेली खंड के नांगल व पृथ्वीपुरा, निजामपुर खंड के नियाजअलीपुर व इस्लामपुरा, कनीना अनाज मंडी, सिहमा खंड के खासपुर व खामपुरा में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई।

गांव खासपुर व खामपुरा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव, नांगल व कनीना अनाज मंडी में अटेली विधायक सीताराम यादव, नियाजअलीपुर व इस्लामपुरा में नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव, डिगरोता में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं बारडा में सरपंच कैलाश, पृथ्वीपुरा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुगनचंद ने विकसित भारत की शपथ दिलाई।

**संकल्प यात्रा**

8 नियाजअलीपुर व इस्लामपुरा, कनीना अनाज मंडी, सिहमा खंड के खासपुर व खामपुरा में पहुंची

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि इस यात्रा के माध्यम से उन लोगों को बहुत ज्यादा फायदा मिल रहा है जिनको सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं थी तथा किसी कारणवंश कार्यालय में नहीं जा सकते थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र नागरिकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं लेकिन जो लाभार्थी अभी तक छूट गए हैं, उनके आवेदन भी मौके पर ही करवाए जा रहे हैं। सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने आज गांव खामपुर में मौके पर ही गांव के छह लोगों की पेंशन बनाई।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सभी क्षेत्रों में विकास कार्य करवाए हैं। जिला में सड़कों का ऐसा नेटवर्क बिछाया है जिससे कुछ ही घंटे में दिल्ली व चंडीगढ़ जैसे शहरों में पहुंच जाते हैं।

# फ्रेंडशिप कर ठगी करने वाले गिरोह का सदस्य काबू



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। पुलिस टीम** ने सोशल मीडिया के माध्यम से फ्रेंडशिप का झांसा देकर लोगो से ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान मोहम्मद शफीक वासी सीकर राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपित से सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में पुलिस ने आरोपित के पास से एक मोबाइल बरामद किया है। जांच में पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित फ्रॉड की राशि को दूसरे खातों में ट्रांसफर करने का काम करता था।

आरोपित को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कोरियर डिलीवर करने के नाम पर पांच लाख पंद्रह हजार रुपए का ऑनलाइन फ्रॉड करने के मामले में थाना साइबर क्राइम की पुलिस टीम ने छह आरोपितों राहुल वासी मलदहिया थाना पहाड़पुर बिहार, मो. हिमायतुल्लाह वासी मलदहिया, थाना पहाड़पुर बिहार, अमन वासी यादव नगर बादली, मो. राजा वासी राजा विहार बादली, ताज आलम वासी जोकटिया जिला बेतिया बिहार और शाहकार रजा उर्फ सद्दाम वासी दीवाना टोला बहादुरगंज जिला किशनगंज बिहार को पहले गिरफ्तार किया था। जिनसे पूछताछ में 19 मोबाइल सिम कार्ड्स के साथ, 44 सिम कार्ड्स, 41 एटीएम और 1 लाख 92 हजार रूपए की नकदी बरामद की थी। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपित ताज आलम का फ्रॉड करने में मुख्य रोल था।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुनीता गर्ग निवासी मौहल्ला नलापुर नारनौल ने थाना साइबर क्राइम महेंद्रगढ़ में ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उसने बताया कि दिनांक 4 नवंबर को फेसबुक पर उसने एक ऐड देखी, जिस पर क्लिक करने पर उनका व्हाट्सएप नंबर पर खुल गया। जिसपर शिकायतकर्ता ने मैसेज किया तो थोड़ी देर बाद उनका व्हाट्सएप पर फोन आ गया, जिनसे बातचीत होने सके बाद सामने वाले ने शिकायतकर्ता को बोला कि आप मेरे दोस्त बन गये हो मै आपके लिए एक गिफ्ट भेज रहा हूं। उसके बाद दिनांक 09 नवंबर को शिकायतकर्ता के पास दूसरे नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई, जिसने बताया कि वह मुम्बई से बोल रहा है, आपके किसी दोस्त ने यूके से कोरियर भेजा है, यह कोरियर फ्लाईट से आया है, जिसका 15000/- रुपए चार्ज लगा है। शिकायतकर्ता ने नम्बर पर गूगल पे से पेमेंट कर दी। उसके बाद उसने शिकायतकर्ता से 25000/- रुपए टैक्स के मांगे, उसके बाद उसने 50000/- रुपए टैक्स के ओर मांगे। ऐसे करके शिकायतकर्ता ने अपने खाते से 2,55,000/- रुपए व अन्य 2,60,000/- रुपए अलग-अलग सीएससी सैंटर से भेज दिए। शिकायतकर्ता ने दिनांक 9 नवंबर से दिनांक 13 नवंबर तक कुल 5,15,000/- भेज दिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# यूनिट ने स्पेशल कैंप के छठे दिन का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया पानीपत/कमाल हुसैन**
आई.बी. पी.जी. महाविद्यालय में एन.एस.एस. यूनिट द्वारा स्पेशल कैंप के छठे दिन का आयोजन किया गया । प्रातः कालीन सत्र में स्वयंसेवकों को योगा और मेडिटेशन करवाया गया। स्वयंसेवकों द्वारा गांव खोतपुरा में चंदौली के रास्ते से सड़क सुरक्षा रैली भी निकाली गई । रैली के द्वारा स्वयंसेवकों ने गांव खोतपुरा, सरकारी अस्पताल में भी भ्रमण किया। जिसमें स्वयं सेवकों ने "मत करो इतनी मस्ती जिंदगी नहीं है सस्ती" ,"ना शौक ना मजबूरी हेलमेट पहनना जरूरी" के नारे लगाए । तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग रोड सेफ्टी क्लब और संस्कारशाला के संयोजक ने कैंप में शिरकत कि उन सब के द्वारा स्वयंसेवकों से सड़क पर चलने वाले वाहनों जैसे कार, ट्रक, ट्राली,ऑटो रिक्शा और बाइक पर रिफ्लेक्टर टेप लगवा कर 35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 2024 का आगाज किया गया। जो की 11 जनवरी 2024 से 17 जनवरी 2024 तक मनाया जाएगा।

**सुरक्षा रैली**

8 स्वयंसेवकों द्वारा गांव खोतपुरा में चंदौली के रास्ते से सड़क सुरक्षा रैली भी निकाली गई

# लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनायी



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**भारत के** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न किसान मजदूरों के मसीहा लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनायी गई और ऋषि दयानंद की 200वीं जन्म जयंती की उपलक्ष्य में आर्य बाल भारती स्कूल परिसर से एक स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की।

यह जानकारी देते हुए आर्य बाल भारती के प्रधान रणदीप कादियान ने बताया कि ऋषि दयानंद की जयंती के उपलक्ष्य में हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक की ओर से हरियाणा की सभी आर्य शिक्षण संस्थाओं में आगामी 12 फरवरी 2024 तक पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता भाषण प्रतियोगिता स्वच्छता गीत प्रतियोगिता और स्वच्छता नाटक प्रतियोगिताओं और स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को और अधिक जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा विश्व को दिया था वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे आगे बढ़ाते हुए जय जवान जय किसान जय विज्ञान और जय अनुसंधान का नारा दिया है जिसका परिणाम यह हुआ कि भारत चन्द्रयान को चाँद पर स्थापित करने में सफल हो पाया है इसीलिए छात्रों को कंप्यूटर और विज्ञान विषयों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

# बीते वर्ष लूट व स्नैचिंग की वारदातों में आई 25 प्रतिशत की कमी

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पुलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ ही अपराधों पर नकेल कसते हुए अपराधियों को काबू करने के लिए बीते वर्ष समय-समय पर जो अभियान चलाए गए उसके सार्थक परिणाम सामने निकल कर आए है।

जिला पुलिस द्वारा बीते वर्ष गृह भेदन के 17, स्नैचिंग 2, वाहन चोरी 10, साधारण चोरी 7, लूट व ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले 1-1 गैंग सहित कुल 38 गैंगों का सफाया कर इनके 111 आरोपियों को काबू कर जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम किया गया। वही पकड़े गए आरोपियों से 321 आपराधिक वारदातों का खुलासा करते हुए 75 लाख 51 हजार 766 रुपए की चोरीशुदा संपत्ति व नगदी बरामद की गई। पीछले 5 वर्ष के आकड़ो की तुलना में बीते वर्ष सबसे ज्यादा गैगों का सफाया करने में जिला पुलिस ने कामयाबी हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में पानीपत पुलिस की कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप वर्ष 2022 की तुलना में बीते वर्ष स्नैचिंग व लूट की वारदातों में 25 प्रतिशत की कमी आई है।

# जागरुकता और सावधानी से ही लगेगा सड़क हादसों पर अंकुशः रोशन लाल

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) जिला पुलिस द्वारा** यातायात नियमों के बारे में युवाओं को जागरूक करने के लिए वीरवार को पेहवा के डीएवी कॉलेज में एक जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिला ट्रैफिक पुलिस कॉर्डिनेटर उप निरीक्षक रोशन लाल व शेर सिंह ने वक्ता के रूप में शिरकत की ।बच्चों को संबोधित करते हुए जिला ट्रैफिक कॉर्डिनेटर रोशन लाल ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों के लिये किताबी ज्ञान के साथ साथ नैतिक मूल्यों का ज्ञान होना भी जरुरी है। उन्होंने बताया कि सावधानी बरतने से ही बढते हुऐ सडक हादसो पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने मोबाईल को कवर या स्क्रीन कार्ड लगाना नही भूलते उसी प्रकार दोपहिया वाहन पर चलते समय हमेशा हैल्मैट रखें। मोबाईल या डिश टीवी का रिचार्ज समय पर करवाते हैं परन्तु बाईक या गाडी का इंशोरैन्स या पोलूशन सर्टिविकेट लेना भूल जाते हैं। इन सभी बातो को यदि हम अपने रोज के व्यवहार मे शामिल कर लें तो हर रोज बढ रहे सडक हादसों को कम किया जा सकता है ।वहीं साईबर अपराध के बारे में बोलते हुए उप निरीक्षक शेर सिंह ने कहा कि साइबर अपराधी टैक्नोलोजी का इस्तेमाल करके अपने घर बैठे ही आपके खाते से पैसे निकाल लेते हैं।

ऑनलाईन होने वाले इन सब फ्राड से बचने के लिये जानकारी और सावधानी बहुत जरुरी है ।उन्होंने बताया कि ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं ।सेमिनार के अन्त मे कॉलेज स्टाफ ने सैमिनार मे आऐ हुऐ वक्ता का धन्यवाद किया।

# कुशक नम्बर-2 में कांग्रेस की हुई अहम बैठक, कुई मुद्दों पर हुई चर्चा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुराडी** विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले कादीपुर-जहांगीरपुरी ब्लॉक में 'बूथ से जुड़े' कार्यक्रम के विषय में एक मीटिंग का आयोजन कुशक नम्बर-2 में किया गया। जिसमें जिला करावल नगर कांग्रेस सहप्रभारी राजेश कुमार जैन मुख्यातिथि के रूप में मौजूद थे। सहप्रभारी जैन का जगदीश सौदा और जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज का शाल पहनाकर ईश्वर सिंह कटारिया ने स्वागत किया। श्री जैन ने बूथ जोड़ने के लिए और गूगल फार्म भरवाने के लिए व कांग्रेस सदस्यों से पार्टी फंड में मेम्बरशिप करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आप जल्दी मंडल व सेक्टर इचार्ज भी बनाये। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपने-अपने विचार रखने को कहा, जिसमे सभी ने मुख्य रूप से पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि हमें बूथ लेबल पर कार्य करते हुए घर-घर जाकर लोगों को कांग्रेस के कार्यकाल में किये गए कार्यो को बताना चाहिए। शीला दीक्षित सरकार में दिल्ली में अनेकों बड़े-बड़े कार्य किये गए। कांग्रेस सरकार ने रेजिडेंट वेलफेयर समितियों के साथ मिलकर कॉलोनियों को पास कराने कार्य शुरू किया। भागीदारी में गोल मेज पर बैठकर सभी समस्याओं को निपटाया जाता था। दिल्ली में अनाधिकृत कॉलोनियों को पास कराने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रोविजनल सर्टिफिकेट भी आरडब्ल्यूए को दिए गए। जिससे आज कालोनियों में विकास कार्य किये जा रहे हैं। जिला करावल नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने भी विधानसभा में ब्लाक स्थर पर मजबूती से कम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी दूसरी बड़ी भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू कर रहे हैं। बुराडी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि बुराडी विधानसभा में 5 निगम वार्ड हैं, हमे 5 ब्लाक अध्यक्ष जल्द से जल्द नियुक्त करने चाहिए जिससे कि संगठन मजबूती से कार्य कर सके। ब्लॉक अध्यक्ष खेमचन्द सैनी ने सहप्रभारी जैन साहब से अनुरोध किया कि बुराडी विधानसभा में 4 नहीं 5 ब्लॉक बनाये जाएं जिसका सभी कार्यकर्ताओं ने समर्थन किया। राजेश जैन ने सभी को आश्वासन दिया कि जल्द ही दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली से समय लेकर इस पर चर्चा करेंगे और समस्या का समाधान करायेगें।

इस अवसर पर निगम प्रत्याशी नितिन त्यागी, पूर्व निगम प्रत्याशी नीतू सिंह तोमर, सुखबीर सिंह, अनुज त्यागी, देवेन्द्र मिश्रा, ईश्वर सिंह कटारिया, प्रदीप राणा, कालीचरण, जगदीश सौदा, कृष्ण कुमार, सुरेन्द्र सिंह, कुल दीपक जोशी, कपूर सिंह सिसोदिया, हिमांशु, मीना रावत, पूर्वांचल ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश सिंह, मोहित सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# त्रीनगरः पूजित अक्षत घर-घर जाकर किये वितरित




**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित शकूरपुर वार्ड-62 में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से अक्षत कलश पहुंचे। जिसको लेकर श्रीराम अक्षत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संघ की सामाजिक समरसता नगर टोली की महिला प्रमुख सोनम चड्डा की देख-रेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आपको बता दें कि पूजित अक्षत को आरएसएस सहित अन्य संघ मिलकर गांव-गाँव, घर-घर और शहर-शहर जाकर अक्षत वितरण कर रहे हैं। इस मौके पर सोनम ने कहा कि इस अक्षत को राम भक्तों द्वारा श्रीराम जन्मभूमि पूजन के दिन 22 जनवरी को अपने घर में प्रभु श्रीराम को अपने मंदिर में स्थापित करेंगे। राम जन्मभूमि से आया अक्षत राम लला के भव्य मंदिर का उद्घाटन व प्रतिमा स्थापना में निमंत्रण के रूप में देश के प्रत्येक घरों तक पहुंचाया जा रहा है।

# कर्मचारियों की मांगो पर ध्यान दें सरकारः खन्ना



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ऑल** इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने बताया कि फ्रंट की टीम दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी का समर्थन करते हुए विशाल प्रदर्शन में शामिल हुई। उन्होंने आगे बताया कि सफाई कर्मचारियों की लंबे समय से पड़ी हुई मांगों को लेकर विशाल प्रदर्शन किया गया। जिसमें पिछले कई सालों से जो कर्मचारी है कार्यरत है, उनको पक्का किया जाये सहित कई मांग रखी गई।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली, पूर्व विधायक जय किशन, पूर्व विधायक वीर सिंह धिगान, पूर्व विधायक चरण सिंह कंडेरा, पूर्व विधायक सुरेंद्र सहित यूथ फ्रंट के पदाधिकारी में राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया, दीपक बग्गा, सुरेश करोतिया, अनिल ढिलौड, नरेश कुमार, जगदीश कुमार, दिनेश कुमार, राजेन्द्र, आशीष सूद, विजय पार्चा, टोनी चंडालिया, सुरेंद्र सूद, सीमा चंदेलिया, आशीष टॉक, राजू सागर, विक्रम जीत, संजय मेहरौलिया, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, जय भगवान, वेद कुमार, ओम प्रकाश, रणवीर चावरिया, दीपक कुमार, विशाल, संजय बहोत, अनिल ढिकोलिया, स्वरूप, रमेश समर्पित, मोहन पहलवान, राजेंद्र ढिकोलिया, राजेश मेहरौलिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# क्या नौनिहालों के बीमार पड़ने के इंतजार में है शिक्षा विभागः यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पिछले** दो दिनों से दिल्ली में सर्दी लगातार बढ़ रही है जिसके कारण स्कूल में आने वाले छात्रों में बुखार, खाँसी व जुकाम होने की लगातार शिकायतें मिल रही है।

ज्ञात हो कि पूर्व वर्षों में शिक्षा विभाग के वार्षिक कलेंडर के अनुसार सर्दियों की छुट्टियां एक जनवरी से पंद्रह जनवरी तक होती थी।

इस बार दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के कारण स्कूल बंद करने पड़े थे। इसलिए शिक्षा विभाग में तभी घोषणा की थी कि इस बार सर्दियों की छुट्टियों में कटौती की जाएगी उसी अनुसार इस वर्ष एक जनवरी से छः जनवरी तक सर्दियों की छुट्टियाँ की गई।

**बच्चों के स्वास्थ को लेकर बेपरवाह विभागः** 6 जनवरी को शिक्षा विभाग द्वारा सर्दी की छुट्टियाँ पूर्व वर्षों की भाँति रखने का आदेश समाचार पत्रों में भी प्रकाशित कर दिया गया, परन्तु फिर उसे वापिस लेते हुए सिर्फ पाँचवी कक्षा तक की छुट्टियाँ ही बढ़ाई गई। ठिठूरन वाली ठंड बढ़ती जा रही है। जिसके कारण स्कूल में आने वाले छात्रों में बुखार खाँसी जुकाम की शिकायतें मिलने लगी है।

**किया जा रहा है प्रताड़ितः** मामलें में राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने में उपराज्यपाल व शिक्षा मंत्री को ट्वीटर/एक्स के माध्यम से छात्र हित में स्कूलों की छुट्टियाँ करने पर विचार करने की माँग की है।

# नेहरु युवा केंद्रः जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेहरु** युवा केंद्र, पश्चिम दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा विकसित भारत 2047 पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम के उपलक्ष्य में भारती विद्यापीठ इंजीनियरिंग कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

कार्यक्रम की पारदर्शिता के रूप में निर्णायक मण्डल में डॉ अतुल कुमार पाण्डेय पूर्व उपनिदेशक नेयूकेसं, डॉ अनिल कुमार कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस एवं मेघा सहगल भारती विद्यापीठ डीम्ड विश्वविद्यालय आदि उपस्थित रहे। इसी के साथ प्रिया, अनुष्का एवं मोहित कुमार संस्थापक प्रतिष्ठा युवा संगठन ने मंच संचालन किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा कौशिक जिला युवा अधिकारी पश्चिम दिल्ली द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि युवा प्रतिभागियो ने चढ़कर हिस्सा लिया है। इस अवसर पर सभी युवा प्रतिभागियों को नेहरू युवा केंद्र संगठन के वर्ष पर्यन्त आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया।

जिसके द्वारा युवाओं को एक सशक्त मंच की प्राप्ति होती है। जिससे युवा वर्ग अपनी कौशलात्मक दक्षताओं का क्रियान्वयन कर सकते हैं। साथ ही युवाओं में नेतृत्व के गुणों को विकास हो। विविध प्रकार की नवाचारी गतिविधियों का आयोजन संगठन वर्ष पर्यन्त करता रहता है। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुलदीप सिंह ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान शैफाली ने प्राप्त किया व तृतीय स्थान भागवत प्रसाद तिवारी ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को शील्ड व प्रमाणपत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। निर्णायक मंडल ने सभी को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र, पश्चिम दिल्ली के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सोनी चौहान, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, दुर्गेश, वैशाली अग्रवाल, आयशा प्रवीन, एमटीएस ऋषभ आदि उपस्थित रहें।

# 'काशी से गौ माता राष्ट्र माता का आंदोलन शुरू हो चुका है'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली में गौ रक्षकों द्वारा एक प्रेसवार्ता की गई। जिसमें तमाम गौ रक्षकों के साथ कुछ साधु संत भी शामिल हुए।

प्रेस वार्ता के दौरान गौरक्षकों ने गौ माता को राष्ट्र माता दर्जा देने का आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि आने वाली 22 तारीख के दिन अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में पीएम मोदी गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करें। अगर सरकार गौ माता को राष्ट्र माता घोषित नहीं करती, तो हम आंदोलन करेंगे।

गौ रक्षकों ने गौ माता की हत्या का विरोध करते हुए कहा कि बीते 12 दिसंबर को काशी से गौ माता राष्ट्र माता का आंदोलन शुरू हो चुका है। देश को आजाद हुए 75 साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। लेकिन आज भी गौ हत्याएं बंद नहीं हुई। गौभक्त चाहते है कि गौ हत्या बंद होनी चाहिए।

गौभक्तों ने कहा कि 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पीएम मोदी देसी गौ माता को राष्ट्र माता होने की घोषणा करें। इस आंदोलन को लेकर गौभक्तों की आगामी योजना क्या रहेगी। इसको लेकर गौभक्तों की और से विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता आजाद आर्य उपाध्यक्ष क्रांति रक्षा दल रहे। तो वहीं, आयोजक रॉकी राणा संरक्षक गौ रक्षा दल दिल्ली प्रदेश रहे। इस अवसर पर आचार्य आजाद सिंह आर्य, रॉकी राणा, साध्वी राजेश्वरी देवा, विकास पाटनी, सुनील यादव सहित गौमाता राष्ट्रमाता महाअभियान के गौदूत उपस्थित थे।

# सभी को करना चाहिए रक्तदानः राज खुराना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
गुजरावाला टाउन पार्ट-दो में रहने वाले प्रसिद्ध समाज सेवी राज खुराना ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि रक्तदान करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए इस पुण्य के कार्य में हिस्सा ले और सभी रक्तदान जरूर करें। खुराना ने कहा कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है।

# मॉडल टाउनः कांग्रेस के कार्य भुलाए से नहीं भुलाये जा सकतेः मनराल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल** टाउन विधानसभा से दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस से सोशल मीड़िया के प्रदेश समन्वयक सुनील सिंह मनराल ने कांग्रेस के शासनकाल में दिल्ली में हुए विकास कार्य और दिवंगत दिल्ली कि पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को याद करते हुए कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाली जनता भी जानती है कि मूलभूत सुविधा देने की शुरूआत पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने की थी। उन्होनें कहा कि पीने के पानी से त्रस्त दिल्ली के घर-घर में पानी पहुंचाने के साथ-साथ बिजली, सड़कें, मेट्रो और फ्लाईओवर जैसी तमाम बुनियादी सुविधाएं देने का श्रेय दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को ही जाता है। मनराल ने बताया कि दिवंगत शीला दीक्षित की कमी पूरी नहीं की जा सकती है, लेकिन उनकी सोच के साथ पार्टी दिल्ली के विकास पर काम करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने जो काम किया है वह कोई सोच भी नहीं सकता। वहीं उन्होनें कहा कि कांग्रेस के बाद से दिल्ली ही हालत बद से बदतर हो गई है, तो वहीं दिल्ली की सैंकड़ों कॉलोनियों में सड़क की हालत जर्जर है। मनराल ने कहा कि पूर्व में निगम में शासित भाजपा ने निगम का कोष खाली करने में कतई भी कसर नहीं छोडी थी। उन्होनें बताया कि अब बिजली, पानी आदि पर राजनीति करने वाले यह भूल गए है कि कांग्रेस की वजह से ही दिल्ली में 24 घंटे बिजली मिली है।



वार्ड-18 जहांगीर पुरी में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा तंदूर वाली गली और मंगल बाजार गली नंबर-11 में मशीन द्वारा बंद पड़ी नालियो को खुलवाने का कार्य करवाते हुए।

# बढ़ती महंगाई से परेशान हो रहे हैं देश के लोगः वधवा



**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**चांदनी** चौक जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव व माडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित पार्ट-दो में रहने वाले विनोद वधवा ने कहा कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है, लेकिन सरकार महंगाई कम करने की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दे रही है। वधवा ने बताया कि साल में कई बार तो दूध के दाम बढ़ाये गये है व अन्य चीजों के दाम भी बढ़ाये गये है। जिससे लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए।



जय श्री माता महारानी मंदिर गिहरा समाज जेजे कॉलोनी वजीर द्वारा साईं पालकी निकाली गई और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी भी मौजूद रही।

# कांग्रेस ने जनता को सदा धोखा दिया और भाजपा ने किया प्रदेश का गारंटी से विकास: नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

रादौर विधानसभा के गांव झिवेरहेरी और लाड़वा विधानसभा के गांव उमरी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ के सामने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं गिनाई और सभी से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। नायब सैनी ने झिवेरहेरी और उसके बाद उमरी में अपने संबोधन में कांग्रेस को भी निशाने पर रखा। झिवेरहेरी में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदा जनता को धोखा दिया है और भारतीय जनता पार्टी गारंटी के साथ प्रदेश का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज मोदी की गारंटी की गाड़ी लोगों के द्वार तक पहुंच रही है और सरकार की योजनाओं का लाभ हरेक पात्र



व्यक्ति को दिया जा रहा है। श्री सैनी ने कहा कि गरीबों को घर बैठे योजनाओं का लाभ देना ही मोदी-मनोहर सरकार का विजन है।

गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी सबसे पहले यमुनानगर जिले की रादौर विधानसभा के गांव झिवेरहेरी में पहुंचे जहां उनका जबरदस्त स्वागत हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ने यहां पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ देने के लिए लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और उन्होंने ड्रोन टैक्नोलॉजी का खेती में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। यहां बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदा वोटों की राजनीति की और कांग्रेस सरकारों ने कभी गरीबों की सुध नहीं ली, लेकिन भाजपा ने पिछले लगभग दस सालों में एक-एक व्यक्ति की चिंता की और आज मोदी-मनोहर सरकार की गरीब कल्याण की सोच के कारण ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विकास की गारंटी की गाड़ी लोगों तक पहुंच रही है। नायब सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार ने अनेकों योजनाएं लागू की हैं जिनसे गरीबों को लाभ मिल रहा है। गरीब परिवार मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं के जरिए समाज की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान और चिरायु योजना ने गरीबों को बीमारी के समय चिंता से मुक्त किया है। अब गरीब व्यक्ति 5 लाख रुपये तक का इलाज फ्री में करा रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस व विपक्ष के नेता जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि जनता जानती है कि इन दस सालों में मोदी-मनोहर की सरकार में देश और प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है। आज हर घर में नल से जल पहुंच रहा है। आयुष्मान योजना के जरिए महिलाओं को धूआं से मुक्ति मिली है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री बनने से पहले 24 घंटा बिजली देने की घोषणा करते थे और उनकी सरकार 10 साल रही। लेकिन श्री हुड्डा लोगों की जरूरत के हिसाब से भी बिजली नहीं दे पाए। श्री सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेरा गांव जगमग गांव योजना के तहत 24 घंटा बिजली देने का काम करके दिखा दिया है।

# जनकल्याणकारी नीतियों के कारण घर बैठे मिल रहा बीपीएल, पेंशन का लाभ: विधायक

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** बड़खल विधानसभा क्षेत्र से विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। देश व प्रदेश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। विधायक सीमा त्रिखा आज वीरवार को फरीदाबाद नेहरु कॉलोनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के हर गांव में



ग्रामीणों को शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश की मनोहर सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्य किए जा रहें हैं। हर गांव में विकास कार्य गुणवत्ता पूर्वक संपन्न करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा अनेक विकास कार्य प्रगति पर है जो निर्धारित अवधि में पूर्ण कर ली जाएंगे। क्षेत्र में सडकों की मरम्मत, सौंदर्यीकरण पर करोड़ों रुपये की राशि खर्च की जा रही है। ग्रामीणों को बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेलकूद सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### हरियाणा महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में उपलक्ष्य में दो दिवसीय समागम का हुआ आगाज



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद,(हरपाल सिंह यादव )।**

हरियाणा महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में उपलक्ष्य में दो दिवसीय समागम का वीरवार को आगाज हो गया है। सूरजकुंड के राजहंस होटल में अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन का शुभारंभ राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती रेखा शर्मा ने किया। प्रथम सैशन में महिला सशक्तिकरण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान कैसे करें महिलाएं रहा। हरियाणा महिला आयोग की चेयर पर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग (एचएससीडब्ल्यू) अपने 25वें स्थापना दिवस पर आज वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला शिखर सम्मेलन "एशियन कंट्रीज समिट" - दुर्गा एम्पावरिंग वूमेन नामक दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन शुरू किया गया है। कार्यक्रम सूरजकुंड स्थित होटल राजहंस के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। महिला आयोग का दो दिवसीय समागम वीरवार से 11:00 बजे शुरू हुआ। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी महिलाओं ने शिरकत की। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयर पर्सन रेनू भाटिया द्वारा यह अंतर्राष्ट्रीय महिला शिखर सम्मेलन "एशियन कंट्रीज समिट" - दुर्गा एम्पावरिंग वूमेन नामक दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनना है और इसके लिए महिलाओं में जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबर के अधिकार दिए हैं। किसी भी देश को में सुख, समृद्धि महिला सशक्तिकरण से ही से ही आती है। महिलाएं देश की रक्षा करने में भी अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। हरियाणा महिला आयोग की वजह से आज हरियाणा का स्वरूप बदल गया है। सशक्त महिला का मतलब सिर्फ काम करने या कमाने से नहीं सशक्त महिला का असली मतलब उसे महिला से है जो अपने सारे फैसले खुद ले सकती है। आज महिलाओं के प्रति पुरुष समाज को सोच का बदलना बहुत जरूरी है आज समाज में महिला पुरुष के साथ ट्रांसजेंडर की भी बातें होती हैं और जब तक समाज को जानवरों में बांटा जाएगा तब तक समाज को आयोग की जरूरत पड़ेगी। महिला आयोग का काम उसे दिन खत्म होगा जब किसी बच्ची को गर्भ में ना मरने दिया जाए बच्ची के पैदा होने पर उसे किसी रंग या कपड़े के लिए नहीं टोका जाए जितनी आजादी बेटों को दी जाती है उतनी आजादी बेटियों को भी दी जाए इसकी शुरूआत हमें अपने परिवारों से ही करनी होगी क्योंकि परिवार में ही हम अपने बच्चों में जेंडरो का भेदभाव करते आ रहे हैं। जैसे संस्कार हम अपनी बेटियों को देते हैं उतने ही संस्कार हमें अपने बेटों को भी देने की जरूरत है और अपनी बच्चियों को सिखाएं कि वह अपनी चुप्पी को तोड़े न कि उन्हें चुप रहने को कहा जाए और बेटों की तरह भी बेटियों को अपना जीवन साथी चुनने का पूरा हक दिया जाए। मध्यप्रदेश की पहली पूर्व विधायक शबनम मौसी ने कहा कि 2000 में मध्य प्रदेश की में विधायक बनी। इसके बारे में उन्होंने कहा कि मुझे कार्यक्रम में बुलाने पर रेनू भाटिया और हरियाणा के सभी लोगों का भी धन्यवाद करती हूँ। इसके बाद उन्होंने मध्य प्रदेश, यूपी और मुंबई में अपने संकट भारी जीवन की स्वयं की चर्चा करते हुए कहा कि मेरा मुख्य गरीबों की सेवा करना है। महिलाओं को समाज में आगे लाना चाहिए पुरुषों के बराबर महिलाओं को भी सम्मान मिलना चाहिए और अब वक्त है कि ट्रांसजेंडरों को भी अच्छी नजर से देखा जाए उनको समझ में सम्मान और इज्जत दी जाए उन्हें भी दूसरों की तरह प्रेम से गले लगाया जाए। ट्रांसजेंडर एक्टीविस्ट गौरी सावंत ने कहा कि महिला और पुरुष के समान ट्रांसजेण्डर को भी समाज और परिवार के लोगों को बराबर का सम्मान देना चाहिए। इस कार्य के लिए मैंने जिंदगी में संघर्ष की शुरूआत की है।

### चार्जिंग स्टेशन कर्मचारी ने साथी के साथ मिलकर चोरी की 12 बैटरी

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश की टीम ने चोरी के मुकदमों में दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आकाशपाल (26) तथा हर्षित (20) का नाम शामिल है। आरोपियों ने अक्टूबर 2023 में एनआईटी टाउन नंबर 2 में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर स्थित बैटरी चार्जिंग पॉइंट से 12 बैटरी चोरी की थी। जिस संबंध में कंपनी मैनेजर दीपक की शिकायत पर कोतवाली थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों के लिए तलाश की जा रही थी।

# एडीसी आनन्द शर्मा ने की चिन्हित अपराध मामलों की समीक्षा बैठक की

**समीक्षा बैठक**

**8 चिन्हित केसों के चालान न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ पेश करें, सबूतों के आभाव में न छूटे अपराधी**

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि चिन्हित अपराधों के केसों की पैरवी पूरी तैयारी से करना सुनिश्चित करें। चिन्हित केसों के चालान न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ पेश करें तथा सबूतों के आभाव में कोई अपराधी न छूटे। एडीसी चिन्हित अपराध मामलों की समीक्षा बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियो



और डीए कार्यालय से आए अधिकारीयों को समीक्षा बैठक में जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि चिन्हित केसों के चालान न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ पेश करें। जिससे सबूतों के आभाव में कोई अपराधी कानून से बच न पाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियो और जिला न्यायवादी को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चिन्हित केसों की गवाही सही समय पर न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ सुनिश्चित करवाए। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में चिन्हित अपराध के तहत आने वाले मामलों की जांच पुलिस विभाग पूरी गहनता से कर रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि चिन्हित अपराधों में सुरक्षा समीक्षा, एससी-एसटी एक्ट, पोस्को सहित ऐसे मामलों की जांच संबंधित पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट बारे उपायुक्त कार्यालय को अवश्य अवगत करवाया जाए। वहीं एडीसी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे चिह्नित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर सनसनीखेज मामलों की रिपोर्ट बनाएं और उन पर पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्यवाही बारे उन्हें अवगत करवाया जाए।

इन केसों की जांच गहनता से करें:- एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि पोक्सो एक्ट, 302, 307, 395, 376, 354, 304 बी, एनडीपीएस कमर्शियल, एमटीपी, पीसी एक्ट करप्शन मामले ये सभी चिह्नित अपराध के तहत आते हैं। ऐसे मामलों में गहनता से जांच कर केस अदालत में पेश किया जाये। कोई भी अपराधी कोर्ट में केस की मजबूती न होने के कारण बचकर नहीं निकलना चाहिए। कोर्ट में पेशी से पूर्व साक्ष्यों ओर तथ्यों की मजबूती सुनिश्चित की जाए। किसी मामले में अगर कोई पुलिस का जवान शहीद होता है, तो ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की देरी या कोताही न बरती जाए। एडीसी ने पुलिस को निर्देश दिये कि कोई मामला अगर चिन्हित अपराध में आता है, तो उस पर निष्पक्ष रूप से जांच की जाए।

# माध्यमिक विद्यालय समालखा में जीवन कौशल विकास कैंप का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा कुलदीप सिह )**

समालखा राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा में पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास कैंप का आयोजन किया गया इस मे छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया इस कैंप में डाक घर से वीर सिंह ने डाकघर मे किए जाने वाले कार्यों से छात्रों को अवगत कराया आई डी बीआई बैंक से दीपक व नवनीत ने बैंक की कार्य प्रणाली से छात्रों को लाभ वित्त किया दुर्गा देवी ने छात्रों को हिंदी भाषा की मेहता के संबंध में जानकारी देकर हिंदी को गौरव



दिलाने का प्रयास किया इस कौशल विकास कैंप में छात्रों ने खराब चीजो से नई सजावटी वस्तुए बनाई छात्राओं ने . मोबंती बनाना पेंटिंग रंगीन कागज से नई-नई चीज बनाना सिखा प्रीति .अध्यापिका ने छात्रों को शारीरिक मानसिक सुंदरता बढ़ाने के बारे में बताया पांच दिवसीय कैंप में प्रधानाचार्य मधु ने छात्रों को कौशल सीखने पर .बल देकर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी इस मौके पर मीनाक्षी सोनिया संदीप नीलम आदि मौजूद रहे।

### अदालत से गैर हाजिर चल रहे एक आरोपी पीओ को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने चोरी तथा पीओ के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम बुद्धपाल उर्फ डॉक्टर उर्फ बुद्धा(38) है जो उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर का रहने वाला है जो पहले फरीदाबाद में रहता था जिसने फरीदाबाद में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को बल्लभगढ़ बस स्टैंड से पीओ के मुकदमे में गिरफ्तार किया था।

# हरियाणा के शिक्षण संस्थानों में भी सुरक्षित नहीं बेटियां: डॉ. सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने शिक्षण संस्थानों में बेटियों की सुरक्षा को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के राज में हरियाणा के शिक्षण संस्थानों में भी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। हरियाणा में के शिक्षण संस्थानों से लगातार बेटियों के साथ उत्पीड़न के मामले आ रहे हैं। पहले जींद, फिर कैथल, इसके बाद सिरसा और अब रोहतक में छात्राओं ने ही साहस कर अपने साथ हो रहे शोषण को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि बेटियों की कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में भी मुख्यमंत्री खट्टर और सत्ता पक्ष के नेता कहते हैं कि पिछली सरकारों में भी ऐसा हुआ, जबकि जिम्मेदारी के साथ दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोहतक जिले के एक गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल की छात्राओं की गुमनाम चिट्ठी ने खट्टर सरकार के बेटी पढ़ाने और बेटी बचाने के दावों की पोल खोल दी है। छात्राओं ने चिट्ठी के माध्यम से अध्यापकों व मैडम पर गंभीर आरोप लगाए हैं।इसमें साफ बताया जा रहा है कि स्कूल का माहौल खराब किया जा रहा है। एक मैडम कैसे स्कूल में छोटे कपड़े पहनकर आती है और एक मैडम तो छात्राओं के सामने ही दूसरे स्कूल के अध्यापक से स्पीकर खोलकर अश्लील बातें करती है। एतराज करने पर छात्राओं को ही



धमका कर चुप करा दिया जाता है और जब छात्राओं ने शिकायत की तो कोई कारवाई नहीं की गई।

उन्होंने कहा कि ऐसा ही एक और मामला जींद में सामने आया था, जिसमें हार कर छात्राओं ने गुमनाम चिट्ठी के माध्यम से अपने खिलाफ हो रहे शोषण की आवाज उठाई थी।इसके बाद कैथल में भी ऐसा ही मामला सामने आया। जहां 100 से ज्यादा छात्राओं के साथ यौन शोषण हुआ था। जहां पर प्रिंसिपल के राजनीतिक रसूक होने की वजह से उस पर मामला दर्ज भी नहीं किया जा रहा था। जब बच्चियों ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, गवर्नर और महिला आयोग को पत्र लिखा तो महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद एक एफआईआर दर्ज हुई थी। वहीं कुछ दिन पहले चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी सिरसा की 500 छात्रों ने एक गुमनाम पत्र राष्ट्रीय महिला आयोग, हरियाणा के मुख्यमंत्री, गवर्नर और होम मिनिस्टर को लिखा था। पत्र में 500 छात्राओं ने प्रोफेसर पर उनके साथ हो रहे यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए थे। किस तरह से प्रोफेसर उन्हें अपने कमरे में बुलाकर उनको ब्लैकमेल करता है, उन्हें फेल करने की धमकी देता है।

# जापान की तकनीक सीखेंगे विश्वकर्मा कौशल विवि के विद्यार्थी

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को जापान के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। डाइकी एक्सिस इंडिया के इस प्रतिनिधिमंडल में जापान एजुकेशन सेंटर आफ एनवायरमेंटल सैनिटेशन के अधिकारी भी शामिल थे। उन्होंने कुलपति डॉ. राज नेहरू और कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा के साथ बैठक में पर्यावरण एवं जल शोधन से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया। डाइकी एक्सिस इंडिया श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के 25 विद्यार्थियों को जापान की जलशोधन तकनीक जोकसो की ट्रेनिंग देगा। दो सप्ताह से ज्यादा की



इस ट्रेनिंग के बाद विद्यार्थी जलशोधन की इस तकनीक के गुर सीख पाएंगे। दुनिया में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में अपनाई जाने वाली यह सबसे लोकप्रिय तकनीक है।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस सहयोग के लिए जापानी प्रतिनिधिमंडल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यह तकनीक सीखने के बाद जल शोधन के क्षेत्र में अपना करियर बनाने में सक्षम होंगे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने सेंटर फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन आफ जोकसो सिस्टम के डायरेक्टर शिन्ही कुमोकावा के साथ पर्यावरण स्वच्छता के क्षेत्र में मिलकर काम करने पर चर्चा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण स्वच्छता के क्षेत्र में काफी काम करने की आवश्यकता है। जापान एजुकेशन सेंटर ऑफ एनवायरमेंटल सैनिटेशन के साथ मिलकर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पर्यावरण स्वच्छता के क्षेत्र में पाठ्यक्रम विकास से लेकर प्रशिक्षण सहित कई अन्य पहलुओं पर आगे बढ़ेगा। शिन्ही कुमोकावा ने श्री विश्वकर्मा कौशल विद्यालय के साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने की इच्छा जताई। डाईकी एक्सिस इंडिया के एमडी कमल तिवारी ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी जोकासो तकनीक में प्रशिक्षण लेकर अपने कौशल का विकास कर सकते हैं।

# हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने संभाला पदभार

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने भाजपा कार्यालय ह्यह्यपंचकमलह्लह्ल में पहुंचकर गुरुवार को विधिवत रूप से विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता व वरिष्ठ नेताओं और हजारों कार्यकताओं की उपस्थिति में पदभार संभाला। श्री शर्मा ने मिली नई जिम्मेदारी पर कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो अहम कार्यभार उन्हें सौंपा उसे वे पूरी लग्न व निष्ठा से आगे बढ़ाते हुए पार्टी व संगठन को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे। दीपक शर्मा ने कहा कि भाजपा लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है और जनता जनार्दन के आशीर्वाद तथा संगठन की शक्ति के दम पर



भाजपा जीत का परचम लहराएगी। अपने नये दायित्व पर दीपक शर्मा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सहित तमाम शीर्ष नेताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ यह जिम्मेदारी दी है उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। इससे पहले जिले के सैकड़ों कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों और फूल बरसाकर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत किया। पदभार समारोह में कार्यकताओं ने जयश्रीराम, भारत माता की, मोदी-मनोहर जिंदाबाद, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी जिंदाबाद के नारों के बीच नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का अभिनंदन किया। मंत्र उच्चारण के साथ विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता व ज़िला प्रभारी संजय शर्मा की मौजूदगी में अजय शर्मा ने दीपक शर्मा को विधिवत रूप से जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जिला प्रभारी डा. संजय शर्मा ने भी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा को शुभकामनाएं और और हार्दिक बधाई दी। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने वर्ष 2024 को चैलेंज वाला वर्ष बताया। उन्होंने कहा कि 2024 में हम सभी को मिलकर भाजपा का परचम लहराना है। श्री गुप्ता ने कहा कि इस चुनावी वर्ष में भाजपा को भारी बहुमत से जीताना हम सभी की जिम्मेदारी है, लेकिन जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि श्री शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ मोदी और मनोहर सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में और अधिक सक्रियता बढ़ाएं। पदभार संभालने के बाद नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी का आधार स्तंभ है। कार्यकताओं के दम पर भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत के दम पर भाजपा ऐसी पार्टी बन गई है जो बूथ स्तर पर मजबूत है। दीपक शर्मा ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता मेहनती हैं।

# वर्कशॉप से लोहे का सामान चोरी करने वाली गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा अपराध अधिकतर वारदातों में शामिल अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विपिन, मुजम्मिल, सोनू तथा रवि का नाम शामिल है। चारों आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं और फरीदाबाद में बीपीटीपी, प्रहलादपुर इत्यादि एरिया में रहते हैं। चारों आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के चोर हैं जो लोहे का सामान चोरी करते हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने दिसंबर 2023 में इस गिरोह के 7 आरोपियों मुजम्मिल, विपिन, रवि, सोनू, फरमान, सगीर तथा अफजल को चोरी के अन्य मुकदमे में गिरफ्तार किया था और पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी विपिन, मुजम्मिल, रवि तथा सोनू द्वारा सूरजकुंड एरिया में एक वर्कशॉप से लोहे का सामान चोरी करने की वारदात का खुलासा हुआ। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपियों ने मेवला महाराजपुर शिव मंदिर के पीछे स्थित एक वर्कशॉप से ?90000 के लोहे की शेटरिंग तथा कॉपर की तार चोरी की थी। आरोपियों ने बताया कि चोरी का सामान उन्होंने बेच दिया है जिसकी पुलिस जांच कर रही है तथा बेचे हुए सामान से प्राप्त पैसों में से पुलिस ने आरोपियों से 20000 बरामद किए। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के चोर हैं तथा आदतन अपराधी हैं। आरोपी कोई भी निमार्णाधीन मकान को या वर्कशॉप जिसमें लोहे का सामान होता है उसको अपना निशाना बनाते हैं।

# अयोध्या बनेगी 'स्वच्छतम नगरी'

## एक वर्ष के भीतर सभी वार्डों को गंदगी मुक्त बनाने की प्रक्रिया शुरू

**कायाकल्प**

**विस्तृत कार्ययोजना बनाकर अयोध्या के सभी वार्डों के कायाकल्प की शुरू हुई प्रक्रिया**



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

प्रभु श्रीराम की अयोध्या अब नव्य-भव्य रूप में सजने के साथ ही 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व अपने वैभव की नई आभा से पूरी दुनिया को गौरवान्वित करने के लिए तैयार है। सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार अयोध्या को न केवल देश की सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर विकसित किया जा रहा है, बल्कि इसे देश का स्वच्छतम शहर बनाने का संकल्प भी लिया गया है। इसी क्रम में 800 सफाई मित्रों की तैनाती के साथ ही सीएम योगी के निदेर्शानुसार 22 जनवरी 2024 को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व अयोध्या के सभी वार्डों को गंदगी मुक्त बनाने की मुहिम छेड़ दी गई है। उल्लेखनीय है कि अयोध्या को लेकर योगी सरकार का विजन है कि एक वर्ष के अंदर उसे देश की सबसे स्वच्छतम नगरी बनाना है और ऐसा करने के लिए कई पैमानों पर कार्य करना जरूरी है। इस क्रम में अयोध्या नगर निगम शहर के सभी वार्डों को गंदगी मुक्त बनाने के लिए विभिन्न अभियानों व प्रक्रियाओं का सहारा लिया जाएगा। इसके लिए एजेंसी, नॉन प्रॉफिट ग्रुप्स (एनजीओ), स्वयं सेवी संस्थानों (एसएचजी) व प्रोप्राइटरशिप फर्म के माध्यम से वेस्ट मैनेजमेंट, क्षमता निर्माण, हेल्थ हाइजीन, जागरूकता तथा स्वच्छता की प्रक्रियाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। इनके जरिए बल्क वेस्ट जेनरेशन वाले स्थानों को चिह्नित कर वेस्ट मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज को लागू करते हुए कूड़ा के निपटारे का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। इसके साथ ही 22 जनवरी के कार्यक्रम के मद्देनजर शहर को फूलों से सजाने के साथ ही सौंदर्यीकरण के पैमाने में वृद्धि करने वाले 3डी व 4डी इल्यूमिनेटेड लेजर कट मेटल लाइट स्कल्पचर्स के इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

### चिह्नित कर वेस्ट मैनेजमेंट प्रक्रिया होगी लागू

**संपूर्ण** अपशिष्ट उत्पादन समुदायों/हितधारकों को सुरक्षित स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं के प्रति उनकी नैतिक, सामाजिक, संवैधानिक भूमिका और जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील बनाने की प्रक्रियाओं को पूर्ण करने पर भी नगर निगम द्वारा फोकस किया जा रहा है। इसके तहत घर-घर जाकर अलग-अलग रूप (गीला, सूखा, सैनिटरी, हाउसहोल्ड व बायोहैजर्ड) में निस्तारित कचरे का 100 प्रतिशत संग्रह कर उचित केटेगरी अनुसार निस्तारित किया जाएगा।

### सभी वार्डों को कूड़ा-कचरा मुक्त बनाया जाएगा

**डोर** टू डोर वेस्ट कलेक्शन के जरिए चरणबद्ध तरीके से सभी घर वेस्ट जेनरेशन प्वॉइंट्स बिंदुओं उचित समायोजन के मन्वित प्रयासों से सभी वार्डों को कूड़ा-कचरा मुक्त बनाया जाएगा। जनता को स्थानीय निकाय द्वारा शुरू किए गए सभी मिशन अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाने के साथ ही न केवल स्वयं बल्कि दूसरों को भी शिक्षित करने के प्रयास किए जाएंगे तथा अगले एक वर्ष में 5-स्टार सिटी श्रेणी के 2.0 मापदंडों को प्राप्त करने पर फोकस किया जा रहा है।

# हिंद से लेकर अरब सागर तक रहेगी 'दृष्टि'

## स्वदेश निर्मित स्टारलाइनर ड्रोन दृष्टि-10 को अपने सुरक्षा बेड़े में शामिल करने जा रहा

**अहम भूमिका**

**ऐसे में चुनौतियों की पहचान कर उन्हें पहले ही ध्वस्त करने में दृष्टि-10 अहम भूमिका निभाएगा**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

समुद्र से आकाश तक भारत की सुरक्षा को चाकचौबंद करने के लिए भारतीय नौसेना जल्द ही पहले स्वदेश निर्मित स्टारलाइनर ड्रोन दृष्टि-10 को अपने सुरक्षा बेड़े में शामिल करने जा रहा है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बीते दिन दृष्टि 10 'स्टारलाइनर' मानव रहित ड्रोन को हरी झंडी भी दिखाई। इस ड्रोन की हर कोई तारीफ कर रहा है। आखिर यह क्यों इतना खास है, आइए जानते हैं...

**स्वदेशी निर्मित है ड्रोनः** स्वदेशी निर्मित है। इसे अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने इजरायल की मदद से स्वदेश में ही विकसित किया है। इसके 70 फीसद उपकरण स्वदेश में ही बने हैं। अदाणी एयरोस्पेस ने इस ड्रोन को नौसेना से समझौते के तहत 10 महीने में ही सौंप दिया है। इस ड्रोन को 4671 सर्टिफिकेट भी मिला हुआ है। इसके चलते यह नाटो सदस्यों के हवाई क्षेत्र में भी संचालित हो सकता है। नौसना प्रमुख ने ड्रोन को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि हिंद महासागर से लेकर अरब सागर में समुद्री जहाजों पर लगातार ड्रोन हमले बढ़ रहे हैं, ऐसे में चुनौतियों की पहचान कर उन्हें पहले ही ध्वस्त करने में दृष्टि-10 अहम भूमिका निभाएगा। चीन और पाकिस्तान के पास बड़ी संख्या में यूएवी हैं, ऐसे में ये ड्रोन अब उनकी मुसीबत बढ़ाने वाला है।

मौसम चाहे कैसा भी हो, ये ड्रोन 36 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है। 450 किलोग्राम पेलोड वाली क्षमता का यह ड्रोन उन्नत खुफिया, निगरानी और टोही प्लेटफार्म प्रदान करता है।

1000 मील तक लगातार उड़ान में हर तरीके की चुनौतियों की निगरानी कर सकता है।

खतरों की पहचान कर उस पर पहले ही धावा बोलने में भी सक्षम है यह ड्रोन

यह मानव रहित ड्रोन समुद्री सुरक्षा के बदलते दौर में नौसेना की क्षमता बढ़ाएगा

# ऑल इंडिया ताइक्वांडो में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी का पलड़ा भारी



**उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 3 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य जीता, मेजबान यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों का दबदबा**

**टीम एक्शन इंडिया/झुंझुनू**

श्री जेजेटी युनिवर्सिटी झुंझुनू कैंपस में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लगातार दूसरे दिन भी मेजबान यूनिवर्सिटी के खिलाडियों का दबदबा रहा। महिला-पुरूष वर्ग में छह भारवर्ग के मुकाबले सम्पन्न हुए। इसमें श्री जेजेटी युनिवर्सिटी झुंझुनू ने तीन स्वर्ण पदक, एक रजत पदक व एक कांस्य पदक जीता। चुरू रोड स्थित श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी कैम्पस में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा करवाई जा रही ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप के दूसरे दिन भी मेजबान यूनिवर्सिटी का दबदबा देखने को मिला। चैंपियनशिप के आयोजन सचिव व खेल निदेशक डॉ अरूण कुमार ने बताया कि 49 किलोग्राम भारवर्ग में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू की ललिता ने स्वर्ण पदक जीता। इस वर्ग में केबीसीएनएमयू युनिवर्सिटी जलगांव की पाटिल महिमा रामदास और डॉ वाईएसआर एचडी यूनिवर्सिटी की एलटी भुवनेश्वरी ने कांस्य पदक जीता। ललिता ने अपने पहले मुकाबले में यूनिवर्सिटी ऑफ कालीकट की अंजीथा आर को, दूसरे मुकाबले में गुरूनानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर की प्रसिधा नांगमैथम को, तीसरे मुकाबले में केबीसीएनएमयू युनिवर्सिटी जलगांव की पाटिल महिमा रामदास को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था, जहां उन्होंने बीवी युनिवर्सिटी पुणे की स्याली जावांजल को हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने बताया कि 74 किलोग्राम भारवर्ग में श्री जेजेटी युनिवर्सिटी झुंझुनू के यशराज गोहिल ने स्वर्ण पदक जीता।

# नरेश गोयल को कोर्ट ने दी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति

**अनुमति**

**विशेष न्यायाधीश ने गोयल को 13 जनवरी को अपने निवास पर अपनी पत्नी से मिलने की अनुमति दे दी**

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

मुंबई की एक विशेष अदालत ने केनरा बैंक के साथ 538 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपित जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को मानवीय आधार पर 13 जनवरी को बीमार पत्नी से मुलाकात करने की अनुमति दे दी है। उन्हें विभिन्न बीमारियों को लेकर निजी डाक्टरों से भी संपर्क करने की अनुमति दे दी गई है। इस आदेश से कुछ दिन पहले गोयल ने अदालत से कहा था कि वह जिंदगी की आस खो चुके हैं। ऐसे में जीने से अच्छा होगा कि वह जेल में ही मर जाएं। गोयल ने कहा था कि उन्हें अपनी पत्नी अनीता की कमी बहुत खलती है जो कैंसर से पीड़ित हैं।

विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने गोयल को 13 जनवरी को अपने निवास पर अपनी पत्नी से मिलने की अनुमति दे दी।

# छत्तीसगढ़ में भी 22 जनवरी को सभी स्कूल-कॉलेज रहेंगे बंद

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन यानी 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूल, कॉलेजों में छुट्टी रहेगी। छत्तीसगढ़ के धर्मस्व, पर्यटन,संस्कृति एवं शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान यह घोषणा की। इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार इस तरह का फैसला ले चुकी है। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मीडिया से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को श्री राम लला दर्शन योजना के तहत अयोध्या ले जाया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार रेलवे से अनुबंध करके एक ट्रेन बुक करेगी, जो हफ्ते में एक दिन चलेगी।

**ट्रेन में एक बार में 850 से 1000 श्रद्धालु अयोध्या जाएंगेः** उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि इस ट्रेन में एक बार में 850 से 1000 श्रद्धालु अयोध्या जाकर भगवान राम के दर्शन करने जाएंगे। ट्रेन में बुजुर्गों और दिव्यांगों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उनके साथ सहायक को जाने की जाने की परमिशन होगी ट्रेन में डॉक्टर भी तैनात किया जाएगा।

